रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-62 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे जगदीश धनकड़



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीश धनकड़ होंगे। समापन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मौजूद रहने के आसार हैं। बता दें कि दीवाली की वजह से राज्योत्सव 4 नवंबर से शुरू होकर 6 नवंबर तक चलेगा। उद्घाटन समारोह के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और मुंबई के कलाकारों का भी कार्यक्रम होगा। 5 तारीख को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और गीत-संगीत के कार्यक्रम होंगे। समापन मौके पर राज्य अलंकरण सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आ सकते हैं।

### प्रियंका गांधी वायनाड से बुधवार को करेंगी नामांकन



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए बुधवार 23 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार वाड्रा के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी के अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे। वाड्रा वायनाड संसदीय सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ की उम्मीदवार हैं। कांग्रेस नेत्री कलपेट्टा में चुनाव अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करेंगी।

### शेयर बाजार ने गंवाई तेजी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार पिछले दिवस की तेजी गंवाकर गिरावट पर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 73.48 अंक टूटकर 81,151.27 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 72.95 अंक उतरकर 24,781.10 अंक पर आ गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट रही, जिससे मिडकैप 1.63 प्रतिशत का गोता लगाकर 47,164.93 अंक और स्मॉलकैप 1.51 प्रतिशत लुढ़ककर 55,648.96 अंक पर रहा।

# पुलिसकर्मियों के प्रति रखें मानवीय दृष्टिकोण : रमेन डेका

## पुलिस और सुरक्षाबलों के कारण देश में कायम है कानून और शांति व्यवस्था : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना रायपुर के प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित परेड कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों की ओर से पुलिस के शहीद वीर जवानों को नमन करते हुए शहीद स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उनके साथ सदैव खड़े रहने का विश्वास दिलाया। उन्हें शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने अपने श्रद्धांजलि उद्बोधन में कहा कि पुलिस का काम अत्यंत जवाबदेही का होता है। आम जनों से आग्रह है कि पुलिस कर्मियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखें और उनके कार्यों में मदद करें। उन्होंने कहा कि एक तरफ वे कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हैं। दूसरी तरफ उनकी जिम्मेदारी होती है कि समाज में व्यवस्था बनी रहें और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस के जवान भी अपने परिवार को छोड़ कर कार्य कर रहे हैं। उनसे परिवार के एक सदस्य की भांति व्यवहार करें, उन्हें सम्मान दें। आपके दो मीठे बोल, उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। यह सद्व्यवहार उनकी सारी थकान दूर कर देगी और वे अपनी ड्यूटी भी दोगुने जोश से करेंगे। राज्यपाल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में जहां नक्सली समस्या एक गंभीर चुनौती रही है, वहां हमारी पुलिस ने जिस प्रकार से साहस, धैर्य और निष्ठा के साथ इस समस्या का सामना किया, वह सराहनीय है। पुलिस की तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा के कारण नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और शांति के लिए एक सकारात्मक बदलाव देखा जा रहा है। नक्सली गतिविधियों से निपटने के लिए पुलिस और सशस्त्र बलों ने न केवल सख्त रणनीति अपनाई बल्कि स्थानीय समुदायों के साथ बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित किया है। जिससे उन क्षेत्रों में विश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ी है और आने वाले समय में नक्सल समस्या का पूर्ण रूप से उन्मूलन होगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बलों के योगदान का स्मरण करने और उन्हें नमन करने का दिन है। यह पुलिस और सुरक्षा बलों की महान परंपराओं को आगे बढ़ाते रहने का संकल्प लेने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हमारे पुलिस बलों के शौर्य, पराक्रम, बलिदान, देश-प्रेम, सजगता और इतिहास की याद दिलाता है। इनके चौकन्नेपन के कारण ही देश में कानून व्यवस्था कायम रहती है और विकास के नए आयाम स्थापित होते है। साय ने कहा कि पुलिस जवान नक्सल पीड़ित क्षेत्रों के विकास और दुर्गम क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अपना योगदान दें रहें है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों को अधिक से अधिक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में भारत सरकार का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के ऊर्जावान नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई बहुत मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ ने आने वाले दो वर्षों के भीतर प्रदेश से नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारे पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों के शौर्य, पराक्रम और कौशल से हम निर्धारित समय में इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने भी श्रद्धांजलि उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। वीर जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जायेगा।

## ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के मामले में 9 लोगों के खिलाफ एसीबी ईओडब्ल्यु में दर्ज कराया मामला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में एक और मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के तत्कालीन डिप्टी जनरल मैनेजर नवीन प्रताप सिंह तोमर समेत 9 लोगों के खिलाफ एसीबी और ईओडब्ल्यू में मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि तोमर बिल पास करने के बदले 8% कमीशन के रूप में रिश्वत लिया करता था। ईडी द्वारा की गई छापेमारी में नवीन प्रताप सिंह तोमर के कार्यालय से 28.80 लाख रुपये की नगदी जब्त की गई थी। इसके अलावा, ईडी ने तोमर के साथ बीआर लोहिया, अजय लोहिया, अभिषेक कुमार सिंह, तिजउराम निर्मलकर, नीरज कुमार, देवांश देवांगन, जितेंद्र कुमार निर्मलकर और लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा के खिलाफ भी भ्रष्टाचार के मामले में नामजद शिकायत दर्ज करवाई है। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के अनुसार, ईडी की जांच से पता चला है कि नवीन प्रताप सिंह तोमर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कई धाराओं का उल्लंघन कर रहा था। तोमर ने अपने पद का दुरुपयोग कर अवैध रूप से आर्थिक लाभ अर्जित किया।

## मुर्मु छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर 25 अक्टूबर को पहुंचेंगी रायपुर



**रायपुर/नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर 25 अक्टूबर को रायपुर आएंगी तथा एम्स, आईआईटी व एनआईटी के दीक्षांत समारोहों समेत विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। मुर्मु के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार 25 अक्टूबर (पहला दिन) सुबह 11 बजे राष्ट्रपति का रायपुर एयरपोर्ट पर आगमन होगा। सुबह 11:30 बजे रायपुर एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। अपराह्न एक बजे एम्स से रवाना होकर राजभवन पहुंचेंगी। वह अपराह्न तीन बजे एनआईटी रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी।

## भारत चीन के बीच एलएसी मुददे के समाधान का मार्ग प्रशस्त

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त को लेकर एक अहम सहमति कायम होने के साथ ही पूर्वी लद्दाख सीमाक्षेत्र में साढ़े चार साल से चले आ रहे चले आ रहे गंभीरतम सैन्य गतिरोध के समाधान का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रूस के कज़ान में 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले सोमवार विदेश सचिव विक्रम मिस्री द्वारा की गयी इस घोषणा के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय मुलाकात की संभावना जग गयी है। विदेश सचिव के अनुसार अब दोनों पक्ष इस सहमति के अनुरूप एलएसी पर अपनी अपनी सैन्य टुकड़ियों को पीछे हटाने और वर्ष 2020 में गलवान घाटी में सैन्य टकराव के बाद उत्पन्न तनाव के मुद्दों के समाधान के लिए कदम उठाएंगे। विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के बारे में जानकारी देने के लिए बुलाये गये एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिछले कई सप्ताह से भारत एवं चीन के राजनयिक एवं सैन्य वार्ताकार विभिन्न मंचों (समन्व्य और परामर्श पर कार्य प्रणाली (डब्ल्यूएमसीसी) और सैन्य कमांडरों की बैठक) पर एक दूसरे के साथ निकट संपर्क में रह कर बातचीत कर रहे हैं।

## हरियाणा में भाजपा की जीत से भारत में स्थिरता का संदेश मजबूत हुआ है : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थिरता, निरंतरता और समाधान को दुनिया के लिए के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लगातार तीसरी जीत भारत में स्थिरता का संदेश है। मोदी ने कहा कि हाल में हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लगातार दूसरी सफलता से स्थिरता का यह संदेश और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले 10 साल में उपलब्धियों के जो आयाम तय किए हैं, उसको देखते हुए आज दुनिया भविष्य के समाधानों के लिए भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के हर कार्यक्रम के केंद्र में देश की जनता के विकास के साथ-साथ 'निरंतरता' (स्वस्थ और टिकाऊ विकास) का उद्देश्य स्पष्ट रूप से आगे रखा गया है। इस सत्र में देश विदेश के नामी उद्यमियों और निवेश को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, छह दशक में पहली बार देश के लोगों ने लगातार तीसरी बार किसी सरकार को अपना जनादेश दिया है, यह स्टेबिलिटी (स्थिरता) का संदेश है। अभी हरियाणा में हुए चुनाव में भी भारत की जनता ने स्टेबिलिटी के इस भाव को मजबूती दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को देश की जनता का पूरा समर्थन है और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य भारत की 140 करोड़ जनता का लक्ष्य बन गया है। अब जनता इस लक्ष्य को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का यह समय मानव इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण समय है। ऐसे में आज के युग की बड़ी ज़रूरतें हैं, स्टेबिलिटी, सस्टेनेबिलिटी और सॉल्यूशंस (स्थिरता, निरंतरता और समस्याओं के समाधान)। यह मानव के भविष्य के लिए सबसे जरूरी शर्तें हैं और भारत आज यही हासिल करने का प्रयास कर रहा है। इसमें भारत की जनता का एक निश्चित समाधान है। मोदी ने कहा कि आज भारत आकांक्षाओं से परिपूर्ण देश है। उन्होंने इसे एस्पिरेशनल इंडिया (एआई) बताते हुए कहा कि जब एस्पिरेशनल इंडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ताकत मिल जाती है, तब विकास की गति भी तेज होने स्वाभाविक है उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन शानदार रहा है और वैश्विक एजेंसियों ने भारत की वृद्धि दर के अनुमानों में सुधार किए हैं। मोदी ने कहा कि भारत भविष्य की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प भी इसी सोच को दिखाता है।

## भारत-सिंगापुर के रक्षा मंत्रियों के बीच छठी वार्ता आज

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एन जी इंग हेन भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की छठी वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाना है। दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। द्विपक्षीय रक्षा संबंध इस सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। दोनों देशों की सेनाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य-से-सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय यात्राएं, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग, जहाज यात्राएं और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल करने के लिए प्रतिबद्धताओं में विविधता आई है। सिंगापुर भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का एक प्रमुख स्तंभ और हिन्द प्रशांत विज़न का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा साझेदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक है। सिंगापुर के रक्षा मंत्री 2 से123 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। रक्षा मंत्रियों के संवाद का पांचवां संस्करण जनवरी 2021 में वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से हुआ था।

## मोदी यूक्रेन व रूस के बीच संघर्ष को समाप्त करवा सकते हैं : तोब्गे

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोब्गे का कहना है कि विश्व के सवा सौ से अधिक विकासशील देशों के समूह ग्लोबल साउथ को भारत के नेतृत्व पर भरोसा है और वह मानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष को समाप्त करवा सकते हैं। भूटानी प्रधानमंत्री ने सोमवार को यहां एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत की आबादी दुनिया में सबसे बड़ी है, इसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। यह तीस खरब (तीन ट्रिलियन) अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। अगर कोविड नहीं होता तो इसे पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार करना चाहिए था। उन्होंने कहा, भारत में लगभग साढ़े तीन करोड़ प्रवासी लोग हैं। हर पैमाने पर, यह भारत की शताब्दी है, लेकिन आप नेतृत्व के एक पैमाने पर खड़े हैं, और उस नेतृत्व में सबका विश्वास है। न केवल भारतीय भारत के नेतृत्व पर भरोसा कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक दक्षिण भारत के नेतृत्व पर भरोसा कर रहा है। तोब्गे ने कहा, ग्लोबल साउथ को भारत के नेतृत्व पर भरोसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस और यूक्रेन के बीच मुद्दों को सुलझा सकते हैं। उन्होंने कहा, दुनिया को भारत की जरूरत है और मुझे बहुत खुशी है कि आपने इस सदी को भारत की सदी के रूप में पहचाना है।

## खरगे, राहुल, प्रियंका ने जम्मू -कश्मीर में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। खरगे ने सोमवार को कहा, मैं जम्मू- कश्मीर के गांदरबल में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की हम कड़ी निंदा करता हूं जिसमे कई श्रमिक और एक डॉक्टर मारे गए हैं। लक्षित हिंसा का यह अमानवीय और घृणित कृत्य से भारत जम्मू-कश्मीर में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण से पीछे नहीं हटेगा।

## अस्पताल और बिजली के साथ युवाओं को मिलेगी जीम, लाईब्रेरी और स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की सुविधा

# सीएम साय कर रहें विकसीत कुनकुरी सुंदर कुनकुरी का सपना साकार, विकास के लिए खोल दिया खजाना

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी विकास की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए लिए मुख्यमंत्री साय ने सरकारी खजाने का मुंह खोल दिया है। बीते 10 माह में साय सरकार ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव का सपना को मूर्त रूप देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 220 बिस्तर की क्षमता वाली अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल के निर्माण की ना सिर्फ घोषणा की बल्कि इसके लिए बजट का आबंटन करते हुए, निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही इस अस्पताल का निर्माण मूर्त रूप लेने लगेगा। पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों का रहवास कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या से लोग त्रस्त रहते थे। अब यह समस्या भी कुनकुरी सहित पूरे जशपुर जिले के लिए बीते दिनों की बात हो जाएगी। जमीन से जुड़े आदिवासी समुदाय के मुख्मंत्री विष्णुदेव साय ने क्षेत्रवासियों की इस पीड़ा को महसूस करते हुए बीते वर्ष 2023 के दिसंबर माह में मुख्यमंत्री का पदभार सम्हालते ही सबसे पहले बिजली की समस्या को हल करने के लिए 400 मेगावाट की क्षमता वाला विद्युत सब स्टेशन निर्माण के लिए पहल किया। उनके विशेष प्रयास से कुनकुरी में इस सब स्टेशन निर्माण को सरकार ने हरी झंडी देते हुए,बजट जारी कर दिया है। जिला प्रशासन ने इसके लिए जमीन आबंटित कर दिया है। निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया चल रही है। कटनी गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग को फोर लेन हाई स्पीड राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने और भारतमाला सड़क से जुड़ जाने से कुनकुरी सहित जशपुर जिले में विकास की गति बढ़ना तय है। विकसीत और आत्म निर्भर कुनकुरी की दिशा में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तेजी से कदम उठाया है। कुनकुरी नगर की जल समस्या का निबटारा करने के लिए ईब नदी में 48 करोड़ की लागत से अमृत मिशन 2.0 के तहत इंटकवेल और पाईप लाईन के लिए वर्क आर्डर जारी हो चुका है। इस इंटकवेल के बन जाने से कुनकुरीवासियों की आगामी 50 साल तक जल समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

### नए सिरे से नगर को संवारने की तैयारी

विकास के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुनकुरी शहर को संवारने की भी योजना तैयार की है। इसके लिए 1 करोड़ की लागत से रिक्रियेशन पार्क, वार्ड क्रमांक 2 में स्थित विसर्जन तालाब के सौदंर्यीकरण, 22 लाख की लागत से जय स्तंभ का सौदर्यीकरण और 1 करोड़ 70 लाख की लागत से नगर के मुख्य सड़क से लेकर गली मुहल्लों के सड़कों के मजबूतीकरण और नवीनीकरण की तैयारी की जा रही है। नगर के चौक-चौराहों को संवारने के साथ नगर के स्ट्रीट लाईट को भी बदलने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। नगर में 12 मिनी गार्डन के विकास के लिए राशि नगर पंचायत को मिल चुकी है। बेहराटोली में 13 लाख 85 हजार रूपए की लागत से कमयुनिटी हाल का निर्माण किया जा रहा है।

### प्रदेश का बड़ा पर्यटन केन्द्र बनेगा मयाली

कुनकुरी विधानसभा में स्थित प्रसिद्ध मयाली नेचर कैंप को प्रदेश का पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसीत करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 10 करोड़ रूपए का आबंटन दिया है। इस राशि का उपयोग इस पर्यटन केन्द्र में पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाओं के विकास और अत्याधुनिक संसाधन जुटाने के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मानना है कि प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर कुनकुरी सहित जशपुर जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं मौजूद है। मयाली को विकसीत कर,सरकार आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले को पर्यटन हब के रूप में विकसीत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

कुनकुरी सहित जिले के युवाओं में छिपी हुई खेल प्रतिभा को निखारने के लिए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के निर्माण की घोषणा और बजट आबंटन जारी हो चुका है। युवाओं के सेहत की चिंता करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 81.73 लाख की लागत से अत्याधुनिक जीम निर्माण की स्वीकृति दी है। कुनकुरी के सलियाटोली में होने वाले इस निर्माण के लिए नगर पंचायत निविदा जारी कर चुकी है। रायपुर के नालंदा परिसर के तर्ज पर हाईटेक लाईब्रेरी निर्माण के लिए कुनकुरी को 3 करोड़ रूपये का आबंटन मुख्यमंत्री दे चुके हैं। इस लाईब्रेरी में पुस्तक प्रेमियों और छात्र-छात्राओं के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को 24 घंटे पढ़ने की सुविधा मिल सकेगी।

## मोदी की डिग्री पर टिप्पणी मामले में केजरीवाल की याचिका खारिज

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कथित अपमानजनक टिप्पणी मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने इस मामले में आठ अप्रैल को एक अलग पीठ द्वारा आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की खारिज की गयी याचिका का हवाला देते हुए उन्हें कोई राहत देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखते हुए सिंह और उनके द्वारा दिए गए बयान के बीच अंतर करने की गुहार लगाई, लेकिन पीठ ने कहा कि उसे एक समान दृष्टिकोण का पालन करना होगा। सिंघवी ने गुजरात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पीयूष एम पटेल की शिकायत की वैधता पर भी सवाल उठाया और कहा कि अगर बयान अपमानजनक था तो मोदी को इससे आहत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बयान विश्वविद्यालय के लिए अपमानजनक नहीं हो सकता। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उनकी दलीलों का विरोध किया और गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया, जिसमें मोदी की डिग्री पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) याचिका दायर करने के लिए उन (केजरीवाल) पर जुर्माना लगाया गया था, जिसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पहले ही डाल दिया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के अधिवक्ता ने पीठ द्वारा यह कहे जाने के बाद मान लिया कि यदि वह गुण-दोष के आधार पर बहस करते हैं तो याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# सरकार ने शहरी क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों के सृजन के लिए नेशनल जियो-स्पेशियल नॉलेज़ बेस्ड लैंड सर्वे ऑफ अर्बन हेबिटेशन्स प्रायोगिक परियोजना को मंजूरी दी है: चौहान

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शहरी भूमि अभिलेखों के सर्वेक्षण-पुनःसर्वेक्षण में आधुनिक तकनीक का उपयोग पर नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। चौहान ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि लैंड रिकॉर्ड का काम देखने में महत्वपूर्ण काम नहीं लगता है लेकिन यह सबसे महत्वपूर्ण काम है। मैं ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर यह देखता था कि व्यवस्थित लैंड रिकॉर्ड नहीं होने के कारण रिकॉर्ड में हेराफेरी हो जाती है, अर्बन डेवलपमेंट के लिए व्यवस्थित और प्रामाणिक लैंड रिकॉर्ड्स की जरूरत है इसलिए ये काम बहुत महत्वपूर्ण है। चौहान ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी सही लाभार्थियों को मिले, यह सुनिश्चित करने में भी इसकी बड़ी भूमिका है। सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी विकास का लाभ उठाते हुए हमारी सरकार ने 2016 में डिजिटल इंडिया भूअभिलेख आधुनिकीकरण प्रोग्राम लागू किया। सरकार के इस कदम का उद्देश्य संपत्ति संबंधी विवादों में कमी लाना, लैंड मनेजमेंट, प्रशासन में पारदर्शिता लाना है। यह योजना 875 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय से चलाई जा रही है। इससे भूमि संसाधन का उच्चतम उपयोग होगा, कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और विभिन्न एजेंसियों के साथ सूचना का आदान-प्रदान हो सकेगा। विभाग और राज्य सरकार के ठोस प्रयास से 6.26 लाख लैंड रिकॉर्ड का कंप्यूटरीकरण, 223 लाख मानचित्रों का डिजिटलीकरण और 5000 से अधिक सब रजिस्ट्रार कार्यालयों का कंप्यूटरीकरण हो गया है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक, जिसका उद्देश्य एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन के माध्यम से वर्षा सिंचित या अवक्रमित भूमि की उत्पादन क्षमता में सुधार लाना है, को भूमि संसाधन विभाग द्वारा वर्ष 2021-2026 के पांच वर्षों की अवधि के लिए 8136 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लागू किया जा रहा है। इस योजना के वाटरशेड विकास घटक से अब तक लगभग 11.52 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास के साथ - साथ कृषि मंत्री होने के नाते मैं यहां उल्लेख करना चाहूंगा कि वर्ष 2014 से, हम किसान कल्याण के लिए सम्पूर्ण सरकार के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर या एग्रीस्टैक, जिसका उद्देश्य एक समेकित कृषक एवं कृषि भूखंड रजिस्ट्री तैयार करना है, लॉन्च किया है। एग्रीस्टैक प्लैटफर्म पर हितधारकों और प्राधिकारियों के उपयोग हेतु सरकारी योजनाओं सम्बन्धित उच्च गुणवत्तापूर्ण आंकड़े उपलब्ध हैं। भू अभिलेखों एवं भू प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य सरकारों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से, हमारी सरकार ने इस वर्ष के बजट में भूमि संबंधी सुधारों के साथ-साथ राज्य किसान रजिस्ट्री तैयार करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये के राजकोषीय समर्थन की घोषणा की है। मैंने भूमि संसाधन विभाग को निर्देश दिया है कि वह राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करें ताकि उन्हें भूमि प्रशासन, नियोजन और प्रबंधन, शहरी नियोजन, भूमि उपयोग और भवन उपनियमों, भू-आधार, मानचित्र उप-प्रभागों के सर्वेक्षण जैसे क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और उन्हें उनके प्रदर्शन के आधार पर प्रोत्साहन प्राप्त हो सके।

# अगले छह महीने में पुलिस बल के बचे हुए 78 हजार पदों पर होगी बहाली: नीतीश

पायनियर संवाददाता < पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुलिस महानिदेशक को अगले छह महीने में पुलिस बल के शेष बचे हुए 78 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। कुमार ने सोमवार को यहां सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 1239 नवनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि बिहार में पुलिसबल की संख्या दो लाख 29 हजार होनी चाहिए। अभी पुलिसबल की संख्या एक लाख 10 हजार है। इक्कीस हजार पुलिसबल की बहाली प्रक्रिया जारी है। बीस हजार पुलिसबल की बहाली के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को निर्देश देते हुये कहा कि शेष 78 हजार पुलिसबल की बहाली जल्द कराएं। अगले छह महीने में बचे हुए पदों की बहाली प्रक्रिया पूरी करें। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने पुलिसिंग सिस्टम को ठीक किया है। थाना के कार्यों को दो भागों- केसों के अनुसंधान और विधि व्यवस्था को अलग-अलग किया ताकि कार्यों को त्वरित और बेहतर ढंग से निष्पादित किया जा सके। रात के साथ ही दिन में भी पुलिस गश्ती की व्यवस्था की गई है। पुलिस गश्ती होने से अपराध में कमी आई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 के पहले कानून व्यवस्था का कितना बुरा हाल था। लोग शाम में घर के बाहर नहीं निकलते थे। अब देर रात तक लोग घर से बाहर निकलकर अपना काम निर्भीक होकर कर रहे हैं। पहले आपस में लोग झगड़ा करते थे। हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था, अब सब ठीक हो गया है। राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल की गई। कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने में पुलिस की बड़ी भूमिका होती है। बिहार पुलिस सभी कार्यों को बेहतर ढंग से और पूरी मेहनत के साथ कर रही है। कुमार ने कहा कि वर्ष 2020 में सात निश्चय-2 के तहत हमलोगों ने 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार देने की बात कही थी। अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। दस लाख लोगों को और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। दस लाख नौकरी देने की जो बात कही गई थी उसमें से सात लाख 16 हजार लोगों को नौकरी दी जा चुकी है। हमने लक्ष्य निर्धारित किया है कि अब 10 लाख की जगह 12 लाख नौकरी दी जाएगी।

# शराब की अवैध बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: देवड़ा

वार्ता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मध्यप्रदेश में शराब की अवैध बिक्री सख्ती से रोक लगाई जाए साथ संगठित अपराध पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। देवड़ा ने यह बात यहां स्थित पर्यावरण अध्ययन संस्थान (इप्को) में आयोजित नवीन आबकारी नीति/आबकारी व्यवस्था वर्ष 2025-26 के निर्धारण के संबंध में मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के लायसेंसियों की कार्यशाला में कही। उप मुख्यमंत्री ने आसवक एवं देशी/विदेशी मदिरा विनिर्माताओं एवं बार-लायसेंसियों के साथ भी बैठक की। देवड़ा ने वाणिज्यक कर विभाग की उपलब्धियों को लेकर भी चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनका कर्तव्य है कि अधिकारी अपने मुख्यालय पर रहकर अवैध कार्यो के प्रति सजग रहें। उन्होने कहा कि किसी भी परिस्थिति में मदिरा का अवैध परिवहन ना हो तथा संगठित अपराधियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदेश में शराब के अवैध कारोबार पर पैनी नजर रखी जाएगी और जहां भी अवैध कारोबार या कालाबाजारी की सूचना मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को राजस्व देने में वाणिज्यकर विभाग का महत्वपूर्ण योगदान है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आबकारी विभाग का राजस्व लक्ष्य 16 हजार करोड़ रूपये है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के समन्वित प्रयास से यह लक्ष्य भी हम प्राप्त कर लेगें। देवड़ा ने कहा कि वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा निरंतर नए-नए नवाचार किये जा रहे हैं। विभिन्न राज्यों की आबकारी नीति का अध्ययन किया जा रहा है। उनकी अच्छाईयों को प्रदेश की आबकारी नीति में संम्मिलित किया जाएगा। उन्होने कहा कि नीति तभी ठीक होगी जब अनुभवी लोगो से बात की जायेगी।

# पश्चिम बंगाल में वायु सेना बेस पर भारतीय वायु सेना और सिंगापुर वायु सेना के बीच संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण शुरू

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा वायु सेना स्टेशन पर 21 अक्टूबर, 2024 को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और सिंगापुर वायु सेना (आरएसएएफ) ने संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण (जेएमटी) अभ्यास के 12वें संस्करण की शुरुआत की। अभ्यास का द्विपक्षीय चरण 13 से 21 नवंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा जिससे दोनों सेनाओं के बीच अधिक सहयोग बढ़ने की उम्मीद है। इसमें एयर काम्बेट सिमुलेशन, ज्वाइंट मिशन प्लानिंग और डीब्रीफिंग सत्र होंगे। द्विपक्षीय चरण का उद्देश्य अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना, युद्ध की तैयारी को तेज करना और दोनों वायु सेनाओं के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। आरएसएएफ अब तक की अपनी सबसे बड़ी टुकड़ी के साथ भाग ले रही है, जिसमें एफ-16, एफ-15 स्क्वाड्रन के एयरक्रू और सहायक कर्मी शामिल हैं, इसके साथ ही जी-550 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्लूएंडसी) और सी-130 विमान भी शामिल हैं। अभ्यास में भारतीय वायुसेना राफेल, मिराज 2000 आईटीआई, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस, मिग-29 और जगुआर विमानों के साथ हिस्सा लेगी। इस संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण का आयोजन दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित द्विपक्षीय समझौते के तहत किया गया है, जो दोनों वायु सेनाओं के बीच बढ़ते पेशेवर सहयोग को दर्शाता है।

# अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईएएस अधिकारी विक्रम देव दत्त ने कोयला सचिव का पदभार ग्रहण किया

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



विक्रम देव दत्त ने कोयला मंत्रालय के सचिव का पदभार ग्रहण किया। अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 1993 बैच के आईएएस अधिकारी दत्त इससे पहले नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के महानिदेशक के पद पर कार्य कर रहे थे। वे वीएल कांता राव का स्थान लिया है, जो वर्तमान में खान मंत्रालय के सचिव हैं और वे कोयला मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं। राव से पहले, अमृत लाल मीना कोयला मंत्रालय के सचिव थे।

# सोनभद्र में दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले की एक अदालत में साढ़े छह वर्ष पुराने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोष सिद्ध होने पर 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनायी है। अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी महेश गोड़ को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं एक लाख 5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 4/5 जून 2018 की रात उसकी 11 वर्षीय नाबालिग बेटी घर में सो रही थी तभी महेश गोड़ घर मे घुस गया और नाबालिग बेटी के साथ जबरन बलात्कार किया। चिल्लाने की आवाज सुनकर जब पति-पत्नी समेत आसपास के लोग पहुंचे तो वह भाग गया। इस तहरीर पर पुलिस ने 5 जून 2018 को बलात्कार और पाक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। दौरान विवेचना विवेचक ने बयान लेने के बाद पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने के बाद सात गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी महेश गोड़ को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं एक लाख 5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# उपचुनाव के लिए तीसरे दिन एक नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त हुआ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विजयपुर और सीहोर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बुधनी में उप निर्वाचन के लिये नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने के तीसरे दिन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विजयपुर से कोई भी नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बुधनी में सोमवार को एक अभ्यर्थी ने एक नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किया है। उपचुनाव के लिए नाम-निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर है। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को होगी तथा नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है।
मतदान 13 नवम्बर को और मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

# नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा पर


एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



नौसेना प्रमुख (सीएनएस) एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी 21 से 24 अक्टूबर 2024 तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा कर रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में गहन होती व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप भारत और यूएई के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना, द्विपक्षीय समुद्री संबंधों को मजबूत करना और दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशना है। सीएनएस का यूएई नौसेना बलों के कमांडर रियर एडमिरल पायलट सईद बिन हमदान अल नाहयान और यूएई के अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करने का कार्यक्रम है। उनका यूएई के नेशनल डिफेंस कॉलेज का दौरा करने का भी कार्यक्रम है, जहां वे छात्र अधिकारियों से बातचीत करेंगे। यात्रा के दौरान, सीएनएस भारत-यूएई द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास के तीसरे संस्करण के आयोजन का भी गवाह बनेंगे। भारतीय नौसेना और संयुक्त अरब अमीरात नौसेना के बीच सहयोगात्मक कार्यकलापों में बंदरगाहों पर बातचीत, द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास और पारस्परिक दौरे, नौसेना से नौसेना स्टाफ वार्ता और संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) के माध्यम से परिचालन संबंधी बातचीत शामिल है।

# धर्मेंद्र प्रधान ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की: भारत और सिंगापुर 'प्रतिभा, संसाधन और बाजार' के जरिए भागीदारी को मजबूत कर रहे हैं

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने दोनों राष्ट्रों के बीच विद्यालयी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा और अनुसंधान में द्विपक्षीय सहयोग के स्तर को ऊंचा करने और उसको व्यापक रूप देने पर उपयोगी बातचीत की। दोनों मंत्रियों के बीच हुई इस चर्चा में तीन प्रमुख स्तंभों- प्रतिभा, संसाधन और बाजार- के जरिए भागीदारी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रधान ने इस बात पर बल दिया कि भारत सिंगापुर को एक विश्वसनीय ज्ञान आधारित भागीदार के रूप में देखता है, विशेष रूप से उन्नत प्रौकद्योगिकी (डीप टेक), स्टार्टअप और नवाचार इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में। प्रधान ने इस बात पर भी रोशनी डाली कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री वोंग दोनों ने भारत-सिंगापुर सहयोग को एक व्यापक साझेदारी में बदलने के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार किया है, जिसमें महत्वपूर्ण और उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग शामिल है। इससे पहले दिन में, प्रधान ने शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करने के लिए अपने समकक्ष सिंगापुर के शिक्षा मंत्री चान चुन सिंग से मुलाकात की। प्रधान ने भारत की शिक्षा प्रणाली के अंतर्राष्ट्रीयकरण को और आसान बनाने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व पर बल दिया। दोनों मंत्रियों ने विदेशी इंटर्नशिप कार्यक्रमों के लिए रास्ते तलाशे, ताकि भारतीय छात्रों को सिंगापुर की कंपनियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मदद मिले। दोनों देशों के छात्रों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए भारत और सिंगापुर के स्कूलों को जोड़ने की संभावना पर विचार-विमर्श किया। डीप टेक, मेडिसिन, एडवांस मैटेरियल आदि जैसे पारस्परिक हितों के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान सहयोग पर भी चर्चा की गई। उन्होंने दोनों देशों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों को जोड़कर अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श किया। प्रधान ने पाठ्यक्रम विकास, शिक्षणशास्त्र और शिक्षक क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सिंगापुर के राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान और एनसीईआरटी के बीच सहयोग के अवसरों पर प्रकाश डाला। चान को भारत आने का निमंत्रण देते हुए, प्रधान ने दोनों राष्ट्रों के बीच साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने तथा शैक्षणिक संबंधों को बेहतर बनाने के प्रति अपनी कटिबद्धता व्यक्त की।

# अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान होगा त्रेता युग का अहसास

एजेंसी < अयोध्या
www.dailypioneer.com

राम की नगरी अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान राम की पैड़ी पर जगमगाते लाखों दीपक और सांस्कृतिक विभाग के मंच श्रद्धालुओं को त्रेता युग का अहसास करायेंगे। इस वर्ष दीपोत्सव का आठवां संस्करण पहले से भी अधिक भव्य और अद्वितीय होने जा रहा है। राम की पैड़ी, जहां लाखों दीप जलाए जाएंगे, को विस्तार देने का काम चल रहा है और नगर को पूरी तरह से सजाया और संवारा जा रहा है। संस्कृति विभाग द्वारा दीपोत्सव के लिए 10 बड़े सांस्कृतिक मंचों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें तीन बड़े और सात छोटे मंच शामिल हैं। इन मंचों पर आधुनिक तकनीक के सहारे त्रेता युग की झलकियों को प्रदर्शित किया जाएगा। रामकथा पार्क में एक विशाल प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जो रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आधुनिक तकनीकी माध्यमों से जीवंत करेगी। इस प्रदर्शनी में श्रद्धालु त्रेता युग का अनुभव कर सकेंगे और रामायण के महत्वपूर्ण पलों को करीब से देख पाएंगे। दीपोत्सव के भव्य आयोजन के लिए अयोध्या नगर निगम और संस्कृति विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। नगर निगम शहर की साफ-सफाई और पेंटिंग का कार्य कर रहा है, जबकि संस्कृति विभाग मठों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों को सजाने-संवारने में जुटा हुआ है। मठ-मंदिरों की सजावट के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक और भव्य वातावरण का अनुभव हो। इस वर्ष, दीपोत्सव से पहले अयोध्या को राजधानी लखनऊ से जोड़ने वाले गोरखपुर-लखनऊ रोड को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। इस मार्ग पर रामायण से जुड़े प्रसंगों की जीवंत झलकियां प्रस्तुत की जाएंगी। मार्ग के दोनों ओर रामायण के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को चित्रित करने की योजना बनाई गई है, जिससे दीपोत्सव की पवित्रता और महत्ता को बढ़ाया जा सके। दीपोत्सव 2024 के कार्यक्रम 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अयोध्या के प्रमुख स्थलों पर दीपों की जगमगाहट के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम होगी।

# भदोही में इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के नेशनल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल की स्कूल जाते समय बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के अमिलोरी गांव निवासी योगेंद्र बहादुर सिंह (58) भदोही नेशनल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल हैं। वह घर से विद्यालय के लिए कार से निकले थे। कार उनका ड्राइवर चला रहा था। घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बसावनपुर नलकूप के पास जैसे ही पहुंचे थे कि पहले से घात लगाए बैठे दो बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली मारकर उनकी कार को पंचर कर दिया और प्रिंसिपल के सीने में मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी फॉरेंसिक व डाग स्क्वायड टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मामले की जांच पड़ताल चल रही है। बताया जाता है कि प्रिंसिपल की कार बसावनपुर नलकूप के पास पहुंचते ही बदमाशों ने गाड़ी को रोकने का संकेत दिया। गाड़ी जैसे ही धीमी हुई कि बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली मारकर गाड़ी को पंचर करने के बाद दूसरी गोली प्रिंसिपल के सीने में मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि गाड़ी चला रहे चालक को खरोंच तक नहीं आई। सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। आनन-फानन में प्रिंसिपल को भदोही के महाराजा बलवंत सिंह राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# इंडियन रेलवे दिल्ली ने सीआरपीएफ दिल्ली को 4-2 से हराया

एजेंसी < जालंधर
www.dailypioneer.com

पूर्व चैंपियन भारतीय रेलवे ने 41वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट के लीग राउंड में सीआरपीएफ को 4-2 के अंतर से हराकर तीन अंक हासिल कर विजयी शुरुआत की। ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट के तीसरे दिन सोमवार को लीग राउंड के दो मैच खेले गए। दूसरे मैच में इंडियन ऑयल मुंबई ने बीएसएफ जालंधर को 5-4 के अंतर से हराया। पूल सी में इंडियन रेलवे दिल्ली और सीआरपीएफ दिल्ली के बीच कड़ा मुकाबला हुआ।
खेल के पहले दो क्वार्टर में सीआरपीएफ दिल्ली पूरी तरह से भारतीय रेलवे पर हावी रही।
खेल के सातवें मिनट में सीआरपीएअफ के सरोज एक्का ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर स्कोर 1-0 कर दिया। खेल के 22वें मिनट में सीआरपीएफ के सुधारी होरो ने मैदानी गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। 27वें मिनट में भारतीय रेलवे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जसजीत सिंह कुलार ने पेनाल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर स्कोर 1-2 कर दिया। खेल के 36वें मिनट में इंडियन रेलवे के प्रताप लाकड़ा ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। खेल के चौथे क्वार्टर में भारतीय रेलवे ने आक्रमण जारी रखा। खेल के 55वें मिनट में जोगिंदर सिंह और 56वें मिनट में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुरसाहिब सिंह ने फील्ड गोल कर भारतीय रेलवे को 4-2 से बढ़त दिला दी। इस जीत से भारतीय रेलवे के खाते में तीन अंक आ गये हैं। पूल ए में इंडियन ऑयल मुंबई ने बीएसएफ जालंधर पर लगातार दबाव बनाये रखा। खेल के 5वें मिनट में इंडियन ऑयल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुरजिंदर सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया। खेल के 10वें मिनट में इंडियन ऑयल के उज्जवल सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। खेल के 20वें मिनट में इंडियन ऑयल के कप्तान तलविंदर सिंह ने फील्ड गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया. खेल के 35वें मिनट में बीएसएफके अमरबीर सिंह ने गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया। 41वें मिनट में इंडियन ऑयल के गुरजिंदर सिंह ने गोल कर स्कोर 4-1 कर दिया। 54वें मिनट में इंडियन ऑयल के रोशन मिंज ने गोल कर स्कोर 5-1 कर दिया और अगले मिनट में बीएसएफ के सुखविंदर सिंह, 58वें मिनट में दलजीत सिंह और 59वें मिनट में सुखविंदर सिंह ने गोल कर स्कोर 4-1 कर दिया. 5. इस जीत के साथ इंडियन ऑयल के खाते में तीन अंक हो गये हैं। मैचों के मुख्य अतिथि इंडियन ऑयल के शाम लाल गुप्ता, रघुविंदर सिंह, नवीन मुखीजा और ओलंपियन गुरजीत कौर ने टीमों का परिचय दिया।

# स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: शुक्ल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सहज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सशक्त -आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को मूर्त रूप देने, स्वस्थ मध्यप्रदेश के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और अधोसंरचनाओं को निरंतर सुदृढ़ करने के प्रयास किये जा रहे हैं। शुक्ल ने मंत्रालय में मुख्य सचिव अनुराग जैन से विभिन्न अंतर्विभागीय समन्वय विषयों पर गहन चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के प्रमुख विषयों पर तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।

# पटाखों की दुकानें बिजली ट्रांसफार्मर से दूर उपयुक्त स्थानों पर लगाएं: तोमर

वार्ता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दीपावली पर विद्युत सुरक्षा एवं सावधानियां रखकर सुरक्षित दीपावली मनाएं। कंपनी ने सभी पटाखा व्यवसायियों से अपील की है कि वे बिजली लाइन के नीचे, ट्रांसफार्मर के नीचे या उससे सटाकर दुकान न लगाएं। आधिकारिक जानकारी में तोमर ने कहा कि ट्रांसफर्मर के नीचे दूकान लगने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और छोटी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है। उन्होंने नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि पटाखे व आतिशबाजी का प्रदर्शन बिजली लाइनों के नीचे व आसपास न करें। तोमर ने दीपावली पर्व पर प्रकाशीय साज-सज्जा के लिये उपभोक्ता अपने परिसर में विद्यमान बिजली कनेक्शन से स्वीकृत भार के अनुसार ही बिजली का उपयोग करें। बिना स्वीकृति के अतिरिक्त भार की वृद्धि एवं सीधे तार डालकर विद्युत अनधिकृत उपयोग नहीं करें। बिजली चोरी अथवा बिना स्वीकृति के संयोजित भार में वृद्धि अवैधानिक है और इसके लिए बिजली अधिनियम 2003 में जुर्माने का प्रावधान है। बिजली कंपनी ने मिठाई, मूर्तियां, साज-सज्जा, बर्तन व्यापारी, पटाखों की दुकाने एवं दीपावली पर्व से जुड़ी अन्य सामग्री के विक्रय के लिये लगाए जाने वाली अस्थाई दुकानों के प्रकाश व्यवस्था के संबंध में व्यापारी बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें।

# पुलिस लाइन कोंडागांव में पुलिस स्मृति दिवस परेड का किया गया आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

55 वर्ष पहले 21 अक्टूबर 1959 को तिब्बत में चीन के साथ भारत की 2500 मील लंबी सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारत के पुलिसकर्मियों की तीन बटालियन पर थी। पहले दो बटालियन अपनी गस्त पूरी करके वापस आ गए लेकिन तीसरी बटालियन गस्त से वापस नहीं लौटी। उत्तर-पूर्वी लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स इलाके में तैनात इन पुलिस कर्मियों की टुकड़ी पर चीनी सेना ने घात लगाकर हमला कर दिया। इसमें हमारे 10 जवान शहीद हो गए वहीं 7 जवान घायल हो गए। इस घटना के 23 दिनों बाद 13 नवंबर 1959 को चीनी सेना ने उन जवानों के शव भारत को वापस किये। मरणोपरांत वीरता के लिए अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। पुलिस कर्मियों के बलिदान और देश के लिए किये गए योगदान को देखते हुए जनवरी 1960 में पुलिस महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में 21 अक्टूबर को हर साल पुलिस दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया। इस दिन को पुलिस बल के साथ राज्य पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बल एवं अर्धसैनिक बल इस दिन को एक साथ मिलकर मनाते हैं। इसी तारतम्य में कोंडागांव पुलिस द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष रक्षित केन्द्र कोंडागांव में शहीद स्मारक के समीप शहीद परेड का आयोजन कर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और उनकी बहादुरी को याद किया गया और 1 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक कर्तव्य पर शहीद हुए पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के नामावली का वाचन किया गया बाद शहीद स्मारक को सलामी दी गई एवं परेड कमांडर द्वारा शोक शस्त्र कराकर शहीद जवानों को श्रद्धांजली दी गई। शहीद स्मृति कार्यक्रम 2024 में शहीद जवानों के परिजनों को कलेक्टर कुणाल दुतावत, पुलिस अधीक्षक अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार द्वारा श्रीफल देकर सम्मानित किया तथा शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों की समस्याओं से रूबरू हुए तथा उनकी समस्याओं को हर संभव दूर करने का आश्वासन दिये। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कोंडागांव कुणाल दुतावत, पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार, सीआरपीएफ 188 कोडागांव 2आईसी अभिज्ञान कुमार आईटीबीपी 41 कोंडागांव कमाण्डेट बीसी सरकार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स कोंडागांव, सभी राजपत्रित अधिकारी जिला पुलिस कोंडागांव, भूतपूर्व सैनिक के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा शहीद जवानों के परिजन एवं कोण्डागांव पुलिस के कर्मचारी सम्मलित हुए।

# पति की दीर्घायु के लिए किरन्दुल में सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल में सुहागिनों ने पति की दीघार्यु के लिए रखा करवा चौथ व्रत ।सुहागिनों के खास पर्व करवा चौथ पर कुँवारी लड़किया भी मनचाहे पति के लिए करवा चौथ का व्रत रखती है । करवा चौथ पर सौभाग्य की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखने का विधान है।दो दिन पूर्व से ही करवा चौथ पर्व की तैयारी शुरू कर दी जाती है । करवा चौथ के दिन महिलाएं सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला उपवास रखती है ।कार्तिक मास की चतुर्थी में मनाया जाने वाला करवा चौथ का व्रत भारत के कई प्रान्तों में मनाया जाता है।परंतु मुख्य रूप से उत्तर भारत में करवा चौथ के पवित्र पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है । हिन्दू मान्यता के अनुसार सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखते हुए इस पर्व को मनाया जाता हैं।किरंदुल नगर में कई सुहागिनों ने देवस्थान राघव मंदिर जाकर पति की लंबी उम्र की कामना की। तो कई स्थानों पर सुहागिन महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ पर्व की पूजा अर्चना करते हुए चंद्र देवता के आगमन पर चंद्रमा के दर्शन करने के साथ साथ अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना की।किरंदुल नगर में लंबे इंतजार के बाद रविवार रात करीबन 9 बजे चंद्र देवता ने महिलाओं को दर्शन दिए । तत्पश्चात व्रतधारी महिलाओं ने चंद्र देवता को अर्ध्य देकर अपने पतियों की लंबी उम्र की मनोकामना पूरी की ।तत्पश्चात उपवासी महिलाओं ने अपने पतियों के हाथों से जल ग्रहणकर दिन भर के निर्जला उपवास को तोड़ा।

# पत्रकार के नाम संदिग्ध पर्चे को लेकर प्रेस क्लब ने बीजापुर एसपी को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



सोमवार को स्थानीय पत्रकार भवन में प्रेस क्लब के अध्यक्ष को हेमलासन्नू पत्रकार के द्वारा अज्ञात लोगों के द्वारा गंगालूर मार्ग पर मेरे नाम का पर्चा डाले जाने की एक पत्र प्रेस क्लब को दिया गया जिसके बाद प्रेस क्लब में हुए बैठक में गंगालूर के पत्रकार सन्नू हेमला के नाम संदिग्ध पर्चा चस्पा किए जाने के घटना की निंदा करते हुए इसे अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता को बाधित करने वाला कृत्य कहा गया। घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक बीजापुर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष के संतोष कुमार, प्रेस क्लब सचिव पुष्पा रोकड़े, प्रेस क्लब संरक्षक याकूब खान, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष सुनील मर्सकोले, प्रेस क्लब संरक्षक सत्येंद्र पंत,प्रेस क्लब पूर्व अध्यक्ष कमलेश पैंकरा, गणेश मिश्रा, बसंत मामडीकर , समैया पागे, प्रेस क्लब संरक्षक अशोक मिश्रा, प्रेस क्लब संरक्षक घनश्याम यादव, रंजन दास, यूकेश चंद्राकर, सुरेश परतागिरी, भरत दुर्गम, नितिन रोकड़े, सतीश अल्लूर, सिरोज विश्वकर्मा, सन्नू हेमला, अभिलाष बघेल सहित अन्य पत्रकार शामिल थे।

## शल्य चिकित्सा से पशु चिकित्सकों ने बचाई गाय और बछड़ी की जान

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बीजापुर में 14 अक्टूबर को पशुपालक राजेश कुमार भारद्वाज की गाय गंभीर स्थिति में थी। पशु चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की गाय का बच्चा गर्भाशय मरोड़ के कारण गर्भाशय में फंस गया था, जिससे गाय और बछड़ी दोनों की जान खतरे में थी। पशुपालक ने तुरंत इसकी सूचना पशु चिकित्सा विभाग को दी, जिस पर कोंडागांव के अनुभवी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस मरकाम और उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर उपचार शुरू किया। डॉक्टरों की टीम ने कई बार प्रयास किया ताकि गर्भाशय मरोड़ को ठीक कर बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। प्रारंभिक प्रयासों में सफलता नहीं मिलने के बाद विशेषज्ञों ने शल्य चिकित्सा का निर्णय लिया।

# जल जीवन मिशन के तहत महिलाओं को जल परीक्षण की दी जा रही ट्रेनिंग




पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जल जीवन मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में पेजजल की समस्या का समाधान करने के साथ-साथ महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य हर घर हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, लेकिन इसके साथ ही जल संरक्षण और जल परीक्षण में महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत उन्हें जल परीक्षण, जल संरक्षण के उपाय और जल प्रबंधन की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस प्रकार जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका रही हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के माकड़ी विकासखण्ड के उप स्वास्थ्य केन्द्र माकड़ी, कोंडागांव विकासखण्ड अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र कोंडागांव में तथा केशकाल विकासखण्ड के उप स्वास्थ्य केन्द्र केशकाल में मितानीन मॉस्टर ट्रेनर को जल जीवन मिशन योजना के तहत जल परीक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

उक्त प्रशिक्षण में पानी से होने वाले जल जलीय बीमारियों के बारे में बताया गया एवं पानी में पाये जाने वाले खनिज तत्व की मात्रा कितना होना चाहिए व जल में मात्रा अधिक होने से उनके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल का परीक्षण कर दिखाया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक राजेन्द्र मरई व पियम दुर्गा, यूनिसेफ किशन साहू, डब्लू.क्यू.एम.एस. समन्वयक मिथलेश कुमार साहू एवं प्रयोगशाला सहायक श्यामलाल कोर्राम एवं पतिराम मरकाम उपस्थिति रहें।

# जनदर्शन में आमजनों से 18 आवेदन प्राप्त

- कलेक्टर ने आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के समाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी और प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक जांच कर कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में धनोरा तहसील के ग्राम बड़ेओड़ागांव से पहुंचे ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव पर अनियमितता की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को आवश्यक जांच हेतु अग्रेषित किया। इसी प्रकार तहसील मर्दापाल के के ग्राम गोलावण्ड निवासी सोनसिंग कोर्राम ने अपनी समस्या बताते हुए गांव के पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र के लिए वंशावली नहीं बनाने की शिकायत की, जिस पर एसडीएम कोण्डागांव को आवश्यक जांच हेतु निर्देशित किया गया। जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत ग्राम ठेमगांव के ग्रामीणों ने पूर्व माध्यमिक शाला के लिए विज्ञान विषय के शिक्षक की मांग की, जिस पर कार्यवाही हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम होनावण्डी के ग्रामीणों ने शेड निर्माण, ग्राम गोड़मा निवासी पवन कुमार मरकाम ने वन अधिकार पत्र की मांग, ग्राम चिलपुटी के ग्रामीणों न प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित मजदूरी भुगतान की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए पंजीयन अब 25 तक

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा बस्तर संभाग में खेल के क्षेत्र में अपार नैसर्गिक क्षमताओं के विकास के साथ-साथ परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने और यहां के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन की तिथि को 25 अक्टूबर तक बढ़ाया गया है। बस्तर ओलम्पिक में भाग लेने के लिए जिले के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले में अब तक 27075 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन करा लिया है। उल्लेखनीय है कि, बस्तर ओलंपिक के जूनियर वर्ग में 14 से 17 वर्ष और सीनियर वर्ग में 17 से अधिक आयुवर्ग के महिला एवं पुरुष भाग ले सकेंगे। इसके अलावा विशेष रूप से माओवादी प्रभावित दिव्यांगों तथा आत्मसमर्पित माओवादियों का खेल प्रतियोगिताएं सीधे संभाग स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एथलेटिक, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल और रस्साकसी आदि खेलों के विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। बस्तर ओलंपिक में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ी 25 अक्टूबर तक प्रत्येक विकासखण्ड के जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पालिका, नगर पंचायत, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में पंजीयन करा सकते हैं। साथ ही कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, क्रीड़ा परिसर, कोण्डागांव में भी ऑफलाईन एवं ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और बैंक खाता विवरण जैसे दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसके लिए नाम, पता, पिता का नाम, बैंक का नाम और बैंक खाता क्रमांक देना अनिवार्य होगा।

# विजया रहाटकर के राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष की नियुक्ति से देश की आधी आबादी को मिलेगा न्याय : दीपिका

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष के पद पर विजया रहाटकर की नियुक्ति को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विजया रहाटकर के राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष की नियुक्ति से देश की आधी आबादी को मिलेगा न्याय उन्होंने कहा कि राजस्थान भाजपा की सह प्रभारी विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, रहाटकर ने न केवल राजस्थान बीजेपी के सह प्रभारी बल्कि महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में भी एक अलग पहचान बनाई है। यही कारण रहा कि उन्हें राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। भाजपा की जानी-मानी प्रमुख राजनेताओं में से विजया रहाटकर महाराष्ट्र के औरंगाबाद से ताल्लुक रखती हैं। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के उन्होंने भाजपा में कई प्रमुख पदों पर काम किया।भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर रहते हुए रहाटकर ने भारत के सभी राज्यों का दौरा किया। न केवल दौरा बल्कि पूरे भारत में भाजपा के विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों का भी संचालन किया। उन्होंने एसिड अटैक सर्वाइवर के पुनर्वास और मदद के लिए कई काम किए। एसिड अटैक पीड़ितों को चिकित्सा उपचार और कॉस्मेटिक सर्जरी, रोजगार उपलब्ध कराना और काउंसलिंग आदि जैसे कई सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया। इसके अलावा उन्होंने एसिड अटैक पीड़ितों को मशहूर हस्तियों के साथ कॉन्फिडेंस वॉक का भी आयोजन किया इनकी नियुक्ति से पूरे देश के साथ साथ छत्तीसगढ़ को भी लाभ मिलेगा।

## गायिका मोनाली ठाकुर और गायक शबाब साबरी ने दी शानदार प्रस्तुति

# बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का भव्य समापन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





बस्तर दशहरा पर्व के तहत आयोजित बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का समापन शनिवार को समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर और गायक शबाब साबरी ने अपने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। उनके गीतों ने समापन समारोह में एक नई ऊर्जा का संचार किया और रिमझिम बारिश के बावजूद हजारों दर्शकों ने तालियों से उनका स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। दशहरा पर्व पाट जात्रा से शुरू कई विधि-विधान के साथ माई दंतेश्वरी की डोली की विदाई के साथ आज समापन हुआ। बस्तर दशहरा के तहत 12-19 अक्टूबर तक आयोजित लालबाग मैदान में बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का भी समापन आज किया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत सरस मेला में पहुंचे विभिन्न जिलों और राज्यों के उत्पाद के प्रदर्शनी सह उत्पाद विक्रय केंद्र की बहुत अच्छी पहल रही। संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायकों की प्रस्तुति, दायरा बैंड, स्थानीय लोक नर्तक दलों, स्कूली बच्चों की प्रस्तुति का सभी ने बहुत आनंद लिया। बस्तर दशहरा में देश- विदेश के साथ ही प्रदेश के कई जिलों से पर्यटक पहुंचे। उन्होंने बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष के रूप में बस्तर दशहरा के सफल आयोजन के लिए सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नक्सली घटना में शहीद हुए जवानों को नमन करते हुए कहा कि बस्तर में अशांति फैलाने वालों को साम, दाम, दंड-भेद के साथ जवाब देकर बस्तर में शांति स्थापित करने का प्रयास करेंगे। विधायक किरण देव ने कहा कि 75 दिनों तक चलने वाला ऐतिहासिक प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में नित नए कार्यक्रम सम्मिलित किया जा रहा है। बस्तर दशहरा के विभिन्न रस्मों को अदा की जाती है। बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी ने बस्तर को प्राकृतिक, खनिज सम्पदा सहित अन्य दर्शनीय स्थलों से नवाजा है। दशहरा को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर और भव्य रूप प्रदान किया गया है। इस समापन अवसर पर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्कृति विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग को बधाई दी और विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 14-मई-24 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **मनमीत सिंह अयाल सिंघनी (ऋणी), रोशनी अयालसिंघनी (सहऋणी), शान्ता अयालसिंहनी (सहऋणी), ऋण खाता संख्या L9001060127553426** से नोटिस में वर्णित राशि **11,09,549/- (ग्यारह लाख नौ हजार पांच सौ उनचास रुपये मात्र)** कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 16 माह अक्टूबर वर्ष 2024** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये **11,09,549/- (ग्यारह लाख नौ हजार पांच सौ उनचास रुपये मात्र)** 13-मई-24 तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग **स्थित पीएच नं. 38, खसरा नं. 830/7, प्लॉट नं. 65, ग्राम नावापाडा आर आई सी गोबरा, खोला, तहसील आभानपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 33.60 वर्ग मीटर, जो कि श्रीमती शान्ता एवं मनमीत सिंह के स्वामित्व में है। जिसकी सीमाएं: पूर्व: डॉ. नीलमणी का मकान, पश्चिम: महेश का मकान, उत्तर: रोड, दक्षिण: डाबरी तालाब**

दिनांक : 16 अक्टूबर 2024
स्थान : रायपुर, छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा

## रक्षित केन्द्र रुद्री में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस पर अमर शहीद जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के पास हॉट स्प्रिंग्स इलाके में चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में शहीद हुए 10 वीर शहीद पुलिस जवानों को सम्मान देने के लिए हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रुप में मनाया जाता है। इसी क्रम में पुलिस लाईन धमतरी में पुलिस स्मृति दिवस आयोजित कर विभिन्न मोर्चों व मुठभेड़ में कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले देश भर के शहीद हुए वीर जवानों एवं जिले में हुए वीर शहीद पुलिस जवानों के नामावली सूची का पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा वाचन कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। तदुपरांत रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा के नेतृत्व में शहीद परेड के जवानों द्वारा सलामी शोक शस्त्र के साथ जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। देश भर में हुए माह सितम्बर 2023 से माह अक्टूबर 2024 तक देश भर में कुल 216 शहीद हुए वीर जवान सहित जिले के शहीद जवानों के शहादत को याद किया गया। इसके बाद कलेक्टर नम्रता गांधी एवं जनप्रतिनिधिगण, शहीदों के परिजन, समाज सेवी, वरिष्ठ नागरिकों एवं रिटायर्ड पुलिस एवं आर्मी के पदाधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी व जवानों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके बलिदानों का पुण्य स्मरण कर सभी पुलिस अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसके बाद कलेक्टर धमतरी एवं पुलिस अधीक्षक धमतरी द्वारा शहीद जवानों के परिजनों से भेंट कर उनका हालचाल जाना।

स्मृति दिवस में कलेक्टर धमतरी नम्रता गांधी, जनप्रतिनिधिगण जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी, महापौर विजय देवांगन, अपर कलेक्टर जी आर मरकाम, डीएसपी नेहा पवार, डीएसपी भावेश साव, डीएसपी ट्रैफिक मणिशंकर चंद्रा, होमगार्ड कमांडेंट शोभा ठाकुर, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, थाना प्रभारी धमतरी, रूद्री, अर्जुनी, रिटायर्ड फौजी, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी एवं शहीद के परिजन, समाज सेवी एवं वरिष्ठ नागरिक, मीडिया एवं एनसीसी सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे जिन्होंने अमर शहीदों के शहादत को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वाल्मीकि समाज मेहनतकश सेवा भावी समाज : विधायक इन्द्र साव

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती नगर में बड़े उत्साह और उमंग के साथ शक्ति वार्ड स्थित वाल्मीकि नगर में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इन्द्र साव ने कहा कि वाल्मीकि समाज अपने कार्य के प्रति दक्ष होकर ईमानदारी के साथ कार्य करने वाला समाज है। विधायक साव ने समाज की मांग पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की। वाल्मीकि नगर में वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित महर्षि वाल्मीकि पर उपस्थित सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि रामायण के पहले रचयिता थे जब तक जीवन चलता रहेगा महर्षि वाल्मीकि का नाम पूरे आदर, सम्मान और श्रद्धा के साथ लिया जाएगा। साव ने कहा कि एक आवंछित व्यक्ति के कहने पर जब माता सीता को वन में छोड़ा गया तो माता सीता को महर्षि वाल्मीकि ने अपने आश्रम में पनाह दी जहा उन्होंने लव कुश को वहीं जन्म दिया। वाल्मीकि समाज एक मेहनत कश समाज है, अपने कार्यो और दायित्वों के प्रति ईमानदारी पूर्वक यह समाज लगातार देश ,प्रदेश और नगर की सेवा करते आ रहा है। इस दौरान विधायक साव ने समाज की मांग पर एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की जिसका समाज के लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। इसके पूर्व विधायक का वाल्मीकि नगर पहुंचने पर समाज के लोगों ने बड़ी आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के शंकर लाल झंझोटे, परदेशी चौहान, प्रत्येश राठौर, गोविंदा चौहान, लक्ष्मीनारायण राठौर, शिव चौहान, जितेंद्र डागोर, डोमन राठौर, राकेश राठौर, महेश राठौर, महेश राठौर, गोलू तम्बोली, बंशी चौहान, कमलेश राठौर, रंजीत राठौर, रूपेश चौहान, राजा चौहान, विशाल डागोर, कुंदन राठौर, तोरन राठौर, रोहित चौहान, विनय डागोर, सुनील चौहान, धनश्याम चौहान सहित समाज के बड़े बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे।

# भारतीय रेलवे ने 120 दिनों की वर्तमान अग्रिम आरक्षण अवधि को 60 दिनों तक घटाया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भारतीय रेलवे ने वर्तमान 120 दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) को घटाकर 60 दिन कर दिया है, जो 01.11.2024 से प्रभावी होगा, यात्रा की तिथि को छोड़कर। इस परिवर्तन की घोषणा रेल मंत्रालय ने भारतीय यात्रियों के लिए की, ताकि वास्तविक यात्रियों को प्रोत्साहित किया जा सके। यह निर्णय रेलवे बोर्ड को भारत में रेल यात्रा की वास्तविक मांग की बेहतर जानकारी प्रदान करने में मदद करेगा। देखा जा रहा था कि 61 से 120 दिन की अवधि में की गई लगभग 21 प्रतिशत आरक्षण रद्द हो रहे थे। इसके अलावा, 5 प्रतिशत यात्री अपने टिकट रद्द नहीं कर रहे थे और न ही यात्रा कर रहे थे। यह नो-शो प्रवृत्ति भी इस निर्णय के पीछे एक प्रमुख कारण थी, जो भारतीय रेलवे को पीक सीजन के दौरान विशेष ट्रेनों की बेहतर योजना बनाने में मदद करेगी। इस निर्णय का उद्देश्य वास्तविक यात्रियों के लिए टिकट की उपलब्धता में सुधार करना और रददीकरण और नो-शो की घटनाओं को कम करना है, जो आरक्षित बर्थ की बर्बादी का कारण बनती हैं। उभरते हुए आरक्षण रुझानों और यात्रा की अनिश्चितता के आधार पर, भारतीय रेलवे समय-समय पर अपनी अग्रिम आरक्षण अवधि नीति में बदलाव करता रहता है। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा। 31 अक्टूबर 2024 से पहले 120-दिन अग्रिम आरक्षण अवधि के तहत किए गए सभी मौजूदा बुकिंग वैध रहेंगी। 60 दिनों की नई अग्रिम आरक्षण अवधि से आगे की गई आरक्षण अभी भी रद्दीकरण के लिए पात्र होंगे। छोटी अग्रिम आरक्षण अवधि के साथ, यात्रियों को अपनी यात्रा योजनाओं में बेहतर स्पष्टता मिलेगी, जिससे वर्तमान 21त्र रद्दीकरण दर में कमी आएगी। अग्रिम आरक्षण अवधि की इस महत्वपूर्ण नीति का अंतिम बार संशोधन 1 जनवरी 2015 को 60 दिनों से 120 दिनों तक किया गया था। अतीत में, 1 सितंबर 1995 से 31 जनवरी 1998 के दौरान, यह अवधि 30 दिनों तक कम थी। नई नीति का उद्देश्य उन यात्रियों से निपटना है, जो बिना टिकट रद्द किए यात्रा नहीं करते, जिससे धोखाधड़ी और गलत पहचान की संभावना बढ़ जाती है। भारतीय रेलवे सभी यात्रियों से इस बदलाव से अवगत रहने और सुचारू यात्रा योजना सुनिश्चित करने के लिए संशोधित अग्रिम आरक्षण अवधि के भीतर जल्दी बुकिंग करने का आग्रह करता है। 60-दिन की बुकिंग विंडो टिकटों की जमाखोरी की संभावना को कम करने में मदद करेगी, जिससे वास्तविक यात्रियों के लिए अधिक टिकट उपलब्ध होंगे।

# दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण में अनिता ने राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा शिक्षकों के लिए आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से अनिता चौधरी सहित 11 शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने अपने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया, जिससे अन्य राज्यों के शिक्षकों को छत्तीसगढ़ की अनूठी संस्कृति से परिचित होने का अवसर मिला। छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत राज्य गीत अरपा पैरी के धार से की, जो राज्य के सांस्कृतिक गौरव और जनजीवन की महत्ता को दर्शाता है। इसके बाद विभिन्न लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य और संगीत की झलक देखने को मिली। इस पाठ्यक्रम में अनिता चौधरी के साथ अन्य शिक्षकों में मितांजली महती, रामजी निषाद, राकेश निषाद, कंचनलता यादव, वंदना शर्मा, ताराचंद जायसवाल, प्रफुल्ल साहू, दुष्यंत सोनी और हरीश पांडे शामिल थे। अनिता चौधरी ने कहा, यह हमारे लिए एक अद्वितीय अवसर है कि हम भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को एक ही मंच पर देख और समझ सकें। यह न केवल हमारे ज्ञान को बढ़ाता है, बल्कि हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों को और भी गहराई से समझने में मदद करता है। इस रिफ्रेशर पाठ्यक्रम में 16 राज्यों से कुल 127 शिक्षक भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने अपने राज्य की लोक कला और परंपराओं को मंच पर उकेरा। शिक्षकों ने सुआ नृत्य, पंथी नृत्य और राउत नाचा जैसे छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया, जो राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि और पारंपरिक धरोहर को दिखाता है। सुआ नृत्य विशेष रूप से महिलाओं द्वारा किया जाता है, जो जीवन और प्रकृति के उत्सव का प्रतीक है। पंथी नृत्य छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज का धार्मिक और सांस्कृतिक नृत्य है, जो आध्यात्मिकता और मानवता के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करता है। राउट नाचा यादव समुदाय का प्रमुख नृत्य है, जो दीपावली के समय भगवान कृष्ण की भक्ति और उनकी जीवन गाथा का वर्णन करता है। इस ताजगीकरण पाठ्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को सांस्कृतिक जागरूकता और संवर्धन के प्रति प्रेरित करना है, ताकि वे अपने शिक्षण में भी सांस्कृतिक मूल्यों का समावेश कर सकें। छत्तीसगढ़ के इन शिक्षकों की प्रस्तुति ने न केवल राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर किया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता को भी प्रकट किया। सीसीआरटी का यह प्रयास शिक्षकों को राष्ट्रीय और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नियमित गतिविधि में सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण किया गया



**धमतरी।** बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में नियमित गतिविधि संचालित की गई जिसके तहत इकाई क्रमांक एक व इकाई क्रमांक दो की गतिविधि अलग-अलग पालियों में संचालित की गई। इकाई क्रमांक एक के स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय निर्गम मार्ग, ग्रन्थालय, कैंटीन, आईटी बिल्डिंग के समीप के क्षेत्रों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का एकत्रीकरण एवं साफ सफाई की गई। इकाई क्रमांक दो के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में प्रवेश मार्ग, खेल विभाग बिल्डिंग, काउंटर, पार्किंग क्षेत्र एवं मुख्य मार्ग की सफाई की जिसमें उन्होंने सिंगल यूज़ प्लास्टिक, खरपतवार, कंटीले पौधे, सूखे अपघटन हेतु योग्य पत्ते एवं प्लास्टिक बैग की सफाई कर एकत्रित किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर की दिनचर्या, कार्य आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उक्त गतिविधि के दौरान वरिष्ठ स्वयंसेवक विभा पाण्डे, विवेक साहू, मोनिका साहू, केसर साहू, खिलेंद्र पटेल, रश्मि यादव, संदीप, ओम मरकाम, रविकांत, खुशी, तिलेश्वरी, डोमेंद्री, प्रहलाद, कुलदीप, रामानंद, लोचन, आर्यन, परमानन्द, भुमिका, अभिलाषा, वीणा, नोमिता एवं समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# अनु नंदा, डॉ. स्वीटी उत्कर्ष नंदा द्वारा स्वीप करवा सजाकर महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया




**धमतरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धमतरी के निर्देशानुसार जाबो-जागव बोटर स्थानीय निर्वाचन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत करवा चौथ के अवसर पर आयोजक अनु नंदा एवं डॉ स्वीटी उत्कर्ष नंदा द्वारा मधुबन मैत्री विहार कॉलोनी में स्वीप करवा सजाकर महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कोर कमिटी सदस्य जानकी गुप्ता एवं डॉ सरिता दोषी ने महिलाओं को मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान अवश्य करे। नोडल अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी नगर पंचायत एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन में अपनी सहभागिता जरूर सुनिश्चित करे। कार्यक्रम की आयोजक समाजसेविका एवं लेखिका अनुनंदा ने महिलाओं को उपहार देकर करवाचौथ की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर धमतरी नम्रता गांधी ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि चांद की रोशनी और करवा की सौगात समस्त मातृ शक्ति के जीवन में सदा सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए। जैसे आप और हम सारे उत्सव बहुत ही धूम धाम से मनाते है वैसे ही शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र के उत्सव को भी मजबूती प्रदान करे।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल हुईं क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



लोहारीडीह कांड और लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ कवर्धा में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में विधायक चातुरी नंद शामिल हुईं। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लोहारी डीह कांड और प्रदेश में पुलिस की दमन पूर्वक की जा रही कार्रवाई और बढ़ती अपराधिक घटनाओं के विरोध में एक दिवसीय धरना और गृह मंत्री के कार्यालय घेराव किया गया था जिसमें कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व सीएम भूपेश बघेल और वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ता साथियों द्वारा गृहमंत्री कार्यालय का घेराव किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की दस माह की सरकार में आए दिन रेप की घटनाएं घट रही है, दोहरे हत्याकांड हो रहे है, लूटपाट की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हो रही है लेकिन मुख्यमंत्री और गृहमंत्री हाथ पर हाथ धरे बैठे है। लोहारी डीह कांड में खुद गृह मंत्री मृतक की बेटी को धमका रहे है वहीं पुलिस मामले को दबाने में जुटी रही है जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की पुलिस ने लोहारीडीह के शिवप्रसाद उर्फ कचरू साहू की हत्या के मामले में चार लोगों की गिरफ्तार किया है। मध्यप्रदेश पुलिस ने यह माना कि कचरू साहू की हत्या हुई थी। इस मामले में मध्यप्रदेश की पुलिस की कार्यवाही से साफ हो गया कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती थी, उसने हत्या को आत्महत्या बताने का षड़यंत्र रचा था जिसके परिणाम स्परूप लोहारीडीह में जन आक्रोश भड़का और रघुनाथ साहू को उसके घर में जिंदा जला कर मार डाला गया। रघुनाथ साहू की हत्या के बाद पुलिस की कार्यवाही और पुलिस की कस्टडी में तथा पुलिस की मारपीट से प्रशांत साहू की मौत हो गयी। इस प्रकार छत्तीसगढ़ पुलिस की लापरवाही से लोहारीडीह में तीन लोगों की जान गयी। लोहारीडीह में हुई मॉब लीचिंग की घटना के लिये गृहमंत्री एवं पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी जिम्मेदार है। पुलिस प्रशासन ने लोहारीडीह दी की घटना में अपनी नाकामी पर पर्दा करने के लिए गांव के 167 सहित अन्य लोगों को अपराधी बनाया है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। पहले भी कहा था ये आत्महत्या नहीं हत्या थी, यह मध्य प्रदेश पुलिस ने साबित किया। गृह मंत्री और छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले को क्यों दबाया? लोहारडीह में हुई तीनों मौत रुक सकती थी, इसके जिम्मेदार गृह मंत्री है। आखिर पोस्टमार्टम रिपोर्ट कैसे बदला गया, इसका जिम्मेदार कौन है? सरकार की कई नाकामियों को दबाने प्रशासन में विभाग को दांव पर लगा दिया। सरकार बताये इस मामले पर लीपापोती क्यों की गई? इसके इशारे पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट बदली गई? दो परिवार को बर्बाद करने का जिम्मेदार कौन? मध्य प्रदेश की पुलिस छत्तीसगढ़ जाकर आरोपियों को ले जाती है लेकिन यहां की पुलिस आरोपियों को बचाने की कोशिश करती है। मध्यप्रदेश पुलिस के कार्यवाही के उपरांत स्पष्ट हो गया है कि कवर्धा जिला के पुलिस के उच्च अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैया के कारण लोहारीडीह की घटना हुई है। विधायक नंद ने इन घटनाओं के लिए गृह मंत्री को दोषी ठहराते हुए उनका इस्तीफा मांगा है।

# संतो एवं विद्वानों से संपर्क का प्रारंभ हुआ अभियान, राष्ट्रीय रामायण मेला मे भागीदारी का विनम्र आव्हान

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भव्य आयोजन की ओर बढ़ रही भाटापारा की धरा राष्ट्रीय रामायण मेला के भव्य आयोजन के रुप मे एक दिव्य मेला जिसमें मेला स्वरुप के संपूर्ण पुट के साथ अध्यात्मिक आनंद की झलक जनमानस को दिखाई देगी, 29नवंबर से एक दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय रामायण मेला मे देश के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय पहचान रखने वाले संतो विद्वानों एवं सांस्कृतिक दलों का समागम होगा, तथा विभिन्न सत्रों मे विविध आयोजनो की छटा बिखरेगी।

## भव्य कलश यात्रा से शुभारंभ

तीन दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला का शुभारंभ 29नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, सुबह लगभग 9बजकर तीस मिनट मे कलश यात्रा का शुभारंभ नक्खी बाबा तालाब नवधा रामायण मंडप हथनीपारा से होगा, भजन कीर्तन की धुन मे भव्य कलश यात्रा निकलेगी तथा आयोजन स्थल यज्ञशाला मे पंहुच कर आयोजन शुभारंभ का शंखनाद करेगी, सुबह लगभग 10 बजकर तीस मिनट मे दीप प्रज्वलन एवं पूजन अर्चन के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा।

## चार सत्रों मे होगा आयोजन

तीन दिनों तक अखंड मानस पाठ के अनुष्ठान के साथ ही आयोजन चार सत्रों मे विभाजित रहेगा जिसके तहत प्रातः 10 बजकर पैंतालीस मिनट पर प्रथम सत्र का शुभारंभ होगा जिसमें भजन कीर्तन की भक्तिमय छटा बिखरेगी जो 1बजकर पैंतालीस मिनट तक संचालित होगी, उसके उपरांत दोपहर दो बजे से चार बजे तक परिचर्चा का सत्र आयोजित होगा जिसमे विद्वानों द्वारा चिन्हित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए जायेंगे, चार बजे से छः बजे तक तृतीय सत्र के रुप मे संतों की वाणी के तहत संतो के अमृत वचन जनमानस को श्रवण करनें का सौभाग्य प्राप्त होगा, संध्या छः बजकर तीस मिनट मे संध्या आरती के पश्चात रात्रि सात बजे से चतुर्थ सत्र के रुप मे सांस्कृतिक दलों की मनोरम प्रस्तुति की छटा बिखरेगी, इसके अलावा विविध क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर के व्यक्तित्वों का सम्मान भी आयोजन की रुपरेखा मे शामिल है,आयोजन के सफलता पूर्ण संपादन के लिए निरंतर तैयारियों का दौर जारी है,तथा समिति के सदस्यों सहित नगर के सुधिजनों द्वारा सक्रियता एवं उत्साह के साथ विविध रूपों मे भागीदारी निभाई जा रही है।

## संपर्क का शुरु हुआ अभियान

भाटापारा मे अपने तरह के इस प्रथम आयोजन को लेकर जनमानस के बीच भरपूर उत्साह नजर आ रहा है, चूंकि आयोजन भव्य एवं व्यापक है लिहाजा इसके लिए तैयारियों का दौर भी व्यापक स्तर पर चल रहा है, समिति के सदस्यों द्वारा निरंतर संपर्क करते हुए समस्त जनों से सहयोग का आग्रह एवं आव्हान किया जा रहा है, संपर्क की कड़ी मे एक नये पायदान का भी शुभारंभ हो गया है जिसके तहत संत एवं विद्वानों से संपर्क की कड़ी का सूत्रपात किया गया इसी के तहत राष्ट्रीय रामायण मेला समिति के संरक्षक गौरीशंकर शर्मा अध्यक्ष बिहारी लाल अग्रवाल एवं सचिव मुकेश शर्मा द्वारा पीठ परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य झम्मन शास्त्री से मुलाकात की गयी तथा आयोजन की रुपरेखा के संबंध मे विस्तार से चर्चा के साथ उनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद लिया गया तथा विनम्र आग्रह करते हुए उन्हे आयोजन मे भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया, आचार्य झम्मन शास्त्री द्वारा आयोजन की सराहना करते हुए धर्म एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया गया।

# लेडीज क्लब धमतरी में रंगारंग कार्यक्रम के साथ करवा चौथ पूजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



लेडिस क्लब धमतरी के तत्वावधान में कृदत कॉलोनी स्थित नीता रणसिंह के निवास स्थान में शुभ्रा गौर व शिरीन हाशमी के सौजन्य से आस्था, अटल सुहाग तथा पति के दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखते हुए लेडिस क्लब की सदस्यों ने करवा चौथ पूजन, सती मां वीरावली का कथा वाचन, सुहाग एवं मनुहार सहित सभी सदस्यों का क्लब की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति के इस अनूठे, आस्था और विश्वास के प्रतीकात्मक रूप गृहस्थी रूपी गाड़ी के दो पहियों के रूप में पति पत्नी के परस्पर प्रेम को दर्शाते हुए विशेष सुहाग और श्रृंगार के साथ भजन पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। क्लब की सदस्या माधवी शर्मा ने कथा वाचन की और लीला शर्मा ने पूजा संपन्न करवाई। सभी ने परस्पर थाली बदलने वाली विशेष परंपरा का निर्वहन करते हुए एक दूसरे को अखंड सुहाग की बधाइयां दी व सभी के प्रति मंगल शुभ कामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ मेहंदी, सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी के साथ साथ मनोरंजक गेम्स का भी आयोजन किया गया जिसका सभागार में उपस्थित बहनों ने आनंद उठाते हुए रेनू खनूजा, आरती कौशिक, पूनम सिंग, उषा गुप्ता, शारदा साहू, ज्योति गुप्ता, माधवी शर्मा, रेनू खनूजा, चंदा शर्मा, काजल सिंहा, सरला खंडेलवाल, गायत्री साहू, कामिनी कौशिक, लीला शर्मा, पूनम सिंग ने आकर्षक पुरस्कार प्राप्त किया। पूजन विधि संपन्न होने के साथ-साथ पुरस्कार वितरण एवं प्रसादी का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप ने कार्यक्रम को

# बलरामपुर पशुधन विकास विभाग में चल रहा संलग्नीकरण का खुला खेल, उपसंचालक लगा रहा कलेक्टर के शाख पर बटटा

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



पशुधन विकास विभाग जिला बलरामपुर रामानुजगंज में उपसंचालक डॉ.तनवीर अहमद के द्वारा अधिकारियो कर्मचारियों की भारी कमी के बावजूद संलग्नीकरण का कार्य नियम विरुद्ध तरीके से किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संचालनालय पशु चिकित्सा सेवा छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेश क्रमांक 6147- स्थापना 27 नवंबर 2023 के द्वारा सरल क्रमांक 97 पर सरस्वती पैकरा की पदस्थापना पशु चिकित्सालय-पशु औषधालय सामरी विकासखंड कुसमी में की गई है। इसके बावजूद आज दिनांक पर्यतन तक उनको अपने मूल पदस्थापन पर ना भेज कर पशु चिकित्सालय बलरामपुर में संलग्न कर कार्य कराया जा रहा है जिससे पशुधन विकास विभाग कुसमी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विकासखंड कुसमी की वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी के द्वारा कई बार लिखित में एवं मौखिक रूप से सरस्वती पैकरा को कार्यमुक्त करने हेतु उपसंचालक डॉ.तनवीर अहमद से निवेदन किया गया है, इसके बावजूद उनके द्वारा 01 वर्ष से ऊपर का समय व्यतीत होने पर भी उनको मूल पदस्थापन हेतु कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है जो समझ से परे है। साथ ही पशु चिकित्सालय चलगली विकासखंड वाड्राफनगर के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी विजय पटेल से सांठगांठ कर पशु औषधालय शारदापुर में संलग्न किया गया है। इसके अतिरिक्त कई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से भी साथ गांठ करके उपसंचालक कार्यालय में संलग्न करते हुए अपनी सुविधा अनुसार क्षेत्रीय संस्थानों में संलग्न किया गया है।

### छ.ग.शासन के आदेश की उड़ रही धज्जियां

जिला बलरामपुर का पशुधन विकास विभाग कर्मचारी की भारी कमी से जूझ रहा है इसके बावजूद उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.तनवीर अहमद के द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से कर्मचारियों के संलग्नीकरण का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है एवं उनके द्वारा शासन के आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है जिस कारण से विभागीय कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। और उनके कार्य प्रणाली के कारण जिला प्रशासन के शाख पर भी पर भी बट्टा लग रहा है?

### टूट रहा अधिकारियों-कर्मचारियों का मनोबल

जिले के कई विकासखंडों में कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहे हैं, इसके बावजूद उपसंचालक डॉ.तनवीर अहमद के द्वारा किए जा रहे संलग्नीकरण से अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है। शासन के द्वारा किसी भी प्रकार के संलग्नीकरण पर रोक लगा रखी है, बावजूद इसके उपसंचालक पशुधन विकास विभाग बलरामपुर के द्वारा शासन के नियमों को दरकिनार करते हुए अपनी तानाशाही रवैया चलाई जा रही है जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ हैं?

# पीडब्लयूडी विभाग में नौकरी लगाने हेतु फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधडी करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक भिलाई शहर सुखनंदन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में थाना भिलाई भट्ठी क्षेत्रांतर्गत में कूटरचित दस्तावेज धोखाधड़ी संबधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए थे। प्रार्थी अजय कुमार पटेल पिता चिन्तामणी पटेल उम्र 31 वर्ष पता क्वाटर नंबर 24बी, सड़क 36, सेक्टर 04 भिलाई का दिनांक 09/04/2024 को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पिताजी चिन्तामणी पटेल जो कि भिलाई इस्पात सयंत्र में नौकरी करते है, जिसके साथ अनावेदक रामकुमार कोरी भी बतौर सहकर्मी कार्य करता था, आरोपी रामकुमार कोरी संयत्र की सेवा से सेवानिवृत्त हो गया। पूर्व परिचय के दौरान चिन्तामणी पटेल को आरोपी रामकुमार कोरी द्वारा बताया गया कि उसका लड़का सिद्धार्थ कोरी जो कि पी.डब्लू.डी. विभाग में नौकरी करता है, उसकी वहॉ अच्छी पकड़ है तुम्हारे बेटे अजय पटेल को भी नौकरी लगवा देगा, जिसके लिए रूपये पैसा देना पड़ेगा। इसी क्रम में सिद्धार्थ कोरी के द्वारा अभिजीत विश्वकर्मा नामक व्यक्ति को पी.डब्लू.डी. विभाग का बड़ा अधिकारी बताकर प्रार्थी के घर मे जाकर मुलाकात कर पी.डब्लू.डी. विभाग से संबंधित फार्म भरवाया गया और नौकरी लगाने के नाम पर 10,00,000/- रूपये अक्षरी दस लाख रूपये की मॉग किया गया। जिसके उपरांत प्रार्थी के पिताजी चिन्तामणी पटेल द्वारा अपने एस.बी.आई. बैंक चेक के माध्यम से 5,00,000/- रूपये अक्षरी पॉच लाख रूपये एवं नगद रकम अलग अलग किस्तो में 5,00,000/- रूपये अक्षरी पॉच लाख रूपये रामकुमार कोरी एवं सिद्धार्थ कोरी, अभिजीत विश्वकर्मा को दिया गया। सिद्धार्थ कोरी और अभिजीत विश्वकर्मा के द्वारा पी.डब्लू.डी. विभाग का प्रार्थी अजय कुमार पटेल के नाम का नियुक्ति पत्र एवं परिचय पत्र दिया गया। प्रार्थी के द्वारा नियुक्ती पत्र के संबध में जानकारी करने पर पता चला कि नियुक्ती पत्र फर्जी है। रामकुमार कोरी एवं सिद्धार्थ कोरी, अभिजीत विश्वकर्मा के द्वारा एक राय होकर प्रार्थी अजय कुमार पटेल को नौकरी लगाने के नाम पर छल एवं बेईमानी पूर्वक रकम लेकर धोखाधड़ी किया गया है जो आरोपीगणों का कृत्य धारा 420,419,468,468,471,34 भादवि का घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर पूर्व में अन्य आरोपी रामकुमार एवं अभिजीत विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। प्रकरण का मुख्य सिद्धार्थ कोरी अपने गिरफ्तारी के डर से समय समय पर अपना निवास पता को बदल रहा था, आरोपी के अमलेश्वर क्षेत्र में निवासरत होने की जानकारी मिलने पर संभावित स्थान में पुलिस टीम के दबिश देकर घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

# एचटीसी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह बने सर्वसम्मति से यूथ सिख सेवा कमेटी के अध्यक्ष, समाज के युवाओं में हर्ष

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com





हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा में शाम 4:00 बजे भिलाई यूथ सिख सेवा समिति की बैठक हुई। जिसमे छत्तीसगढ़ सिख पंचायत एवं दुर्ग भिलाई की सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रबंधक शामिल हुए। बैठक में इंद्रजीत सिंह छोटू को सर्व सहमति से भिलाई यूथ सिख सेवा समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल द्वारा सिरोपाओं की बक्शीश देकर उनकी सेवा को स्वीकृति दी गई। जसवंत सिंह सैनी द्वारा मंच का संचालन किया गया। इस बैठक में सिख पंचायत के महासचिव गुरनाम सिंह, वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गांधी, पलविंदर सिंह रंधावा, बलदेव सिंह, जसबीर सिंह सैनी, गुरमीत सिंह चहल, जसवंत सिंह, बलकार सिंह, हरविंदर सिंह सोनू, सुरजीत सिंह, कुलवंत सिंह, हरनेक सिंह, हरपाल सिंह हैप्पी ,राजेंद्र सिंह अरोरा, मलकीत सिंह (लल्लू), कुलदीप सिंह, स्वर्ण सिंह कोक, मुखविंदर सिंह, अजीत सिंह फौजी, एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। वहीं छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई दुर्ग की तरफ से इंद्रजीत सिंह छोटू को यूथ सिख सेवा समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी।

# ये कैसी दोस्ती! पिकनिक जाने रखवा दिया मोबाईल गिरवी

- **पैसे देने का किया था वादा लेकिन रखवा दिया अपना फोन गिरवी, बाद में साथी के साथ मिलकर कर दी मारपीट, पीड़ित ने लिखाई रिपोर्ट**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com


रायगढ़ जिले मे मोबाइल गिरवी रखकर दोस्तों के साथ पिकनिक जाने और फिर एक दोस्त के द्वारा मोबाइल छुड़ाने पैसे नहीं देने और बदले मे अपना मोबाइल गिरवी रखवा देने के बाद अपने ही दोस्त का मोबाइल फोन अपने पास रखकर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दोस्त की पिटाई कर देने का मामला सामने आया है, पीड़ित युवक की शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले मे अपराध दर्ज कर मामले को जांच मे ले लिया है,उक्त मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मिलूपारा गांव का रहने वाला गणेश्वर सिदार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती मजदूरी का काम करता है। पीड़ित युवक ने बताया कि 30 सितंबर को अपने दोस्तों के साथ पिकनिक जाने के दौरान पैसे की जरूरत पड़ने पर अपने मोबाईल को मनीष डनसेना के पास 3 हजार रूपये में गिरवी रखा था। गणेश्वर सिदार ने बताया कि उसके दोस्त अजय सिदार ने उससे कहा था कि 01 अक्टूबर को अपने मोबाईल फोन को छुडवा लेना पैसा मै दूंगा नही तो अपने मोबाईल की जगह मेरे मोबाईल को गिरवी रख देना।

**बात करने के नाम पर लेकर गया था मोबाईल**-पीड़ित युवक गणेश्वर सिदार ने बताया कि 13 अक्टूबर को अपने दोस्त अजय सिदार के पास पहुंचा और पैसे की मांग करने लगा इस दौरान उसके दोस्त अजय ने अभी पैसा नही है कहते हुए अपना मोबाईल फोन दे दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक मनीष डनसेना को मोबाईल देकर अपना मोबाईल ले वापस ले आया। पीड़ित युवक गणेश्वर सिदार ने बताया कि 18 अक्टूबर की रात अजय सिदार उसके पास पहुंचा और बात करने के नाम पर मोबाईल फोन ले गया था।

**दो दोस्तों ने मिलकर पीटा**-अगले दिन 19 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे के आसपास जब पीड़ित युवक गणेश्वर सिदार मोबाईल फोन मांगने पहुंचा तब अजय सिदार ने अपने एक अन्य दोस्त सोहन सिदार के साथ मिलकर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों के अलावा टाईल्स के टुकडा उठाकर मारपीट शुरू कर दी है जिससे गणेश्वर सिदार शरीर के कई हिस्सो में चोट आई है।

# गायत्री महायज्ञ का निमंत्रण देने बालाघाट से पहुचे ट्रस्टी महेश

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ ट्रस्टी एवं सनातन महासभा बालाघाट के जिला अध्यक्ष महेश खजांची रायपुर, भिलाई एवं दुर्ग के दो दिवसीय प्रवास पर आये। ज्योतिष शोध संस्थान छत्तीसगढ़ के जनरल सेकरेट्री, महिला एवं बालविकास विभाग के संयुक्त संचालक नन्दलाल चौधरी ने दुर्ग स्टेशन पर उनकी अगवानी की और पूरे कार्यक्रमों में उनके साथ रहे। श्री खजांची राष्ट्र जागरण अभियान की राष्ट्रीय श्रृंखला में गायत्री परिवार मध्यप्रदेश जोन के बालाघाट जिले में 30 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक होने जा रहे विराट 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का निमंत्रण देने आए थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्र जागरण के संकल्पित प्रयास लक्ष्य पूर्ण करने गायत्री परिवार की ओर से पौधरोपण और भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सहित विभिन्न रचनात्मक व सृजनात्मक कार्यक्रम जारी है। उन्होंने बताया कि बालाघाट में आगामी 30 नवम्बर से राष्ट्र जागरण-आत्म जागरण के प्रेरक सन्देश के साथ अनेक आकर्षक झांकियों, सांस्कृतिक लोक नृत्य एवं 1008 कलशों की भव्य यात्रा के साथ विराट 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत होगी। इस दौरान सर्किट हाउस दुर्ग में शिक्षाविद चिरंजीव जैन ने भी उनसे मुलाकात की। श्री खजांची के साथ लालबर्रा तहसील प्रभारी वीरेन्द्र बिसेन बालाघाट से आए थे।

# उर्स पाक में सजी मुशायरे की बज़्म



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

इमामुल मोहब्बत ताजुल औलिया हजरत ख्वाजा जलालुद्दीन खिज्र रूमी हसन अलैर्हिरहमां दरे मुर्शिद नगर केलाबाड़ी दुर्ग में 46वें उर्स पाक पर पहले दिन तरही मुशायरे की महफिल सजाई गई।

जिसमें हिंदुस्तान के अलग-अलग हिस्सों से आये हुए तमाम शायरों ने तरही नाअत पाक और तरही मिसरे पर मनकबत शरीफ पेश किए। इस मुशायरे की सदारत उस्ताद शायर अब्दुल रशीद अरशद जबलपुरी ने और निजामत सुखनवर हुसैन सुखनवर रायपुरी ने की। इस महफ्लि को तरतीब से सजाने संवारने का काम सूफी युसूफ ने बखूबी अंजाम दिया। इस बज़्म में सूफी नवेद रूमी सअदी, नवेद रज़ा दुर्गवी, अलोक कुमार नारंग, रियाजुद्दीन रूमवी (बाबू भाई) मौदहा उ.प्र., अजीम अयाज दुर्ग , अरशद जबलपुरी, रामेश्वर शर्मा रायपुर, इरफानुद्दीन इरफान धरसींवा, मौलाना गफूर दुर्ग, एजाज़ बशर भिलाई , डॉं.नौशाद अहमद सिद्दीकी चरौदा भिलाई, सूफी बदरूद्दीन सफवी रायपुर, हाजी रियाज खान गौहर भिलाई, हुसैन रायपुरी और दिगर शायरों ने अपने कलाम पेश किए। उर्स पाक में 18 से 22 अक्टूबर तक कई आयोजन हो रहे हैं।

# सगाई की खबर से बौखलाया इंस्टाग्राम का कथित प्रेमी, फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो पोस्ट, पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



युवती को बदनाम करने की नीयत से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील पोस्ट करने के मामले में परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को जैजेपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित युवती के भाई ने 18 अक्टूबर को थाना कोतरारोड़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि 17 अक्टूबर को उसकी बहन की सगाई तय हुई थी। अगले दिन एक परिचित युवक ने सूचना दी कि उसकी बहन की अश्लील तस्वीरें एक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड की गई हैं। जब परिवार ने यह इंस्टाग्राम अकाउंट चेक किया, तो पता चला कि यह फेक आईडी युवती के नाम से बनाई गई थी, जिस पर उसकी तस्वीरों के साथ आपत्तिजनक सामग्री अपलोड की गई थी। इस घटना से परिवार को गहरा आघात पहुंचा, और उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। परिजनों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ धारा 77, 79 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पीड़िता का बयान लिया गया और आरोपी की तलाश शुरू की गई। इंस्टाग्राम अकाउंट की जांच से आरोपी की पहचान मोहम्मद आसिफ कुरैशी, निवासी किरोड़ीमल नगर के रूप में हुई, जिसका आखिरी लोकेशन रायपुर में पाया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गईं। एक टीम को रायपुर भेजा गया जबकि दूसरी टीम आरोपी के रिश्तेदारों से जानकारी जुटाने में लगी रही। आरोपी, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना मोबाइल स्विच ऑफकर छिपा हुआ था, को पुलिस ने जैजेपुर में घेराबंदी कर हिरासत में लिया।

# छावनी थाना पुलिस ने 96 करोड के धोखाधडी करने वाले आरोपी डॉ. मनमोहन खण्डुजा को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com




पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा धोखाधडी के प्रकरण के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन सिंह चन्द्राकर के द्वारा टीम गठित किया गया जिसमे उपनिरीक्षक वरूण देवता, महिला प्रधान आरक्षक हेमलता मरकाम, प्रधान आरक्षक जसपाल सिंह 17/10/2024 को थाना छावनी के अपराध क्रमांक 119/2022 धारा 420, 406, 34 भा.द.वि. के अपराध धोखाधडी के आरोपी पतासाजी हेतु थाना छावनी से स्टाप कलकत्ता पश्चिम बंगाल गयी थी। छावनी पुलिस के द्वारा उपनिरीक्षक वरूण देवता के नेतृत्व मे थाना भवानीपुर पश्चिम बंगाल से सम्पर्क किया गया थाना भवानीपुर से सहयोग प्राप्त कर अथक प्रयास कर लगातार 03 दिन तक प्रयास करने के बाद 19.10.2024 को उसके लैब मे पुलिस टीम ईलाज कराने के नाम पर डॉं मनमोहन खण्डुजा के लैब मे जाकर डॉं मनमोहन खण्डुजा से सम्पर्क किया।



## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, भाटापारा

(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)

### // बिजली बंद की सूचना //

छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा संभाग के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, दीपावली पूर्व लाइनों एवं उपकेन्द्रों का मेंटेनेंस कार्य हेतु समय 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र / फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 22.10.2024 | 11 के.व्ही. मयूर स्कूल फीडर | 11 के.व्ही. मयूर स्कूल फीडर से लाभांवित वाले समस्त उपभोक्ता। |
| 2 | | 11 के. व्ही. टेहका ग्रामीण फीडर | ग्राम मधुबन, टेहका के समस्त उपभोक्ता। |
| 3 | | 11 के व्ही मावली फीडर | ग्राम सिंगारपुर, कोटमी, अकोली, परसवानी के समस्त उपभोक्ता। |
| 4 | | 11 के.व्ही. बछेरा अटल ज्योति फीडर | ग्राम नवागांव, मुसुबाडीह, भोथीडीह एवं बछेरा पंप लाईन। |
| 5 | | 11 के.व्ही. तोरा-चक्रवाय फीडर | ग्राम तोरा एवं चक्रवाय के समस्त उपभोक्ता। |
| 6 | | 11 के.व्ही.सुहेला से रावन फीडर | ग्राम बसीन, झीपन, रावन, अमेरी, पेण्ड्री, कसहीडीह, परसवानी के समस्त उपभोक्ता। |
| 7 | | 11 के.व्ही. सुहेला से नवापारा फीडर | ग्राम नवापारा, खैरवारी, धोबनीडीह, बिटकुली के समस्त उपभोक्ता एवं 04 क्रशर व 02 उच्चदाब उपभोक्ता। |
| 8 | | 11 के.व्ही. मांचाभाट ग्रामीण फीडर | ग्राम बुचीपार, रेंगाबोड, ढाबाडीह, सकरीपार, धिवनपुरी, कोलिहा एवं माचाभाट के समस्त उपभोक्ता । |
| 9 | 23.10.2024 | 11 के.व्ही. रोहरा फीडर | ग्राम रोहरा, दौरेंगा के समस्त उपभोक्ता। |
| 10 | | 11 के.व्ही. सेमराडीह फीडर | ग्राम धौंराभाठा, सिंगारपुर, लेवई के समस्त उपभोक्ता। |
| 11 | | 11 के.व्ही. सिमगा टाऊन फीडर | ग्राम सिमगा टाऊन, चुचरूंगपुर के समस्त उपभोक्ता। |
| 12 | | 11 के.व्ही. लिमतरा फीडर (ढेकुना) | ग्राम लिमतरा, संजारी नवागांव, मर्राकोना, गणेशपुर, देवरीडीह, तरपोंगा एवं बम्हनीडीह के समस्त उपभोक्ता। |
| 13 | | 11 के.व्ही. सिनोधा ग्रामीण फीडर | ग्राम भंवरगढ़ से जांगड़ा, मुड़पार सेक्शन के समस्त उपभोक्ता । |
| 14 | 24.10.2024 | 11 के.व्ही. धनेली फीडर | ग्राम निपनिया, भरतपुर, मोपकी, धनेली चन्देली के समस्त उपभोक्ता । |
| 15 | | 11 के.व्ही. कडार फीडर | ग्राम कडार के समस्त उपभोक्ता। |
| 16 | | 33 के.व्ही. बेमेतरा-2 फीडर | 33/11 के.व्ही. झिरिया उपकेन्द्र से संबंधित ग्राम। |
| 17 | | 33 के.व्ही. न्यू बिलासपुर फीडर | 33/11 के.व्ही. दामाखेड़ा, ढेकुना एवं मनहोरा उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम। |
| 18 | | 11 के.व्ही. बोड़तरा ग्रामीण फीडर | ग्राम मजगांव से कुकराचुंदा, बिलाईडबरी सेक्शन के समस्त उपभोक्ता। |
| 19 | 25.10.2024 | 11 के.व्ही. भोथीडीह फीडर | ग्राम निपनिया, भोथीडीह, खपरी, सिल्वा, गुडाघाट के समस्त उपभोक्ता । |
| 20 | | 33 के.व्ही. बेमेतरा-1 फीडर | HT उपभोक्ता EE(LIS) मसर्स बजरंग पॉवर सिमगा एवं 33/11 Kv IPDS S/s सिमगा |
| 21 | | 11 के.व्ही. चोरहा नवांगांव फीडर | ग्राम चोरहा नवागांव एवं चंदियापथरा के समस्त उपभोक्ता। |
| 22 | | 11 के.व्ही. दावनबोड़ ग्रामीण फीडर | दावनबोड़ एवं मोहभट्ठा के समस्त उपभोक्ता। |
| 23 | 26.10.2024 | 11 के.व्ही. करहूल अटल ज्योति फीडर | ग्राम चोरहा नवागांव एवं चंदियापथरा के समस्त उपभोक्ता। |
| 24 | 28.10.2024 | 11 के व्ही मनहोरा अटल ज्योति फीडर | ग्राम मनहोरा, चौरेंगा, मोटीयारीडीह एवं अकलतरा मांढर के पंप उपभोक्ता। |

**आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।**

1. ''स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें''
2. ''समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन विच्छेदन से बचें।''

**(व्ही.के.राठिया)**
**कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग**
**छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा**
**कर्मचारी क्रमांक 9331181**



## नाश्ता गली में पहुंचे सभी ने कहा होममेड इज द बेस्ट

# जीतो लेडीज विंग का महिला स्वालंबन को आगे बढ़ाने का अनोखा प्रयास

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com






किसी भी परिवार के लिए दीपावली की शॉपिंग बहुत यादगार होती है। त्यौहारों के सीजन में मिठाई व नमकीन के वेरिएशन, घर की सजावट, रंगोली, दिया एवं डेकोरेशन ये सब कुछ हर साल आने वाली दिवाली में एक नयापन व ताजगी भर देता है और इन्ही सब छोटी छोटी यादों को संजोने के लिए जीतो रायपुर हर साल नाश्ता गली का आयोजन करता है। इसी कड़ी में जीतो लेडीज विंग रायपुर ने सिटी सेंटर मॉल पंडरी में प्री दीपावली नाश्ता गली का आयोजन किया। प्री दीपावली नाश्ता गली कार्यक्रम का शुभारंभ जीतो रायपुर चैप्टर के चेयरमैन तिलोक बरड़िया, चीफ सेकेट्री अंकुश गोलेछा, कोषाध्यक्ष नरेश नाहर, मेंबर अभय भंसाली, सुशील बरलोटा, कुसुम श्रीश्रीमाल की विशेष उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में जीतो लेडीज विंग की चेयरपर्सन रश्मि जैन, चीफ सेकेट्री अंकिता बरड़िया, इवेंट कन्वेनर दीपाली बाफना, इवेंट को कन्वेनर सपना जैन मौजूद रहीं। जीतो लेडीज विंग की चीफ सेकेट्री अंकिता बरड़िया ने बताया कि यह कार्यक्रम एक प्री दिवाली एक्सजीबिशन था। जिसमें सभी ने हमारे होममेड एवं हैंडमेड उत्पाद को देखा व परखा एवं साथ ही खरीदा भी। हम ऐसे उत्पाद पेश कर रहे है जिनमें घर का वही स्वाद किंतु आधुनिक जायके के साथ, हाइजीन व क्वालिटी युक्त किंतु केमिकल या प्रिजर्वेटिव मुक्त, महिला स्वावलंबन को आगे बढ़ाने का अनोखा प्रयास जिसे देखकर आप भी कह उठेंगे होममेड इज द बेस्ट यही उद्देश्य लेकर हम यह कार्यक्रम साल में तीन बार दीपावली, होली एवं रक्षाबंधन के अवसर पर करते हैं। अंकिता बरड़िया ने बताया कि आयोजन में 30 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे। इनमें फैंसी दीपक, तोरण, नंदनवार, रंगोली, मिठाई, नमकीन, चॉकलेट, खाखरा, मुंगड़ी इत्यादि होममेड और हैंडमेड को सभी ने खूब पसंद किया। कार्यक्रम में सभी ने बढ़चढ़ कर सहभागिता दी। सभी का उत्साह देखते ही बना। बड़ी संख्या में परिवार के साथ नाश्ता गली में आए और दिवाली शॉपिंग को हमेशा के लिए यादगार बनाया। इस तरह के आयोजन एक माध्यम है हमारी 290 महिलाओं के टीम कोआर्डिनेशन भावना को मजबूत बनाने और वर्किंग टुगेदर कैपेसिटी को बढ़ाने का एक बेहतर तरीका भी है। आयोजन में जीतो रायपुर चैप्टर एवं जीतो युथ बिंग की भी सहभागिता रही।

## संपादकीय

### सुप्रीम कोर्ट का निर्णय असमी जनता को अधिकार

**सुप्रीम कोर्ट** ने नागरिकता कानून की धारा 6ए को उचित ठहरा कर मूल असमी जनता के अधिकारों तथा मानवाधिकार चिन्ताओं में संतुलन स्थापित किया है। एक उल्लेखनीय फैसले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने नागरिकता कानून, 1955 की धारा 6ए को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया है। एक के मुकाबले चार के बहुमत से भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने उन प्राविधानों को स्वीकृति दी जो 1 जनवरी, 1966 से 25 मार्च, 1971 के बीच बांग्लादेश से भारत आए थे। यह निर्णय असम में आप्रवास पर लंबी चली बहसों के बाद आया है। धारा 6ए को 1985 में 'असम समझौते' के बाद लागू किया गया था। यह समझौता भारत सरकार तथा असम के आंदोलनरत समूहों के बीच सहमति का परिणाम था जो अवैध आप्रवास की समस्या से निपटना चाहते थे। इस प्रकार 25 मार्च, 1971 के बाद भारत आए लोग भारतीय कानून के अंतर्गत नागरिक नहीं माने जाएंगे, बल्कि अवैध आप्रवासी होंगे। असम समझौते का लक्ष्य प्रवासियों के मानवीय सरोकारों तथा मूल असमी जनसंख्या के सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक हितों के बीच संतुलन बनाना था। 25 मार्च, 1971 की कटआफ डेट का संबंध 'आपरेशन सर्चलाइट' शुरू होने से है, जब पाकिस्तानी सेना ने तत्कालीन पूर्वी-पाकिस्तान और वर्तमान बांग्लादेश में सैनिक कार्रवाई शुरू की थी।



इसके कारण भारत में बड़ी संख्या में शरणार्थी आए थे। बहुमत के फैसले में प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि धारा 6ए संविधान के अनुच्छेद 6 व 7 में गारंटी किए गए मूलाधिकारों का उल्लंघन नहीं करती है जो 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के समय पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान के आप्रवासियों को नागरिकता देते हैं।

अदालत ने कहा कि यह विधायन असम में जनसंख्या संरचना के यथार्थ तथ विशिष्ट ऐतिहासिक परिस्थितियों को संबोधित करना चाहता है। इसीलिए राज्य द्वारा दो कटआफ डेट रखना तार्किक व न्यायोचित है। लेकिन धारा 6ए को संवैधानिक रूप से वैध ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट ने असम में आप्रवास कानूनों का समुचित क्रियान्वयन न होने पर चिन्ता प्रकट की। वास्तव में सीमा पर कठोरता न बरतने तथा बाड़बंदी अधूरी होने के कारण लगातार आप्रवासी आ रहे हैं जिनसे जनसंख्या संरचना संबंधी चुनौतियां बढ़ती हैं। 'विदेशी ट्राइब्यूनल' जैसी वर्तमान व्यवस्थायें प्रभावी रूप से अवैध आप्रवासियों की पहचान कर उनको वापस भेजने में सक्षम नहीं हो सकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का असम के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। धारा 6ए को वैध ठहराने वाला यह फैसला याचिकाकर्ताओं की चिन्ताओं को भी स्वीकार करता है जिनका तर्क है कि आप्रवासी कानूनों को लागू करने के कारण असम की जनसंख्या संरचना तथा संस्कृति में परिवर्तन आए हैं। यदि सीमा पर घुसपैठ पर नियंत्रण तथा अवैध आप्रवासियों की समय पर पहचान कठोरता से लागू की जाती है तो असम में जनसंख्या संरचना में परिवर्तन की दूरगामी समस्याओं से निपटा जा सकता है। दूसरी ओर धारा 6ए को अवैध घोषित करने से अनेक निवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता जो असम में दशकों से रह रहे हैं। इससे वे प्रभावी रूप से 'राज्यहीन' हो जाते और व्यापक मानवीय संकट को जन्म देते। भारत के सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला सुनिश्चित करता है कि निर्धारित तारीखों के बीच बांग्लादेश से शरणार्थी के रूप में भारत आए लोग अपना नागरिकता अधिकार बनाए रखेंगे। इस प्रकार उनको बड़े पैमाने पर विस्थापन तथा अशांति की आशंका से मुक्ति मिलेगी।

# बांग्लादेश सरकार के संदिग्ध इरादे

आशंकायें बढ़ने तथा चुनावों का समय अस्पष्ट बने रहने के कारण बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दूरगामी लक्ष्य संदिग्ध है। इनको अनदेखा करना कठिन होता जा रहा है।



हिरण्मय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



हरियाणा में कांग्रेस की पराजय ने न केवल पार्टी के उभार का विमर्श ठंडा कर दिया है, बल्कि इसने गठबंधन राजनीति के दृष्टिकोण में परिवर्तन की आवश्यकता भी उजागर की है। हरियाणा में पराजय के कारण देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन में सहयोगियों की आलोचनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। गठबंधन सहयोगियों ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि उसने हालिया हरियाणा चुनाव में गठबंधन सहयोगियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। इसके कारण दस साल सत्ता में रहने के कारण पैदा 'सत्ता-विरोधी भावनाओं' के बावजूद भाजपा को तीसरी बार विजय प्राप्त कर सरकार बनाने का अवसर दे दिया है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव पर अधिकांश एक्जिट पोलों ने कांग्रेस की स्पष्ट विजय का अनुमान लगाया था, पर इसके बावजूद भाजपा विधानसभा की कुल 90 सीटों में से 48 जीतने में सफल हुई। भाजपा की इस भारी विजय का अनुमान संभवत: पार्टी नेताओं को भी नहीं था। यदि हरियाणा में कांग्रेस एक्जिट पोल अनुमानों के अनुसार पूर्ण बहुमत प्राप्त करने में सफल होती तो इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं में उत्साह पैदा होता तथा देश भर में उसकी छवि में और व्यापक सुधार होता। लेकिन इसके एकदम विपरीत कांग्रेस हाल में अपने आंतरिक टकरावों के कारण पांचवां विधानसभा चुनाव हार गई है। इसके पहले वह पंजाब, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में हार का मुंह देख चुकी है।

कांग्रेस की हरियाणा में इस पराजय से अब यह निश्चित नहीं है कि 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी भविष्य में भाजपा के खिलाफ मुकाबले के लिए एकजुट होंगे। ऐसे में बहस हो रही है कि यदि कांग्रेस का हरियाणा में आम आदमी पार्टी-आप से गठबंधन होता तो क्या वह चुनाव जीतने में सफल होती। इसके साथ ही कांग्रेस की रणनीति तथा 'इंडिया' के भविष्य पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरा, हरियाणा में कांग्रेस की पराजय का प्रभाव महाराष्ट्र और झारखंड के आगामी विधानसभा चुनावों पर भी पड़ सकता है। हरियाणा चुनाव परिणाम का तत्काल प्रभाव आगामी दिल्ली, महाराष्ट्र और झारखंड में सीट-साझा समझौतों पर पड़ सकता है। इन चुनाव परिणामों के बाद आप ने दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ने की लगभग घोषणा ही कर दी है।

तीसरा, यह अनिश्चित है कि क्या कांग्रेस और आप का भविष्य में कोई गठबंधन होगा क्योंकि आप ने पहले ही अकेले चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है। अपने लचीलेपन तथा सुलह-समझौते की नीति के कारण 'इंडिया' ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसमें कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक ही उम्मीदवार उतारना था ताकि भाजपा-विरोधी वोटों में विभाजन को रोका जा सके। गठबंधन ने विवादास्पद मुद्दों को पीछे छोड़ कर अपने कामकाज में अच्छा प्रबंधन किया था। 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों ने मोटेतौर से भाजपा को हराने का लक्ष्य सामने रखा था और वे एक सीमा तक सफल भी हुए। लोकसभा चुनाव में भाजपा का बहुमत घटा और वह जदयू व टीडीपी की सहायता से ही सरकार बनाने में सफल हुई। लेकिन अब हरियाणा में कांग्रेस की पराजय ने गठबंधन के भीतर स्थिति एकदम बदल दी है। इस पराजय के कारण अब 'इंडिया' में गठबंधन सहयोगियों को कांग्रेस पर बढ़त मिल गई है। गठबंधन सहयोगी अब संभवत: ज्यादा कठोर दृष्टिकोण अपनायेंगे जिससे कांग्रेस को झुकने पर मजबूर होना पड़ सकता है। हालांकि, अब तक किसी ने यह नहीं कहा है कि 'इंडिया' गठबंधन समाप्त हो गया है।

इसके उलट परिणाम आने के अगले दिन समाजवादी नेता अखिलेश यादव ने अपने बयान से संकेत दिया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रहेगा। अखिलेश ने कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि इंडिया समूह बना रहेगा। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रहेगा।' लेकिन इसके उलट आम आदमी पार्टी-आप ने कहा है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी, जबकि उसने तीन महीने पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस दिल्ली में एक भी सीट नहीं जीत सकी।

'इंडिया' समूह में अन्य गठबंधन सहयोगियों ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि वह अति-विश्वास से भरी थी तथा उसने सीट-साझा के प्रति कठोर दृष्टिकोण अपनाया था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी सीटों की संख्या दूनी कर ली थी और वह उत्साह से भरी थी, लेकिन हरियाणा में पराजय के बाद वह कमजोर हुई है और उसे भारी झटका लगा है। अधिकांश एक्जिट पोलों ने हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय की भविष्यवाणी की थी क्योंकि भाजपा दस साल की सत्ता-विरोधी लहर का सामना कर रही थी और जनता का एक हिस्सा उसके कामकाज से निराश था। लेकिन भाजपा ने आश्चर्यजनक रूप से न केवल हरियाणा में लगातार तीसरी बार विजय पाई, बल्कि उसका यह प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा।

किसी पार्टी ने अब तक इस ग्रामीण-प्रभुत्व वाले राज्य में लगातार तीसरी बार विजय पाई है। महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना-उद्धव तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा के बीच सीट-साझे पर बातचीत जारी है। हरियाणा में पराजय के बाद कांग्रेस को सीट-साझा फार्मूले के प्रति ज्यादा विनम्रता दिखानी चाहिए तथा उसे चुनाव के पहले उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री घोषित करने की शिवसेना की मांग पर गंभीरता से विचार भी करना चाहिए। जहां तक हरियाणा विधानसभा चुनाव का सवाल है, आप को हरियाणा में एक भी सीट नहीं मिली और उसे लगभग केवल 1.78 प्रतिशत वोट ही मिले। लेकिन यदि कांग्रेस ने आप से गठबंधन किया होता तो ये वोट निश्चित रूप से 'इंडिया' को मिलते। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा है कि कांग्रेस ने छोटी पार्टियों तथा उनके द्वारा किए जा रहे गठबंधन प्रयासों को अनदेखा किया। तृणमूल कांग्रेस, आप, शिवसेना-उद्धव, नेशनल कान्फ्रेंस, राजद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तथा अन्य ने कांग्रेस की आलोचना की है कि वह अपनी गलतियों के कारण हरियाणा में पराजित हुई।

शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' ने अपने संपादकीय में बुधवार को कहा, 'किसी ने नहीं सोचा था कि हरियाणा में भाजपा सरकार फिर आ जाएगी। ऐसा लगता है कि कांग्रेस के अति-आत्मविश्वास तथा स्थानीय कांग्रेस नेताओं का घमंड पार्टी की पराजय का कारण बना।' ऐसे में महाराष्ट्र और झारखंड में सीट-साझा के लिए लोकसभा चुनाव का फार्मूला दुहराना जरूरी हो गया है। अब अधिकांश सहयोगियों के साथ सीट-साझे में कमजोर पड़ चुकी कांग्रेस का वर्चस्व नहीं रहेगा। 'इंडिया' गठबंधन में व्याप्त वर्तमान सोच से कांग्रेस के अपने सहयोगियों के साथ संबंध प्रभावित होंगे।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अप्रत्याशित एवं अभूतपूर्व पराजय से स्पष्ट है कि अब विपक्ष हालिया विधानसभा चुनावों में पराजय के और झटके झेलने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में कांग्रेस को मुख्यत: उन 286 सीटों पर ही ध्यान देना चाहिए जहां वह भाजपा के साथ सीधी लड़ाई में है। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का भाजपा के खिलाफ 'स्ट्राइक रेट' 29 प्रतिशत तक पहुंच गया था, जबकि यह 2019 में केवल 8 प्रतिशत था। इस संदर्भ में यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि 2024 में कांग्रेस ने केवल 286 सीटों पर भाजपा से मुकाबला किया, जबकि इन सीटों की संख्या 2014 में 370 थी।

कांग्रेस को 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में अपने साझीदारों के साथ मित्रतापूर्ण संबंधों के कारण ही विजय मिली थी। वर्तमान समय में गठबंधन को व्यापक बनाए रखने की जिम्मेदारी कांग्रेस पर है। उसे यह अवश्य समझना चाहिए कि कोई साझीदार चाहे बड़ा हो या छोटा, उसके लिए जरूरी है। कांग्रेस ने अतीत में अनेक 'चिंतन शिविर' आयोजित किए हैं, पंचमढ़ी और शिमला इनके अच्छे उदाहरण है। वर्तमान समय की जरूरत है कि लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद हरियाणा विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित व अभूतपूर्व पराजय के बाद कांग्रेस ऐसा ही एक और चिंतन शिविर आयोजित करे।

# पीएम मोदी की एसियान तक पहुंच

"भारत की विदेश नीति के हितों के लिए हिंद-प्रशांत की केंद्रीयता के बारे में स्पष्ट संदर्भ दिए गए।"

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लाओ पीडीआर की यात्रा साझा हितों और समान लक्ष्यों के बारे में भारत-प्रशांत क्षेत्र में सहयोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश थी। पीएम मोदी ने आसियान सदस्य देशों के साथ संबंधों को उन्नत करने के लिए दस सूत्री कार्य एजेंडा योजना तैयार की, जिसमें प्रौद्योगिकी सहयोग, व्यापार, लोगों से लोगों के बीच संबंध, शिक्षा, स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा और वैश्विक दक्षिण देशों के समूह पर ध्यान केंद्रित किया गया।

यह ऐसे समय में हुआ है जब विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान गए (पिछले 9 वर्षों में किसी भी भारतीय विदेश मंत्री द्वारा पहली बार की गई यात्रा)। आसियान भारत शिखर सम्मेलन में अपने उद्घाटन भाषण के दौरान पीएम मोदी ने उल्लेख किया दस साल पहले, मैंने भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति की घोषणा की थी। पिछले एक दशक में, इस पहल ने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को पुनर्जीवित किया है, उन्हें नई ऊर्जा, दिशा और गति प्रदान की है। आसियान केंद्रीयता को महत्व देते हुए, हमने 2019 में इंडो-पैसिफिक महासागर पहल शुरू की।

भारत की विदेश नीति के हितों के लिए हिंद-प्रशांत की केंद्रीयता के बारे में स्पष्ट संदर्भ दिए गए। भारत ने वर्तमान सरकार की विदेश नीति प्राथमिकताओं के तहत हिंद-प्रशांत को केंद्र बिंदु के रूप में रखा है। यह अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ सबसे महत्वपूर्ण बहुपक्षीय मंचों में से एक, क्वाड में शामिल हो गया है और आईपीईएफ (इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क) के तहत अमेरिका और एशिया के कई देशों के साथ आर्थिक साझेदारी ढांचे में भी प्रवेश किया है। क्वाड भले ही एक सुरक्षा गठबंधन न हो, लेकिन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था बनाए रखने पर केंद्रित है। भारत शिखर सम्मेलन के दौरान चेयरमैन महामहिम श्री सोनेक्से सिफानडोन (लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के प्रधानमंत्री भी) के बयान में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल करने में कामयाब रहा। बयान में कहा गया, हमने दक्षिण चीन सागर में और उसके ऊपर से उड़ान भरने की शांति, सुरक्षा, स्थिरता, सुरक्षा और स्वतंत्रता को बनाए रखने और बढ़ावा देने के महत्व की पुष्टि की। हमने आपसी विश्वास और भरोसे को बढ़ाने, विवादों को जटिल बनाने या बढ़ाने वाली गतिविधियों के संचालन में आत्म-संयम बरतने और शांति और स्थिरता को प्रभावित करने वाली गतिविधियों से बचने की आवश्यकता की पुष्टि की और ऐसी कार्रवाइयों से बचने की बात कही जो स्थिति को और जटिल बना सकती हैं। हमने 1982 के यूएनसीएलओएस सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त सिद्धांतों के अनुसार विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता की भी पुष्टि की। हमने दावेदारों और अन्य सभी राज्यों द्वारा सभी गतिविधियों के संचालन में आत्म-संयम के महत्व पर जोर दिया, जिसमें दक्षिण चीन सागर में पार्टियों के आचरण पर 2002 की घोषणा (डीओसी) में उल्लिखित गतिविधियां भी शामिल हैं जो स्थिति को और जटिल बना सकती हैं और दक्षिण चीन सागर में तनाव बढ़ा सकती हैं।



हमने डीओसी के पूर्ण और प्रभावी कार्यान्वयन के महत्व को रेखांकित किया और दक्षिण चीन सागर (सीओसी) में एक प्रभावी और ठोस आचार संहिता की वार्ता के लिए अनुकूल वातावरण को बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध किया, जो 1982 के यूएनसीएलओएस सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार है। इस बीच, जैसा कि अपेक्षित था, भारत ने एससीओ मेजबान देश पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय वार्ता में भाग नहीं लिया। पाकिस्तान के साथ संबंध लगभग एक दशक से खराब चल रहे हैं, और यह तब और बढ़ गया जब भारत ने कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटा दिया। पाकिस्तान स्थित कुछ आतंकवादी हमलों और पाकिस्तान की धरती पर आतंकवादियों पर भारत की सर्जिकल स्ट्राइक ने सुनिश्चित किया कि संबंध ठंडे रहे।

इस बीच, कोविड के बाद के युग में पाकिस्तान की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट आई है। यद्यपि विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा को एक सद्भावनापूर्ण कदम के रूप में देखा जा सकता है, लेकिन दीर्घावधि में आर्थिक द्विपक्षीय संबंध और दोनों देशों के बीच मानवीय सेतु ही पाकिस्तान के लिए एकमात्र रक्षक होगा।

## आप की बात

### आप में घबराहट

**हरियाणा** की हार से आम आदमी पार्टी-आप बहुत घबराई हुई है। एक ओर तो वह राष्ट्रीय पार्टी के रूप में अपना विस्तार करना चाहती है और इसके लिए गठबंधन की राजनीति को तैयार है। लेकिन हरियाणा में हुई करारी हार से घबराकर उसने महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा के चुनाव में भाग न लेने का फैसला किया है। दिल्ली और पंजाब में सरकार तथा कुछ प्रदेशों में विधायक होने के बावजूद इसके वो एक प्रदेश में हार से इतनी विचलित हो गई कि दो प्रमुख प्रदेशों में चुनाव लड़ने से ही इंकार कर रही है। चुनाव न लड़ने का उसने यह बहाना बनाया है कि उसे दिल्ली में चुनाव जीतना है और वह इसके लिए सारी ताकत लगाएगी। हालांकि, सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने से वह प्रसन्न है, पर इससे उसके सभी प्रमुख नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के दाग मिटने वाले नहीं हैं। हरियाणा की जनता ने केजरीवाल को ईमानदारी का सार्टीफिकेट देने से पूरी तरह इनकार कर दिया है। यदि राज्य में एक भी सीट मिल जाती तो केजरीवाल डींग हांकते फिरते। लेकिन अब आप महाराष्ट्र व झारखंड में मैदान में उतर कर ऐसा कोई जोखिम मोल नहीं लेना चाहती है। वैसे भी कांग्रेस से गठबंधन टूटने के कारण उसे महाराष्ट्र और झारखंड में सफलता या बेहतर प्रदर्शन की कोई खास उम्मीद नहीं थी।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### आप्रवासियों का भय

**अनेक राजनेताओं** का सबसे पहला दुश्मन होता है आप्रवासी। इस मुद्दे को भुनाकर चुनाव जीतने के लिए अनेक पार्टियां आप्रवासियों के लिए दंडात्मक नियम बनाते व उसे लागू करती हैं। ग्रेट ब्रिटेन की पिछली कंजरवेटिव सरकार ने आप्रवासियों से मुक्ति पाने के लिए अफ्रीकी देश रवांडा से समझौता किया था। इसके तहत ब्रिटेन के अवैध आप्रवासियों को रवांडा स्थानांतरित किया जाना था। लेकिन यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी। अब तक केवल 4 लोगों को ही रवांडा भेजा जा सका। ऐसी ही मुश्किलों का सामना इटली भी कर सकता है। रोम की एक आव्रजन अदालत ने फैसला दिया कि शिविर में भेजे 12 प्रवासियों को वापस लाया जाए क्योंकि उन्हें वापस भेजना असुरक्षित है। प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने इस आदेश के खिलाफ अपील का फैसला किया है। स्पष्ट है कि जहां कुछ राजनेता मूल निवासियों को आप्रवासियों का भय दिखा कर चुनावी सफलता पाते हैं, वहीं आप्रवासियों के मानवाधिकारों और उनके संकट को अनदेखा किया जाता है। रोजी-रोटी, सुरक्षा और बेहतर जीवन की उम्मीद में लोग अपने प्रियजनों व मातृभूमि को छोड़ कर पलायन पर मजबूर होते हैं। उनके कष्टों पर सारी दुनिया को विचार करना चाहिए।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### चीन की महत्वाकांक्षा

**भारत** ने चीन की महत्वाकांक्षी योजना वन बेल्ट वन रोड-ओबीओआर का पूरी दृढ़ता से विरोध किया है। इस प्रकार भारत शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ का ऐसा एकमात्र देश है जिसने इस विवादास्पद परियोजना का समर्थन नहीं किया है। इसका कारण स्पष्ट है। ओबीओआर में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा शामिल है जो कश्मीर के पाकिस्तान कब्जे वाले हिस्से से होकर गुजरता है। इसलिए भारत शुरू से ही इस योजना का विरोध करता आ रहा है। हालांकि, पाकिस्तान में उस क्षेत्र की जनता भी ओबीओआर का भारी विरोध कर रही है। पाकिस्तान के अनेक भागों में एक प्रकार से मुक्ति आंदोलन चल रहा है। आंदोलनकारियों का मानना है कि चीन ने पाकिस्तान को अपना गुलाम बना लिया है और उनके क्षेत्रों के प्राकृतिक संसाधन चीन-पाकिस्तान मिल कर लूट रहे हैं। आंदोलनकारियों ने चीनी अधिकारियों तथा परियोजना में काम करने वाले इंजीनियरों पर हमले भी किए हैं। लेकिन पैसे-पैसे के लिए मुहताज पाकिस्तान अपने आका चीन को खुश करने के लिए चीनी परियोजना की रक्षा के लिए विशेष सैनिक बल तैयार करने पर भारी खर्च कर रहा है। यह स्थिति स्वाभाविक रूप से भारत के लिए चिन्ताजनक है।

**-मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### डीएनए कंप्यूटर

**वैज्ञानिकों** ने एक ऐसा डीएनए कंप्यूटर बनाने में शुरुआती सफलता प्राप्त की है जो डीएनए के जैविक अणुओं यानी न्यूक्लिक एसिड की श्रृंखला से सब तरह की कंप्यूटिंग कर सकता है। उसके कामों में डेटा स्टोर करने, पढ़ने, मिटाने, ट्रांसफर करने और फिर से लिखने के अलावा इन कार्यों को प्रोग्राम लायक बनाना और दोहराना शामिल है। उल्लेखनीय है कि डीएनए कंप्यूटर सैकड़ों कंप्यूटरों में संग्रहीत डेटा को पेंसिल के आकार वाली संरचना में संरक्षित कर सकता है। हालांकि, अभी इस कंप्यूटर के विकास में बहुत काम बाकी है। मगर यह उम्मीद है कि डीएनए कंप्यूटर से चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार होगा और कई असाध्य बीमारियों का इलाज संभव हो सकेगा। डीएनए कंप्यूटर की सारी जानकारी चार डिग्री संटीग्रेड पर 500 वर्षों तक तथा इससे कम तापमान पर और लंबे समय तक सुरक्षित रखी जा सकेगी। डीएनए कंप्यूटर के माध्यम से मानव को और अधिक स्वस्थ, मजबूत, दीर्घजीवी और सक्षम बनाया जा सकेगा।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# प्रदेश की जनता ने 5 साल कांग्रेस सरकार को देखा है कितने पानी में थे भूपेश बघेल : अशोक साहू

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम लोहारिडीह की घटना पर कांग्रेस पार्टी व उनके नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनैतिक बयान और प्रदर्शन के संदर्भ में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा झूठ की बुनियाद पर खड़ा होकर राजनीती करना बंद करें भूपेश बघेल। झूठी बात कहना और उसे सच बताना भूपेश बघेल की पुरानी आदत है। अपराधियों को सरक्षण देने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओं के मूह से न्याय जैसे शब्द भी अशोभनीय लगने लगते है। कवर्धा में अपराधियों को सरंक्षण देकर मो. अकबर ने कवर्धा को अशांत करने की कोशिश की जिसका जवाब जनता ने मो. अकबर व उनके आका भूपेश बघेल को विधानसभा व लोकसभा में दे दिया है। लोहारिडीह की दुर्भाग्य पूर्ण घटना पर फिर एकबार भूपेश बघेल कवर्धा का माहौल ख़राब कराना चाह रहे है यह स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार है जिसमे विजय शर्मा जैसे संवेदनशील गृहमंत्री है जो बहुत ही संवेदनशीलता से ग्राम वासियों के बीच वार्तास्थापित कर गाँव में जनजीवन सामान्य हो सके। पीड़ित पक्षों को कानूनन न्याय मिल सके इस दिशा में प्रयत्नशील है वही दूसरी ओर मुद्दाविहीन कांग्रेस पार्टी व भूपेश बघेल झूठ बोलकर, नाबालिग बच्चों के कंधे पर चढ़कर राजनीती करने की असफल कोशिश कर रहें है जिसकी जितनी निंदा की जाये कम है। हाल ही में समस्त ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर स्पष्ट कहा है हमे लोहारीडीह के घटना पर राजनीती नही करनी और ना ही करवानी है, हमे सरकार पर भरोसा है, कानून पर भरोसा है। हमे न्याय मिलेगा उसके बाद भी राजनैतिक रोटी सेकने की कोशिश कर रहे भूपेश बघेल से कहूँगा अनावश्यक आँच देने से आपकी राजनीतिक रोटी सिकेगी नही बल्कि जल जाएगी। उन्होंने कहा भूपेश बघेल न्याय की बात करने से पहले अपने कार्य काल की तीन बड़ी घटना पर भी कुछ बोल लिया करें तब आपको न्याय देने से कौन रोक रहा था। अपराधियों को सरक्षण देने वाला विधर्मियों को सरक्षण देने वाले कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर या फिर आपके आका राहुल गाँधी आपको रोक रहे थे। कवर्धा में झंडा विवाद पर अपराधियों के खिलाफ अपराध पंजीबध नहीं होते, बिरनपुर की घटना पर दुर्ग में सिक्ख बंधू की हत्या पर आपका कोई मंत्री जाता नही है और आप चले है ग्रामवासियों के भावनाओं के विरुद्ध जबरदस्ती न्याय दिलाने। अशोक साहू ने कहा लोहारीडीह की घटना समाज के लिए भी और जिलेवासियों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह हिंसक प्रतिद्वंदता नही होनी चाहिए। किन्तु पुरे घटना क्रम को देखे तो सरकार व प्रशासन ने इसे बहुत ही संवेदनशीलता से लिया है। शिवप्रसाद (कचरू) की मृत्यु के बाद पुलिस कार्यवाही से पहले ही आक्रोशित भीड़ से रघुनाथ साहू की मृत्यु हो जाती है। लायन आर्डर में लगे पुलिस कर्मियों पर हमला के बावजूद पुलिसकर्मीयों ने 15 और लोगों को मरने से बचा लेती है। सयोंगवश प्रशांत की मृत्यु अभिरक्षा में हो जाती है सभी घटनाओं में बिना जाँच के ही आप न्याय न्याय दिलाने लगते है। भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदेव की सरकार में अपराधियों का सरंक्षण नही होता है। जाँच चली और शिवप्रसाद की हत्या के आरोप में 4 लोग गिरफ्तार है। रघुनाथ साहू के आगजनी और हत्या पर जाँच चल रही है उस पर भी माबलिंचिंग कर रहे भीड़ से लोगो को गिरफ्तार किया गया है। रही बाद प्रशांत की मौत का तो उसपर भी संवेदनशीलता दिखाते हुए सरकार ने 10 लाख रूपये मुआवाजा राशि दी है। अतिरकित पुलिस अधीक्षक सहित अन्य 3 पुलिस कर्मियों को निलम्बित किया गया।

# दीनदयाल उपाध्याय कालोनी में पौधारोपण के साथ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सहयोग बेमेतरा ने पुनः अपने अभियान जल जंगल जमीन के संरक्षण और स्वछता पर कार्य करते हुए 08दिनों की कड़ी मेहनत के बाद दीनदयाल उपाध्याय कालोनी कंतेली बेमेतरा के उद्यान के लिए आरक्षित भूमि जो कालोनी वासियों का कचरा संग्रहण केंद्र बन गया था को अथक प्रयास से जन सहयोग से पौधारोपण के लायक तैयार कर प्रातः जब लोग सो कर नहीं उठते उस समय प्रातः 06:30बजे पौधारोपण और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया।

आयोजन जगदीश लाल भूतड़ा परिवार के सौजन्य से जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार और न्यूज संवाददाताओं के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सहयोग संस्था ने नगर के छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षाओं में नगर में प्रथम स्थान पर रहे छात्रों को अतिथियों के हाथों सम्मानित किया, जिसमें क्रमश श्रेजल/संतोष कुमार ध्रुवे 10वी में नगर में प्रथम और राज्य की प्रवीण्य सूची में अंडर 10 कक्षा, 12वी में सानिया/ नवीन सिंह जीव विज्ञान, सोनवानी, आलोक/ अशोक साहू गणित, प्रिया/तेजराम साहू वाणिज्य, टीनू /रमेश श्रीवास कला, अनन्या/चंद्रभूषण ठाकुर कृषि और जागेश्वरी/ राजू ठाकुर को राष्ट्रीय खेल गतका प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता को सम्मानित किया गया। आयोजन में दिनेश दुबे अध्यक्ष सिटी प्रेस क्लब सुजीत शर्मा शांति बाई भूतड़ा कोमल सिंह ठाकुर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुनील राजपूत दीनदयाल कालोनी से और डॉ सुभाष चौबे अध्यक्ष सहयोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इसके साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार, लक्ष्य फाउंडेशन के पवन वर्मा और छात्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बेमेतरा से सोनिया और साथी, दिनेश शर्मा, लक्ष्मी साहू, मुकेश देवांगन देवरबीजा, मंजीत सलूजा छात्र छात्राएं, कालोनीवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मंच संचालन प्रो. लक्ष्मी नारायण साहू ने और आभार रामा मोटवानी ने किया।

# अदिति चांडक ने शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किया हासिल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सीबीएसई के एम पावर द्वारा संचालित खेल टूर्नामेंट में विभिन्न खेल प्रतियोगिता कांकेर के जे पी इंटरनेशनल स्कूल में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रमुख रूप से टेबल टेनिस, शतरंज और बेडमिंटन शामिल था। इस प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के एलंस पब्लिक स्कूल से 13 बच्चों ने कमलेश एवं अली के मागदर्शन में कांकेर में आयोजित इस खेल टूर्नामेंट में शिरकत की। प्रतियोगिता 2 दिवसीय 19 एवं 20 अक्टूबर तक हुई। इसमें बेमेतरा जिले के एलंस पब्लिक स्कूल की कुमारी अदिति चांडक, कक्षा-8 ने शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्कूल व नगर का नाम रोशन किया। कुमारी अदिति को जिलेवासियों ने शुभकामना संदेश देते हुए बधाई दी।

# दीपावली मानस उत्सव एवं सम्मान समारोह के लिए मानस संघ की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मानस संघ बेमेतरा के तत्वाधान में मां मावली मंदिर परिसर में आवश्यक बैठक आयोजित किया गया, जिसमें सपाद लच्छेश्वर धाम सलधा में प्रतिवर्ष की भांति कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को परमाराध्य परमधर्माधीश अनन्त विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज, कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी 30 अक्टूबर को सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ पधार रहे हैं। उस दिन दीपावली एवं मानस महामहोत्सव के साथ अपने विविध कलाओं के द्वारा छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने वाले विशिष्ट अतिथियों का सम्मान समारोह भी आयोजित है। स्वामी ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के नेतृत्व में होने वाले दीपावली मानस उत्सव एवं सम्मान समारोह में जिले के समस्त मानस मंडली की उपस्थिति सुनिश्चित करने संबंधी निर्णय लिया गया तथा जिले के समस्त ब्लाकों में शक्ति केंद्र स्थापित कर शक्ति केंद्र स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता करने संबंधी निर्णय लिया गया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में मानस मंडली के प्रमुख सहित जिला अध्यक्ष देवलाल सिन्हा माखन साहू उपाध्यक्ष महेश साहू ब्लाक अध्यक्ष नवागड नरेंद्र साहू गजेंद्र वर्मा जिला संगठन मंत्री सचिव विष्णु साहू राजकुमार ताम्रकार बेरला मदन सिंहा संरक्षक महराज दिन धीवर लखन वर्मा शक्ति केंद्र हसदा अध्यक्ष संतोष शर्मा संतोष साहू सुरेंद्र देवदास सतीश कुमार रमेश पाटिल बलदाऊ परगनिहा इतवारी साहू अलख पाटिल मनोज वर्मा सहित बड़ी संख्या में मानस पथिक उपस्थित थे।

# नगर की कई सड़कों की हालत जर्जर

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर की कई सड़कों की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है जिसके मरम्मत के लिए संबंधित विभाग किसी प्रकार का ध्यान नहीं दे रहा है। जिसकी वजह से आवागमन में लोगों को काफी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। नगर में न्यू मार्केट गुप्ता चौक से जैन भवन चौक, गुप्ता चौक से रेलवे कॉलोनी वाली रोड, श्रमवीर चौक से माइन्स ऑफिस की ओर जाने वाली सड़क की हालत खराब होती जा रही है इस सड़क का डामरीकरण कई साल पहले हुआ था चौड़ीकरण भी किया गया था लेकिन स्थिति ठीक इसके विपरीत दिख रही है। इस मार्ग पर जगह-जगह गडडे हो गए हैं। श्रमवीर चौक से माइन्स ऑफिस तक जाने वाली सड़क बीएसपी के क्षेत्र में आती है लेकिन बीएसपी का संबंधित विभाग इस सड़क के जीर्णोद्धार के लिए कोई काम नहीं कर पा रहा है। जबकि इस सड़क में डामरीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। हालांकि इसके लिए कई संस्थाओं एवं श्रम संगठनों ने बीएसपी प्रशासन का ध्यान कई बार आकर्षित कराया है इसके बावजूद भी बीएसपी के कान में जूं नहीं रेंग रही है। इसी के साथ माइन्स ऑफिस से पेट्रोल पंप सुभाष चौक तक जाने वाली सड़क भी खराब होती जा रही है यह सड़क भारी वाहनों के लिए एक पार्किंग स्थल बन गया है इसलिए यातायात में कभी काफी बाधा उत्पन्न हो रही है । इसी के साथ जेड ई ऑफिस से लेकर पंडर दल्ली तक जाने वाली सड़क की भी हालत खराब होती जा रही है। जेड ई ऑफिस चौक से लेकर जलाराम मंदिर चौक तक सड़क की दोनों ओर भी माल वाहक गाड़ियों का जमावड़ा बना रहता है शायद यह परमानेंट पार्किंग का स्थल बन गया है। इस ओर बीएसपी नगर प्रशासन और ना ही नगर पालिका का ध्यान जा रहा है जबकि नगर पालिका अध्यक्ष भी इसी क्षेत्र के निवासी हैं। राजहरा नगर के लिए एक बड़ी विडंबना है कि यहां कोई भी व्यवस्था ठीक नहीं है यातायात व्यवस्था तो पूरी अस्त व्यस्त हो चुकी है गाड़ियों के पार्किंग के लिए कोई स्थान निर्धारित नहीं है नगर के मुख्य मार्ग से भारी वाहनों के सहित वन्य वाहनों का भी आना-जाना लगा रहता है जिससे अनेकों बार यातायात बाधित होता रहता है, पर आज तक बाईपास सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। प्रशासन की कमजोरी समझ लें या क्षेत्रीय विधायक की लापरवाही इन सब का खामीयाजा नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। राजहरा व्यापारी संघ भी कई बार बाईपास सड़क की मांग कर चुका है। बाईपास सड़क के लिए सर्वे भी हुआ है पर सड़क निर्माण कार्य अब तक आरंभ नहीं हो पाया है जबकि यह प्रोजेक्ट बरसों पुराना है। एक बड़ी अजीब बात इस नगर के लिए यह देखने मिल रही है कि नगर के विकास, विस्तार एवं विभिन्न सुविधाओं को बढ़ाने के लिए ना प्रशासन का ध्यान जा रहा है और ना ही शासन के नुमाइंदे इस ओर किसी प्रकार का ध्यान दे रहे हैं। छाया विधायक जो इस क्षेत्र से आना-जाना करते हैं उनकी क्या भूमिका है यह समझ से परे है। जबकि ये प्रशासन पर दबाव डालकर नगर विकास के कार्य करवा सकते हैं लेकिन उनकी उदासीनता भी लोगों को समझ नहीं आ रही है। यदि इसी प्रकार की उदासीनता संबंधित पक्षों द्वारा बरती गई तो नगर में कभी भी असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जिसकी जवाबदारी प्रशासन एवं शासन की मानी जाएगी।

# शिकसा करेगा 'मैं शिक्षक हूँ' साहित्य संकलन का प्रकाशन



**उतई।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ 'शिकसा' के पांच वर्ष पूर्ण होने पर शिकसा के सदस्य साहित्यकारों का साहित्य को एक मंच देने के लिये शिकसा साहित्य संकलन 'मैं शिक्षक हूँ' का प्रकाशन अतिशीघ्र करने जा रहा है जिसमें सदस्यों से सहयोग अविलंब अपेक्षित है। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन 'आस' ने बताया कि इसमें प्रत्येक शिक्षक को एक पृष्ठ दिया जायेगा जिसमें संक्षिप्त परिचय फोटो सहित स्वरचित रचना प्रकाशित किया जायेगा इसके लिये सहभागिता राशि 500 रुपए रखा गया है। प्रकाशन उपरान्त पत्रिका की प्रति ससम्मान शिकसा साहित्य रत्न 2024 प्रदान किया जायेगा। संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' ने कहा कि जो सदस्य नही है वो सदस्यता ग्रहण कर शामिल हो सकते है। वहीं इस संकलन प्रकाशन के लिए संपादक मंडल बनाया जा रहा है जो संपादक मंडल में शामिल होना चाहते है वो 1100 रुपए जमा कर शामिल हो सकते है। शामिल होने पर आपका संक्षिप्त परिचय फोटो सहित कलर पेज में प्रकाशित किया जायेगा। अपना परिचय व स्वरचित रचना व सहभागिता शुल्क के साथ शीघ्र जमा कर शामिल हो सकते है। सहभागिता राशि नगद फोन पे 9981763747 या एकाउंट में शीघ्र जमा कर सहयोग प्रदान कीजिए ।

# शासन प्रशासन नगर पालिका व नगर के वार्डों का पार्षद एवं अध्यक्ष स्वच्छता अभियान में विफल : शिवसेना

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी दाऊ, राम चौहान ने कहा कि जिला बेमेतरा नगर में किसी भी वार्डों में ठीक से सफाई नहीं किया जाता और लगभग 10 वर्षों से नालियों में सफाई के पश्चात ब्लीचिंग पाउडर का जो छिड़काव किया जाता था वह कहीं पर दिखाई नहीं दे रहा है, जिसके चलते पूरे शहर गली मोहल्ले में मच्छर काफी तेजी से बढ़ चुका है। नगर के आम जनता अधिकांश मलेरिया बुखार से पीड़ित है जिनका इलाज स्वास्थ्य विभाग में आए दिन चलते रहता है अभी वर्तमान देखा जाए तो नगर के गौरव पथ रोड माता भद्रकाली से लेकर गस्ती चौक तक बड़ी नाली बनने के बाद आज तक पूरी सफाई नहीं किया गया। नाली में लगभग 1 से 2 फीट मलमा भरा हुआ है अभी बारिश के मौसम जो निकली उस समय गौरव पथ रोड में अधिकांश घरों में नाली का गंदा पानी आम जनता के घरों में पानी भरने से काफी परेशानी हुई है आगे चौहान ने कहा कि स्वच्छता अभियान के नाम से शासन प्रशासन, झूठी ढोंग पीट रहा है पालिका प्रशासन, एवं नगर पालिका अध्यक्ष व नगर के समस्त वार्डों के पार्षदों के द्वारा नगर में सफाई के नाम से वाह वाही लुटा रहे हैं नगर के सिग्नल चौक से दुर्ग रोड, रायपुर रोड, कवर्धा रोड, मोहभट्ठा रोड एवं नगर के गली में मोहल्ला कचरा एवं गंदगी से परिपूर्ण भरा हुआ है नालियों में कीड़ा बिल बिला रहा है वहीं पर मच्छर पनप रहा है ठीक से सफाई नहीं है आगे चौहान ने बताया कि सामने नगरी निकाय चुनाव को देखते हुए नगर के वाडो के पार्षदों के द्वारा घर-घर जाकर सफाई के नाम पर कचरा लेने की बात कही जा रही है जिसे जनता सब देख रहे हैं आने वाले नगरी निकाय चुनाव में जनता ही जवाब देंगे शिवसेना जिला बेमेतरा प्रभारी दाऊ राम चौहान ने आम जनता से अपील की गई है की आने वाले नगरी निकाय चुनाव में पार्टी के द्वारा प्रत्याशी उतारा जाएगा नगर के जनता शिवसेना का पार्षद या अध्यक्ष चुनता है तो बेमेतरा नगर को स्वर्ग जैसे बनाने का वचन देता है।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद तरुण देशमुख को दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोपली में झीरम घाटी में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए शहीद तरुण देशमुख को श्रद्धांजलि दी गई और साथ ही लद्दाख बॉर्डर पर शहीद हुए शहीद जवान उमेश कुमार साहू को याद करते हुए शोक सभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों और जनप्रतिनिधियों, शिक्षको, पुलिस टीम सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए। शाला के प्रधान पाठक हरिशचंद्र देवांगन ने शहीद तरुण देशमुख के वीरता के बारे में सभी बच्चों को बताया। सब इंस्पेक्टर फागूराम लहरें ने इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए पुलिस जवानों और सैनिकों के वीरता के बारे में जानकारी दिया।इस अवसर पर मचांदुर चौकी प्रभारी फागूराम लहरें, सरपंच मंजू वर्मा मंडल अध्यक्ष फत्ते वर्मा, प्रधानाध्यापक हरिशचंद्र देवांगन, नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू, सांसद प्रतिनिधि राजू साहू, शुभम वर्मा, दीपक साहू, मनोज साहू, लोकेश साहू, निधि गेंडाम, भुनेश्वरी देवांगन, रामती पाटिल, युवराज साहू, रानू यादव एवं ग्राम कोटवार उपस्थित रहे।

# मावली माता के दरबार में श्रीराम को समर्पित रामचरित मानस से गूंज उठा क्षेत्र : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के मावली माता प्रांगण में आंचलिक मानस प्रतिष्ठान, मावली भाठा द्वारा आयोजित एक दिवसीय मानसगोष्ठी कार्यक्रम बड़े धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में भाजपा किसान नेता और सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। योगेश तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत में मां मावली माता और भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना की और समस्त क्षेत्रवासियों की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिकता बढ़ती है और एकजुटता को बल मिलता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने रामचरितमानस पर अपने विचार रखे और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। स्थानीय लोगों और मानस प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में संतोष शर्मा (घटियाखुर्द), रमेश पाटिल (घटियाखुर्द), संतोष साहू (हसदा), मदन सिन्हा (हसदा), देवलाल सिन्हा (हसदा), उमधार साहू (हसदा), इतवारी साहू (मावली), पीलाराम शर्मा, नरेंद्र जायसवाल, महेश साहू, संतोष देवांगन, प्रवीण गोस्वामी, राजकुमार सोनी, मनोज सिन्हा, नरेश राय और यशवत टंडन का विशेष योगदान रहा। हर साल की तरह इस बार भी बेमेतरा जिला मानस संघ द्वारा आयोजित इस मानस सम्मेलन में भक्तों और वक्ताओं ने अपनी मधुर भजनों से सभी को भाव-विभोर कर दिया।

# राज्य स्तरीय क्रिकेट में मतवारी की तीन छात्राओं का चयन



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

24 वीं राज्य स्तरीय शालेय बालिका 19 वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए शाउमावि मतवारी के प्रियंका साहू, पायल चौहान और भावना यादव का चयन हुआ है। प्रतियोगिता 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक ऊर्जा नगरी कोरबा मे आयोजित है, जिसमे दुर्ग संभाग के अलावा रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के स्कूली खिलाड़ी बच्चे शामिल होगे। ग्रामीण परिवेश मे क्रिकेट जैसे महंगे और लोकप्रिय खेल मे खिलाड़ी तराशकर निकालना आसान नही होता वो भी बालिका वर्ग मे लेकिन ये कठिन काम शाउमावि मतवारी ने करने का पूरा प्रयास किया है। बच्चो को मैदान तक लाना बहुत मुश्किल होता है। खिलाड़ी बच्चो की इस सफलता पर ग्राम सरपंच केशरी साहू संस्था के प्राचार्य एस आर चंद्राकर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, ग्रामवासी मतवारी और स्कूली छात्र छात्राओ ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएँ दी है।

# करोडों खर्च करने के बावजूद चांपा का ऐतिहासिक रामबांधा तालाब बना कूड़ेदान

## गंदगी और बदबू से बढ़ा चर्मरोग का खतरा, जाते जाते तालाब का एक बार मुआयना करने जनता की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



कभी रामबांधा तालाब शहर की जीवनदायिनी हुआ करता था लेकिन अभी गंदगी और कचरा डंप करने का सुलभ स्थल के रूप में उपयोग हो रहा है।पिछले कार्यकाल के आखिर में लाखों की लागत से गहरीकरण कराया गया था जबकि उसके पूर्व करीब 8 करोड़ की लागत से सौन्दर्यीकरण कराने का दावा किया गया था। लेकिन देखरेख के अभाव में खुद रामबांधा तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। राजस्व रिकार्ड में करीब 99 एकड़ क्षेत्रफल में फैला रामबांधा तालाब शहर का ऐतिहासिक वह तालाब हैं जो लोगों के निस्तार का बहुत बड़ा स्त्रोत है। तालाब के चारों ओर बड़ी संख्या में लोग निस्तार के लिए तालाब का उपयोग कई दशकों से कर रहे है।पिछले कार्यकाल में करोड़ों की लागत से तालाब का गहरीकरण और सौन्दर्यीकरण कराया गया था। लेकिन देखरेख के अभाव में अभी तालाब उपयोग करने लायक नही रह गया है।शहर में तालाब के विभिन्न घाटों का जायजा लेने पर पता चला कि चुनिंदा कुछ घाटों में कचरों का ढेर दिखा। हालांकि तालाब चारों ओर जलकुंभी और कचरों से अट गया है।तालाब के पानी से बदबू आ रहा है।यहां से गुजरना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में तालाब का यह दूषित पानी उपयोग करने लायक नही रह गया है।इस पानी का उपयोग निस्तार करने से चर्म रोग की समस्या उत्पन्न होने से इंकार नही किया जा सकता।इधर नगर पालिका भी कुम्भकर्ण की गहरी निद्रा में है।उन्हें जनता का दुख दर्द दिखाई और सुनाई देना बन्द कर दिया है। फिर जनता अपनी समस्या लेकर किसके पास जाए। शहर में नही बचा कोई नेता - चांपा शहर की बदहाली यहां के निष्क्रिय नेताओ ने तकदीर में लिख दी है। यही वजह है जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है।लेकिन उनकी आवाज उठाकर उनकी समस्याओं को निराकृत करने वाला नेता शहर में नही बच गया है।वाहवाही लेने के लिए तो यहां शहर से लेकर प्रदेश स्तर तक के नेता होने का दंभ भरते है। लेकिन धरातल पर निष्क्रियता ही नजर आता है। विपक्ष को तो जैसे सांप ही सुंघ गया है। इसीलिए जनहित के समस्याओं पर भी विपक्ष का मौन रहना जनता को नागवार गुजर रही है।

**चुनाव में सबक सीखा सकती है जनता –** नगर पालिका चुनाव का काउनडाउन शुरू हो गया है। जनता भी जिस कदर सालों से विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है उसे देखते हुए चुनाव में सबक सिखाने का मन बना चुकी है।इस बार का चुनाव काफी रोचक होने के आसार नजर आ रहा है। कमजोर इच्छाशक्ति और पक्ष-विपक्ष की दोस्ती के कारण शहरवासी सड़क, पानी, बिजली, साफ़ सफाई सहित बुनियादी सुविधाओं के लिए मशक्कत कर रही है। इसे ध्यान में रखते हुए जनता की समस्याओं पर खुद को फोकस करने वाली सरकार के चुनाव के लिए जनता प्रतिबद्ध होते नजर आ रही है।

# साहित्य और संस्कृति को कायम रखना जरूरी है: विधायक रामकुमार

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



संस्कृति और साहित्य दोनों समाज के दर्पण होते हैं इसलिए सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए इन दोनों को संभाल के रखना अति आवश्यक है उक्त बातें चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने नगर युवा मंडल जयजयपुर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। श्री यादव ने प्रतिभावान विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना करते हुए इस आयोजन के लिए नगर युवा मंडल की भूरि भूरि प्रशंसा किया। कार्यक्रम को नगर पंचायत के उपाध्यक्ष दिलीप चंद्र पार्षद अमृतलाल बंटी साहू एवं संस्कार स्कूल के संचालक काशीराम चंद्र ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का सफल संचालन नगर युवा मंडल के प्रहलाद साहू एवं अभिषेक स्वर्णकार ने किया। 19 अक्टूबर 2024 को नगर युवा मंडल जयजयपुर द्वारा नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नगर के शिक्षक लक्ष्मी नारायण धीवर, पुलिस भर्ती के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देने वाले राजकुमार यादव समेत 80% से अधिक अंक पाने वाले 68 विद्यार्थियों का स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात विभिन्न राज्यों से आए हुए कवियों द्वारा उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर करते हुए हंसाया और गुदगुदाया गया। हास्य कवि हीरामणि वैष्णव ने करवा चौथ मेरे नाम की होगी ,,, तो ओज कवि ईश्वर साहू आरुग ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचना से श्रोताओं को खूब हंसाया वही हास्य कवि एवं संचालक बंशीधर मिश्रा, दमदार बनारसी, प्रियंका मिश्रा, ओज कवि ईसान विद्युत, अमित दुबे ने भी रात भर दर्शकों को खूब हंसाया और देश की वर्तमान चिंतन से अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के तैल्य चित्र पर धूप - दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में मंच में नगर विकास समिति के अध्यक्ष फुनूलाल साहू, समाजसेवी डॉक्टर प्रसाद चंद्रा, व्यापारी संघ अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, सरपंच जितेंद्र चंद्रा, सरपंच जगेश्वर चंद्रा एवं उपसरपंच सुरेश चंद्रा मंचासीन रहे।

# झुन्झनू धाम की दादी ने करवा चौथ पर स्वयं रखा व्रत मंदिर पहुंची महिलाओं ने किया दादी के दर्शन





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

झुन्झनू धाम श्री रानी सती दादी मंदिर में 20 अक्टूबर को करवा चौथ के पावन पर्व पर स्वयं रानी सती दादी जी ने करवा चौथ का व्रत रखा, इस अवसर पर पहुंची दादी भक्त महिलाओं ने भी जहां पूजा- अर्चना कर दादी जी के दर्शन किए तो वही पूरा मंदिर परिसर रानी सती दादी जी के श्री घोष से गूंजायमान हो उठा एवं इस अवसर पर जहां करवा चौथ के अवसर पर व्रत करने वाली महिलाओं के अर्क देने के बाद सभी महिलाओं के लिए दादी जी की रसोई की व्यवस्था की गई तो वहीं इस दौरान पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री रानी सती दादी मंदिर के संस्थापक महेंद्र मित्तल, सावी मित्तल, शोभा मित्तल, मधु शर्मा, प्रियंका मोदी, ममता अग्रवाल, आशीष अग्रवाल RM, इंदु अग्रवाल का विशेष योगदान रहा इस अवसर पर मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने बताया कि आने वाले दिनों में दादी जी के वार्षिक उत्सव के अवसर पर 15 किलोमीटर लंबी चुनरी यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# जैजैपुर खण्ड का विजया दशमी उत्सव शस्त्र पूजन, उल्लास के साथ मनाया गया

## सेकडों की संख्या में स्वयं सेवक एकत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खण्ड जैजैपुर का 20/10/2024 को शस्त्र पूजन समपन्न सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित थे विश्रामगृह जैजैपुर से पथ संचलन करते हुए श्री राम मंदीर मे पूजन कार्य किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में श्री उमाशंकर साहू जी खण्ड चिकित्सा अधिकारी जैजैपुर थे उन्होंने उद्बोधन मे कहा कि संघ कार्य इश्वरीय कार्य है राष्ट्र प्रेम की राह दिखाता विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, मुख्य वक्ता के रूप मे योगेश्वर साहू विभाग प्रचारक कोरबा विभाग आमंत्रित थे उन्होंने ने बताया संघ 1925 से आज तक पूरे देश में 70000 शाखा, संचालित है आदरणीय प्रथम संघ चालक डाक्टर हेडगेवार जी को याद करते हुए राष्ट्र के महापुरुषो के बारे में विस्तार से बताया राम, कृष्ण, स्वामी विवेकानंद जी आदि को नमन करते हुए उद्बोधन दिये खण्ड संघ चालक रोहित चंद्रा, खण्ड कार्यवाह शत्रुहंन केवट सहित सेकडों की संख्या में स्वयं सेवक सामिल हुए।

# अवैध देशी शराब रखने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




आबकारी एक्ट का मामला दर्ज हुआ है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर नशीले पदार्थ के कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है,अवैध रूप देशी प्लेन शराब बिक्री हेतु रखने वाला आरोपी राकेश पटेल निवासी ग्राम कंचनपुर गिरफ्तार किया गया है,आरोपी के कब्जे से 32 नग देशी प्लेन शराब, कीमती 2880 रूपये जप्त हुई है, मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा नशीले पदार्थों के कारोबारियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा है कि 20.10.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि कंचनपुर निवासी राकेश पटेल अवैध रूप देशी प्लेन शराब बिक्री हेतु अपने कब्जे में रखा है कि सूचना पर पुलिस स्टाफ एवं गवाहन के मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया जो राकेश पटेल एक पीले रंग के झोला में 32 नग देशी प्लेन शराब, प्रत्येक में 180 भरी हुई कुल जुमला 5.760 कीमती 2880 रूपये रखे हुये रंगेहाथ पकड़ा गया। जिसे उक्त शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज/लायसेंस हो तो पेश करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई वैध दस्तावेज या लायसेंस नहीं होना लिखित में दिया जिससे उपरोक्त शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

# पुलिस ने आबकारी के दो अलग-अलग मामले किए दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




पुलिसथाना सक्ती, जिला सक्ती के अपराध क्र. 383/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का मामला दर्ज हुआ है, पुलिस अधीक्षक IPS अंकिता शर्मा के निर्देश पर नशीले पदार्थ के कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है,अवैध रूप देशी प्लेन शराब बिक्री हेतु रखने वाला आरोपी प्रशांत रात्रे निवासी ग्राम सिंघनसरा बैंकुठपुर गिरफ्तार हुआ है,आरोपी के कब्जे से 30 नग देशी प्लेन शराब, कीमती 2700 रूपये जप्त की गई है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा नशीले पदार्थों के कारोबारियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा है कि 19.10.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम सिंघनसरा बैंकुठपुर निवासी प्रशांत रात्रे अवैध रूप से देशी प्लेन देशी शराब बिक्री हेतु अपने कब्जे में रखा है कि सूचना पर पुलिस स्टाफ एवं गवाहन के मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया जो प्रशांत रात्रे एक नीले पीले रंग के झोला में 30 नग देशी प्लेन शराब, प्रत्येक में 180 भरी हुई कुल जुमला 5.400 कीमती 2700 रूपये रखे हुये रंगेहाथ पकड़ा गया। जिसे उक्त शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज/लायसेंस हो तो पेश करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई वैध दस्तावेज/लायसेंस नहीं होना लिखित में दिया जिससे उपरोक्त शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी प्रशांत रात्रे पिता अजय रात्रे उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सिंघनसरा बैकुंठपुर थाना सक्ती का कृत्य धारा सदर धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल भेजा गया हैं।

# करंट की चपेट में आकर हुई थी युवक की मौत, पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, जंगली सुअर के शिकार के लिये बिछाया गया था करंट

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले तमनार थाना क्षेत्र में 11 अक्टूबर की सुबह जोबरो खार जंगल में एक युवक की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने जांच उपरांत अज्ञात शख्स के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। अज्ञात शख्स के द्वारा जंगली सुअर के शिकार के लिये बिछाये गए करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौत हो जाने के बाद अज्ञात आरोपी के द्वारा साक्ष्य छिपाने का प्रयास किया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जोबरो खार जंगल में 11 अक्टूबर की सुबह सरोज बंजारा पिता कार्तिक राम बंजारा उम्र 22 वर्ष निवासी लमडांड खुरूसलेंगा की लाश मिली थी। इस मामले में मर्ग जांच पंचनामा एवं पीएम रिपोर्ट के अवलोशन पर यह जानकारी मिली कि सरोज बंजारा की मौत जंगली सुअर मारने बिछाए गए अवैध करंट प्रवाहित जीआई तार के संपर्क में आने से हुई थी।

**अज्ञात शख्स ने बिछाया था करंट**–घटना स्थल से मिले साक्ष्य जीआई तार साबूत व जले हुए तार, बांस का तीरनुमा टुकडे, खून आलूदा कन्कड पत्थर, जले हुए बाल, कटा हुआ इंसानी अंगुली का छिलका मिला है। जिससे प्रतित होता है किसी अज्ञात व्यक्ती के द्वारा जंगली सुअर मारने के उद्देश्य से जीआई तार को लगभग एक किलो मीटर दूर से 11केवी विद्युत लाईन खंभा से कनेक्शन लेकर तार बीछाया गया था। जिसकी चपेट में आने से सरोज बंजारा की मौत हो गई थी।

**साक्ष्य छुपाने का प्रयास**–जंगली सुअर के अवैध शिकार के लिये बिछाये करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर युवक की मौत हो जाने के बाद अज्ञात शख्स ने साक्ष्य छुपाने के मंशा से मृतक के शव को घटना स्थल से घसिट कर डोंगरी नीचे छुपाने का प्रयास किया गया था। जांच के दौरान मृतक के दायें पैर टखना के पास विद्युत करेंट से जलने के निशान मिले है। **आरोपी की पतासाजी में जुटी पुलिस**–जंगली सुअर के शिकार के लिये तार बीछाने वाले अज्ञात शख्स यह जानता था कि इस करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से किसी भी व्यक्ती की मृत्यु हो सकती है। इसके बावजूद जान बुझकर विद्युत की चोरी कर खुले जीआई तार में करेंट प्रवाहित किया था जिसकी चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जांच उपरांत पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 105, 238 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

# ला.ब.शा. स्कूल में अमर शहीद समय लाल कंवर को दिया गया श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनीडीह में अमर शहीद समय लाल कंवर ग्राम पुछेली थाना बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा को उनके शहादत पर नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गई ,जो विद्यालय के पूर्व छात्र थे तथा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 11वीं बटालियन पुटपुरा में पदस्थ रहते हुए ग्रीन हंट ऑपरेशन के दौरान तिमेल वाड़ा जिला सुकमा में नक्सलियों से लोहा लेते हुए दिनांक 12 -05 -13 को मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए थे। उनके शहादत को विद्यालय परिवार याद कर गौरान्वित हुए एवं अमर शहीद -अमर रहे के गगनभेदी नारे से गूंजायमान हुए ।इस अवसर पर पुलिस थाना बम्हनीडीह से सहायक उप निरीक्षक सुनील टैगोर, प्रधान आरक्षक मिलन राठौर एवं आरक्षक अमीर पैकरा उपस्थित थे, वे संस्था के प्राचार्य एस पी तिवारी के साथ अमर शहीद के चित्र में माल्यार्पण करते हुए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के साथ मौन श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर सम्मेलाल डडसेना, श्यामलाल डडसेना, आलोक पटेल, प्रमोद पटेल, डी के पांडेय, श्वेता शिंदे, बी डी वैष्णव, शैलेश पटेल, पार्वती महंत, नवधा पटेल, सत्येंद्र चौहान, आदि उपस्थित थे।

# खरसिया-राबर्टसन रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात महिला का शव

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़.
www.dailypioneer.com

खरसिया-राबर्टसन डाउन लाइन पर एक महिला का अज्ञात शव पाया गया है। घटना की सूचना मालगाड़ी के चालक विजेन्द्र कुमार और ट्रेन मैनेजर एनके भांगे ने खरसिया पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार, लगभग 35 वर्षीय महिला, जो सफेद और लाल साड़ी पहनी हुई थी, दोपहर 12:52 बजे ट्रेन के सामने आ गई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। खरसिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की जांच शुरू कर दी है और उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह हादसा ट्रेन से गिरने के कारण हो सकता है। फिलहाल, पुलिस मृतका की पहचान और हादसे के कारणों की गहराई से जांच में जुटी हुई है।

## भानू प्रताप बनाये गए छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष

**जैजैपुर।** छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास खांडेकर , महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव खांडेकर के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ जिला सक्ती के जिला अध्यक्ष इंजी.संतोष प्रसाद द्वारा गलगलाडीह निवासी भानू प्रताप को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है. ज्ञात हो भानू प्रताप एस.ई.सी.एल से सेवानिवृत कर्मचारी है एवं ट्रेड यूनियन इंटक के पदाधिकारी भी रहे है.

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण
// निविदा संशोधन //

लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर के कार्यालयीन ज्ञापन क्रमांक 4197/सा/निविदा/2024-25/ कांकेर, दिनांक 08/10/2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा क्र. 158933 (NIT No.92) में विशेष कंडिका चेप्टर 8 आयटम नंबर 8.4, 8.5, 8.6, 8.7 एवं 8.13 को अनिवार्य किया गया था, जिसे आवश्यक नहीं होने के कारण शिथिल किया जाता है।
**टीप :- शेष निविदाएँ आमंत्रण हेतु नियम एवं शर्ते यथावत् रहेगी।**
**(जी-242503101 दिनांक 10.10.2024)**

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

G-242503312/3

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION**
**ZONE 05, MANGALAM COMPLEX AGRASEN CHOWK RAIPUR (C.G)**
**E-Mail :- rmczone5@gmail.com**

Ref.:814/RMC/NNR/2024 Raipur. Dated : 18/10/2024

**Notice Inviting Sponsorship**

**Subject :- Proposal for Sponsorship-Based Operation and Maintenance of Gardens & Dividers.**

Raipur Municipal Corporation Zone No. 05 Invites Sponsorship Applications from firms / agencies / PSU / Builders / Corporations / Individuals / Society / NGOs / Contractors / Department & Dividers of the Municipal Corporation area of Zone No. 05. The Applicant can select any Garden & Divder in the municipal area they are interested in. The List of Garden and Divider and detail sponsorship Notifications and details can be availed from Municipal Corporation Office Zone No. 05. Detailed EOI documents can be obtained from the tendar section Room No. 07 Raipur municipal Corporation Zone No 05. The last date for Submission is 06/11/2024 For more information, Visit our Website eproc.cgstate.gov.in.

*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

**Zone Commissioner**
**Zone No. 5**
**Raipur Municipal Corporation**

**कार्यालय नगर पंचायत खरौद, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**E-mail : cmonpkharod@rediffmail.com**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्र./996/न.प./लो.नि.वि./2024-25 खरौद, दिनांक 21/10/2024

**// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा नगर पंचायत खरौद हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत एकीकृती पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से त्रिलिफाफा पद्धति के माध्यम से निविदा फार्म A में पी.डब्लु.डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 एवं पी.डब्लु.डी. इलेक्ट्रिक एस.ओ.आर. 01.06.2020 अंतर्गत निविदा रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अतिम तिथि - 04/11/2024 समय 5:00 बजे सायं तक।
02 . निविदा परीक्षण उपरांत प्राप्त आवेदकों को निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 05/11/2024 समय 5:00 बजे सायं तक।
03. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 12/11/2024 समय 5:00 बजे सायं तक।
04. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय -13/11/2024 समय 12:00 बजे दोपहर

| स. क्र. | कार्य का नाम | अमानत लागत (लाख में) | अमानत राशि (FDR/TDR) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड क्र. 04 जनक भारद्वाज के पास शेड निर्माण कार्य। | 6.16 | 4700 | 750 | 02 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 01 तिवारीपारा मुक्तिधाम, वार्ड क्र. 07 खाल्हेपारा शासकीय प्राथमिक शाला परिसर, वार्ड क्र. 06 मांझापारा मुक्तिधाम (03 स्थान) अहाता निर्माण कार्य। | 19.55 | 14800 | 750 | 03 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 15 (मेन रोड जोहे लाल दुकान से बंशी दुकान तक, वीरू घर से हीरो सारथी घर तक, बराई बाबु घर से सहदेव ध्रुव घर तक, पूर्णिमा सिदार घर से घासीराम यादव घर तक, मेन रोड से दरगाह परिसर तक) विद्युतपोल विस्तार कार्य। | 12.08 | 9100 | 750 | 02 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस / समय में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग होगा।
**(समस्त करों का भुगतान कर अच्छे नागरिक का परिचय देवें)**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत खरौद**
**जिला-जांजगीर चांपा (चांपा)**

# जिले के बड़ेकेडवाल में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का किया जा रहा उपचार

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में जिले के बड़ेकेडवाल में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का उपचार किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाकर स्वच्छ पेयजल का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने सहित स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखे जाने ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है। इसी क्रम में 19 अक्टूबर शनिवार को ग्राम बड़ेकेडवाल में उल्टी-दस्त संक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोलापल्ली से तत्काल स्वास्थ्य टीम भेजी गई टीम के द्वारा बड़ेकेडवाल में स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का प्राथमिक उपचार किया गया। इसके पश्चात स्वास्थ्य टीम द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सीएमएचओ डॉ.कपिल कश्यप ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में उल्टी-दस्त के 07, बुखार 18, जिसमे मलेरिया पीएफ 04, पीव्ही 01, टीबी के संभावित मरीज 10, खुजली के 04, कुपोषित बच्चे 03, कुल 42 मरीजों का उपचार किया गया तथा 06 गर्भवती महिलायें, 02 धातृ महिलायें (पीएनसी) एवं 06 विकलांगों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, इस प्रकार कुल 56 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यक परामर्श दी गई। इस दौरान मेडिकल टीम के द्वारा ग्रामीणों से अपील किया गया है कि यदि किसी का स्वास्थ्य खराब होने पर सिरहा, बड्डे-गुनिया से ईलाज न करावें बल्कि अस्पताल में ले जाकर ईलाज करावें। इस दौरान सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों सहित गांव के सिरहा, बड्डे-गुनिया से पूछताछ कर चर्चा की गई चर्चा के दौरान पता चला कि उल्टी-दस्त से कोई मृत्यु नहीं हुई है, करीब 15 दिन पहले गांव में कूरमी त्योहार मनाया गया था जिसमें पुरे गांव वाले एक साथ भोजन किए थे जिसमें स्थानीय पेय पदार्थ लांदा, मुर्गा, सुअर इत्यादि बनाया गया था त्योहार के बाद से ही कुछ लोगों को उल्टी-दस्त होना प्रारंभ हुआ। महकम राजे पति गंगा की उल्टी-दस्त होने पर इलाज के लिए गांव के वड्डे के पास ले गये थे और 05 दिन ईलाज कराने के बाद बीमारी बढ़ जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दोरनापाल ले गये तथा वहां से गंभीर स्थिति में जिला चिकित्सालय में भर्ती की गई जहां पर महिला का ईलाज जारी है एवं स्थिति नियंत्रण में है।

# खराब जीवनशैली एवं जंक फूड का सेवन आस्टीयोपोरोसिस का प्रमुख कारण : डॉ.नागेंद्र शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



वर्ल्ड ऑस्टियोपोरोसिस डे (विश्व अस्थिसुषिरता दिवस) पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत राजस्थान औषधालय मुंबई, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परीषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में शिव औषधालय एमआईजी 20 आर.पी.नगर फेस 2 शिवाजी नगर रोड निहारिका कोरबा मे आयोजित निःशुल्क आयुर्वेद-योग, रक्त शर्करा जांच एवं विटामिन डी, कैल्शियम जांच चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में 54 मरीज हुये लाभान्वित।

शिविर मे विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया की हडिडयों का कमजोर होकर अस्थि घनत्व का कम होना ही आस्टीयोपोरोसिस है। जो कैल्शियम एवं विटामिन डी की कमी से होता है। जिसका प्रमुख कारण हमारी खराब जीवन शैली एवं जंक फूड का सेवन है।

साथ ही इससे बचाव एवं उपचार हेतु अपनी दिनचर्या को नियमित करने के साथ साथ विटामिन डी हेतु आतप स्नान करने एवं अपने भोजन मे कैल्शियम युक्त भोज्य पदार्थों को शामिल करने को कहा। साथ ही शिविर में विटामिन डी एवं कैल्शियम की जांच अपेक्स लाल पैथो लैब द्वारा की गई। शिविर मे रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) की जांच निशुल्क करने के साथ शुगर की परीक्षित औषधि देने के साथ-साथ अस्थिगत वात रोगियों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य पुस्तिका भी निशुल्क प्रदान की गई। शिविर में नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा के अलावा श्री शिव औषधालय की संचालिका प्रतिभा शर्मा, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, संरक्षक लायन सुधीर सक्सेना, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, कार्यकारिणी सदस्य लायन नेत्रनन्दन साहू, लायन कमल धारीया, लायन अश्वनी बुनकर, बलराम साहू, मनीष कौशिक, तोरेंद्र सिंह, महेंद्र साहू, देवबली कुंभकार, कमला कुंभकार, राजेश प्रजापति, राकेश इस्पात, सिद्धराम शाहनी, नेहा कंवर, वीरेंद्र सोनी एवं बबलु सोनी, ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# स्वास्थ्य परीक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर की आध्यात्मिक एवम सेवा कार्यों में अग्रणी श्री सत्य साई सेवा समिति के सेवा और रचनात्मक कार्य के अंतर्गत ग्राम कोकड़ी के प्राथमिक शाला में स्वास्थ परिक्षण एवम मार्गदर्शन शिविर आयोजित हुआ। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय के आईसीयू इंचार्ज डॉ अनिल विवेक सिन्हा, जिला चिकित्सालय के ईएनटी विभाग के डॉ अविनाश गुप्ता द्वारा चिकित्सा सेवा की गई। जिसमे10 मरीज लाभान्वित हुए। आर्युवेदिक विभाग की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ हिशिकर मैडम द्वारा 40 महिलाए, बच्चे लाभान्वित हुए। डॉ स्वेता साहू दंत चिकित्सक द्वारा 10 रोगी लाभान्वित हुए साथ ही विकास खंड दुर्ग निकुम के स्वास्थ कर्मी हेमपुष्पा साहू, विप्लव हालदार, धनेश्वरी साहू, पार्वती निषाद, दिनेश कुमार पाटील, मीनाक्षी श्याम मूर्ति द्वारा चिकित्सा सेवा प्रस्तुत की गई। जिसमे सिकलिन मरीज, रक्तचाप रोगी, शुगर रोग से प्रभावित सर्दी खासी, रोगी 40 लोगो ने सेवा एवम मार्गदर्शन लिए। जिला अस्पताल के नेत्र रोग विभाग के नेत्र सहायक अधिकारी अजय नायक और पूर्व नेत्र अधिकारी अरुण सिंह द्वारा एवं उनके सहायक गुलशन देशमुख, विनय सिंह और आशीष कुमार द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित रोगियों कि सेवा की गई। जिसमे 25 चिन्हित मरीजों को मार्गदर्शन दिया गया। इस स्वास्थ परिक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जी रहे। विधायक चंद्राकर द्वारा चिकित्सकों को सम्मान के रूप में पौधा का गमला प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री सत्य साई सेवा समिति के जिला संयोजक संदीप नायडू, आरके तिवारी, हरिशचंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, सौरभ पाण्डेय सुशीला साहू, दुर्गेश नंदिनी, अरुणेश श्रीवास्तव, रंगदामन गौरव सिंह, देवकुमार, सीता राम ठाकुर, राजू सोनी, संजय कंखोजे, श्रीनिवास राव, प्रदीप शर्मा, राजेंद्र मरकाम, अनुपूर्णा राव, पूजा साहू और ग्राम कोकड़ी की ऊषा साहू की उल्लेखनीय भूमिका रही।

बता दे कि की ग्राम कोकड़ी श्री सत्य साई सेवा समिति के गोद लिए ग्राम है।

# स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : शुक्ल

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सहज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सशक्त-आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को मूर्त रूप देने, स्वस्थ मध्यप्रदेश के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और अधोसंरचनाओं को निरंतर सुदृढ़ करने के प्रयास किये जा रहे हैं। शुक्ल ने मंत्रालय में मुख्य सचिव अनुराग जैन से विभिन्न अंतर्विभागीय समन्वय विषयों पर गहन चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के प्रमुख विषयों पर तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यक कार्यवाही के लिये संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित करें, जिससे कार्यों में तेजी लाई जा सके। प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी और प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री ने 454 चिकित्सकीय संस्थानों में पदों की स्वीकृति के साथ ही, मेडिकल कॉलेजों में वेतन संरक्षण (पे-प्रोटेक्शन) के प्रस्ताव को प्राथमिकता देने के लिए कार्यवाही और समन्वय करने के निर्देश दिये। पैरामेडिकल कौंसिल से संबंधित अधिनियम को पुनः पूर्ववत् करने के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया गया। सामुदायिक केंद्रों और सिविल अस्पतालों के संचालन को आउटसोर्स आधार पर अनुमति देने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई, जिससे इसे शीघ्र ही अमल में लाया जाकर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त किया जा सके। सहायक प्राध्यापक (मेडिकल कॉलेज) के पदों पर भर्ती की आयु सीमा को 40 **वर्ष से 50 वर्ष किये जाने पर दिया जोर**-उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सहायक प्राध्यापक (मेडिकल कॉलेज) के पदों पर भर्ती की आयु सीमा को 40 वर्ष से बढ़ाकर 50 वर्ष करने की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताते हुए आवश्यक प्रस्ताव पर विमर्श किया। नवीन जिलों में जिला अस्पतालों में पदों की स्वीकृति के मुद्दे पर विभागीय समन्वय के विषय पर चर्चा की गई। जबलपुर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग भर्ती में विशेष छूट देने का प्रस्ताव बैठक के प्रमुख बिंदुओं में शामिल रहा। रीवा मेडिकल कॉलेज, सतना मेडिकल कॉलेज अस्पताल और इंदौर के एमवाय अस्पताल के उन्नयन और निर्माण के लिये परियोजना परीक्षण समिति से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए संबंधित कार्यवाही तेज करने के लिए उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये।

# लोगों के स्वास्थ्य से न हो खिलवाड़ अन्यथा होगी कार्रवाई : कश्यप

पायनियर संवाददाता ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के शिमला के जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को यहां दिवाली के मद्देनजर जिला में खाद्य सामग्री की पर्याप्तता एवं खाद्य सुरक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। कश्यप ने कहा कि जिला शिमला में दिवाली के मध्यनजर पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री उपलब्ध है। जिला के सभी स्थानों पर खाद्य सामग्री की पर्याप्तता को बनाए रखने के लिए जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं ताकि दिवाली के इस महापर्व पर लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने सभी दुकानदारों से खाद्य सामग्री की गुणवत्ता बनाए रखने की अपील की ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो। उन्होंने कहा कि अवहेलना करने वाले दुकानदारों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कानून कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति गलत ब्रांडिंग करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाते हुए अधिकतम तीन लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति घटिया या बेकार गुणवत्ता का सामान लोगों को बेचता है तो उस स्थिति में अधिकतम पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक या असुरक्षित खाद्य सामग्री बेचने वाले के खिलाफ छह महीने तक के कारावास का प्रावधान है।

# आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस पर जागरूकता शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला शिमला द्वारा वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला शिमला डॉक्टर राकेश प्रताप के दिशा निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संजौली में किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कृति ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था में आयोडीन की कमी से गर्भपात, मृत प्रसव, जन्मजात विसंगतियां और बच्चों में मंद मानसिक और शारीरिक विकास, गर्दन में सूजन, कम बुद्धि का स्तर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन सभी से बचने के लिए हमें रोजाना अपने आहार में आयोडीन युक्त खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला शिमला डॉक्टर राकेश प्रताप ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य आयोडीन युक्त नमक के सेवन को बढ़ावा देना है, जो आयोडीन की कमी को रोकने में मदद करता है।

आयोडीन युक्त नमक के सेवन से हमारे शरीर को आवश्यक आयोडीन मिलता है, जो थायराइड ग्रंथि के कार्य को नियंत्रित करने में मदद करता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला शिमला ने जन साधारण से आवाहन किया कि इस दिवस के अवसर पर आयोडीन युक्त नमक के सेवन को बढ़ावा देने का संकल्प लें और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं। इस अवसर पर डिक्लेमेशन और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

# जिला अस्पताल में ईश्वर के मोतियाबिंद का हुआ सफल ऑपरेशन

■ आंखों में लौटी रोशनी, मिला नया जीवन : ईश्वर राम यादव ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com


ईश्वर राम यादव

मोतियाबिंद के ऑपरेशन से दृष्टि वापस पाना वाकई में एक नया जीवन मिलने जैसा है। मोतियाबिंद, जिसे कैटरेक्ट भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति है जिसमें आंख का प्राकृतिक लेंस धुंधला हो जाता है, जिससे दृष्टि धुंधली हो जाती है। सर्जरी के दौरान, धुंधले लेंस को निकालकर उसकी जगह एक कृत्रिम लेंस लगाया जाता है। यह प्रक्रिया आमतौर पर सुरक्षित और प्रभावी होती है, जिससे मरीज की दृष्टि में काफी सुधार होता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर जिले में मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिसके निर्देशानुसार जिला में मोतियाबिंद मुक्त अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोतियाबिंद के मरीजों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराते हुए उनका सफल ऑपरेशन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सार्थक पहल पर जिला मुख्यालय के मधुवनटोली में निवासरत् मोतियाबिंद से पीड़ित मरीज रिक्शा चालक ईश्वर राम यादव की आंखों में रोशनी लौटी और उन्हें नया जीवन मिला है। ईश्वर राम यादव कहते हैं मैं जशपुर के मधुवनटोली का रहने वाला हू। मैं रिक्शा चलाता हू। एक दिन ऐसे ही मेरे ऑख में थोड़ा धुंधला सा दिखने लगा। तब मैने चौक में लगाए गए मोबाईल मैडिकल यूनिट में जाकर डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने बताया कि मेरे ऑख में मोतियाबिंद हो रहा है आप जिला अस्पताल में जाकर ऑख के डॉक्टर से जांच कराईए। उसके दूसरे दिन मैं जिला अस्पताल जाकर डॉक्टर को अपना आंख दिखाया। डॉक्टर ने जांच करने बाद मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने की सलाह दी।

# शिविरार्थियों को व्यवसायिक क्षेत्रों में करियर के संभावनाओं को तलाशने का अवसर प्राप्त हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com



संत गुरु घासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- 02 के सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम कातलबोड़ में तीसरा दिवस रहा। दिनचर्या का पालन करते हुए स्वयंसेवको ने प्रभातफेरी निकलते हुए गीत एवं नारों से ग्रामवासियों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया, वापस आने के बाद सभी के द्वारा पी.टी एवं कराटे ट्रेनिंग के दौरान पंच, लोवर ब्लॉक, अपर ब्लॉक तथा मिडिल ब्लॉक सीखा। योग प्रशिक्षक परशुराम निर्मलकर एवं मीरा निर्मलकर के द्वारा योग अभ्यास एवं भजन कराया गया। परियोजना कार्य के दौरान कार्यालय ग्राम पंचायत कातलबोड़ के राजीव भवन माध्यमिक शाला की साफ सफाई, सूखे झाड़ एवं घास की छिलाई की गई, साथ ही स्वयंसेवकों ने माध्यमिक शाला में सोखता गड्ढा बनवाने में अपना योगदान दिया। शिविर के तृतीय दिवस बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में महेश केला, दीपक अग्रवाल, विजय केला, पप्पू केला, एवं भोजराज चंद्राकर उपस्थित रहे। सभी के द्वारा व्यवसाय और उद्योग जगत में अपने अनुभव और विशेषज्ञता पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया गया। इस कार्यक्रम से स्वयंसेवकों ने नवीनतम औद्योगिक रुझानों को समझने के साथ-साथ विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में अपनी संभावनाओं को तलाशने का अवसर प्राप्त किया।

# मोदय मॉडल आईटीआई में प्रवेश के लिए 30 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

श्रम विभाग द्वारा संचालित श्रमोदय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुगलिया छाप नीलबड़ भोपाल में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 30 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य आईटीआई एस एस मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से अपने स्तर से अथवा एमपी ऑनलाइन के अधिकृत सहायता केन्द्रों से ऑनलाइन लिंक माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश विवरणिका कौशल विकास संचालनालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

श्रमोदय मॉडल आईटीआई में कुल इंजीनियरिंग 08 ट्रेड वेल्डर, इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन,इंटरनेट ऑफ थिंग्स (स्मार्ट सिटी), फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नालॉजी, एडवांस सीएनसी मशीनिंग, टेक्नीशियन मैकाट्रॉनिक्स, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेट, इलेक्ट्रीशियन संचालित है, जो इंजीनियरिंग एंव नॉन इंजीनियरिंग है। संस्था में 04 ट्रेड एक वर्षीय एवं शेष 04 ट्रेड दो वर्षीय पाठ्यक्रम के संचालित है। सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेट, एडवांस सीएनसी मशीनिंग, टेक्नीशियन मैकाट्रॉनिक्स, टेक्नीशियन ट्रेड पूरे मध्यप्रदेश में श्रमोदय मॉडल आईटीआई में संचालित किए जा रहे हैं।

## विद्यार्थियों के लिए हस्तमुद्रा पर सेमीनार आज, विशेषज्ञ शिवनारायण मूंदड़ा बताएंगे इसके फायदे

**रायपुर।** शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा हिन्दी माध्यम के निर्धन विद्यार्थियों हेतु शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती में प्रतिवर्ष निःशुल्क कोचिंग चलाई जाती है। इन विद्यार्थियों के लिए समय समय पर इनके व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम व अलग-अलग क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों द्वारा ज्ञानवर्धक बातें बताई जाती है। इसी कड़ी में हस्तमुद्रा से कैसे याददाश्त बढ़ाई जाए,कैसे एकाग्रता में वृद्धि की जाए, परीक्षा के दौरान भूलने की आदत कैसे कम की जाए, पढ़ने के दौरान थकने पर वापस कैसे उर्जावान हो जाए,इन सब बातों को बताने कल मंगलवार 22 अक्टूबर को शाम छह बजे से इन विद्यार्थियों के लिए सेमीनार रखा गया है जिसमें हस्तमुद्रा विशेषज्ञ शिवनारायण मूंदड़ा अलग अलग हस्तमुद्रा कराकर इसके फायदे बताएंगे। उनके द्वारा यह भी बताया जाएगा कि घर में किसी सदस्य को छोटी मोटी शारीरिक परेशानी होने पर त्वरित उपचार के लिए कौन कौन सी हस्तमुद्राओं की क्रिया की जा सकती है। यहां तक कि यदि किसी को हार्ट अटैक के लक्षण भी लग रहें हो तो कौन सी मुद्रा उनको त्वरित राहत दे सकती है।

पंजीकृत कार्यालय : 6वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013

DCB BANK

ई नीलामी बिक्री सूचना

(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत)

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित।

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), सह -उधारकर्ताओं तथा विशेष रूप से गारंटरों को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित संपति **डीसीबी बैंक लिमिटेड** के पास बंधक है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन के प्रावधान के अंतर्गत भौतिक कब्जा ले लिया है। अधिनियम, 2002 के अनुसार, नीचे उल्लिखित बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए नीचे बताए अनुसार निविदा सह सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा संपत्तियों की बिक्री की जाएगी। संपत्तियां **"जैसी है जहां है"** और **"जैसी है जैसी है"** स्थिति में बेची जाएंगी।

| क्र. सं. | उधारकर्ता(ओं) और (सह-उधारकर्ता(ओं) का नाम | अचल संपति का विवरण | 1) आरक्षित मूल्य (रु.) 2) ईएमडी (रु.) 3) ई-नीलामी की तिथि 4) कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री भबानी शंकर चौधरी श्रीमती, नेहा चौधरी | फ्लैट संख्या एमआईजी 2/508, 5वीं मंजिल, ब्लॉक 3, कंचनजंगा कॉम्प्लेक्स, कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 49299 का पूरा टुकड़ा | 1) रु. 16,57,500/- 2) रु. 1,70.000/- 3) 08.11.2024 4) भौतिक कब्जा |

ईएमडी जमा करने की तिथि और समय 07-11-2024 को या उससे पहले दोपहर 12:00 बजे तक भागीदारी के अनुरोध पत्र केवाईसी, पैन कार्ड, ईएमडी का प्रमाण ईमेल आईडी - Rahul.tamrakar@dcbbank.com/suraj.ghosh@dcbbank.com/prashant.joshi@dcbbank.com पर जमा करना है।
इच्छुक क्रेता/बोलीदाताओं को ईएमडी राशि लाभार्थी, डीसीबी बैंक लिमिटेड, रायपुर, छत्तीसगढ़ के नाम पर डीडी के माध्यम से जमा करनी होगी।

निरीक्षण तिथि एवं समय :-25/10/2024 से 06/11/2024 प्रातः 11:00 बजे से सायं 14:00 बजे के मध्य श्री सूरज घोष से मो. नं. 9302545045, श्री राहुल ताम्रकार से मो. नं. 909800225 पर सम्पर्क करें।

ई-नीलामी के नियम और शर्तें

(1) नीलामी बिक्री "ऑनलाइन ई-नीलामी" बोली वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से ऊपर दी गई तालिका में उल्लिखित तिथियों पर 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोलियां जमा करने और ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** देखें।
(2) इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता [मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) अहमदाबाद, दूरभाष : **079-6813 6837/80/90, एम: 9265562821/9265562818**] से लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। संपर्क व्यक्ति- श्री चिंतन भट्ट, नंबर **9978591888**, ईमेल: **chintan.bhatt@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net**। कृपया ध्यान दें कि, संभावित बोलीदाता केवल अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
(3) नीलामी प्रक्रिया में ऑनलाइन ई-नीलामी भागीदारी निर्धारित प्रारूप में आवेदन करके अनिवार्य है जो वेबसाइट पर प्रस्ताव/निविदा दस्तावेज के साथ उपलब्ध है।
(4) बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोलियां प्रस्तुत करने से पहले **https://www.dcbbank.com/cms/showpage/page/customer-corner** लिंक का संदर्भ लेकर नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों को पढ़ें और अधिक जानकारी के लिए सीधे **श्री राहुल ताम्रकार / सूरज घोष से 9098000225/9302545045** पर संपर्क करें, जो **डीसीबी बैंक लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी हैं।

दिनांक : 22.10.2024
स्थान : रायपुर

डीसीबी बैंक लिमिटेड के लिए
अधिकृत अधिकारी

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)

// निविदा सूचना //

क्रमांक/528/निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024-25, नारायणपुर दिनांक 15/10/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 29.10.2024 अपरान्ह 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख मे) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | आंगनबाड़ी भवन उन्नयन कार्य खड़कागांव, माहका (आमासरा), गढ़बेंगाल क्र.-03, कुम्हली, गरांजी, एड़का क्र.-01,02, ईरको, कानागांव, बोरपाल (कुल 10 कार्य) | 8.91 लाख |
| 2 | आंगनबाड़ी भवन उन्नयन कार्य बागड़ोंगरी, कसावाही, कोकोड़ी, गोटाजम्हरी, बोरण्ड (नयापारा), बम्हनी क्र.-01, मेटाडोंगरी, बाकुलवाही क्र.-01,02, कोचवाही क्र-01, बड़ेजम्हरी, सोनपुर क्र.-01,02 (कुल 13 कार्य) | 7.36 लाख |
| 3 | आंगनबाड़ी भवन उन्नयन कार्य बाहकेर, चमेली, रोहताड़, साहपाल, गुडाप्लाटपारा छोटेडोंगर, मड़मनार, ब्रेहबेड़ा (राजपुर), बेड़मा, झारा, रायनार क्र.-01, उमरगांव, गुड्डापाल, गौरदण्ड (कुल 13 कार्य) | 8.327 लाख |
| 4. | आंगनबाड़ी भवन उन्नयन कार्य महिमागवाड़ी क्र.-01,02,03, खासपारा, स्कूलपारा, नीचेपारा, बड़ेनहोड़, कोगेंरा क्र.-01,02, झारा क्र.-02, लहसुनपदर, तारागांव क्र.-02, (कुल 12 कार्य) | 10.13 लाख |
| 5 | आंगनबाड़ी भवन उन्नयन कार्य बोथा, घोटुलपारा दुड़मी(पल्ली), कन्हारगांव क्र.-01, बागड़ोगरी, तोयनार, टिरकानार, मड़ागड़ा, नयापारा (सुलेंगा धो.), एड.गपाल क्र.-01,02, कलेपाल (कुल 11 कार्य) | 7.945 लाख |
| 6 | आंगनबाड़ी भवन उन्नयन कार्य चिहरीपारा, चंदेनीभाटा, तहसीलपारा, डीएनके क्र.-01,02, नयापारा क्र.-01, डुमरतराई क्र.-01,02, साकड़ीबेड़ा क्र.-01,02, लोहरापारा क्र.-01,02, कुम्हारपारा क्र.-02, बखरूपारा क्र.-03,04, खड़ीबहार, सिंगोड़ीतराई, पटेलपारा क्र.-01, बंगलापारा (कुल 19 कार्य) | 11.16 लाख |

2. उक्त निर्माण कार्यो की निविदा सामान्य शर्ते, धरोहर राषि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि मे कार्या लय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी दिनांक 19.10.2024 से विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks से भी डाउनला ेड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग-नारायणपुर (छ.ग.)

G-242503306/3

# दीवाली का दबाव संभालने बनाया प्लान... ठेला-पसरा के लिए जगह निर्धारित होगी, ई-रिक्शा-ऑटो की भी नो-एंट्री

**सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक मार्केट में चार पहिया वाहन रहेंगे प्रतिबंधित, फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग तथा ठेला लगाने के लिए स्थान निर्धारित**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



यातायात व्यवस्था और बाजार के व्यवस्थापन के लिए जिला प्रशासन ने सभी व्यापारी वर्गों के साथ बैठक कर फैसले लिए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि, दीपावली को देखते हुए ठेला लगाने के लिए एक निर्धारित स्थान की व्यवस्था की जा रही है। शहर के ऐसे स्थान जहां ज्यादा भीड़ होती है, वहां व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग बनाई जाएगी। फ्लाई ओव्हर के नीचे ठेलेवालों के लिए निर्धारित स्थल पर दुकान लगाएंगे।

कलेक्टर ने बताया कि गुरूनानक चौक, मण्डी के पीछे, फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। गंज चौक, भारत माता चौक से चार पहिया वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घुमंतु ठेलेवाले एक निर्धारित स्थान पर अपना स्थायी ठेला लगाएंगे। छोटी-छोटी गलियों में कार, ई-रिक्शा एवं अन्य चार पहिया वाहन वन वे में चलेंगे। उन्होंने चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधियों से कहा कि ऐसे स्थान जहां ज्यादा भीड़ होती है, वहां कुछ वालिंटियर की ड्यूटी लगाएं। एक सप्ताह के लिए ऐसी व्यवस्था की जा रही है। यदि इससे अच्छी व्यवस्था बनी रही तो बाद में इस तरह की व्यवस्था आगे भी जारी रखा जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि मार्केट में सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ऐसे वाहन जो निर्धारित लाईन में नहीं रहेंगे। उनका चालान काटने की कार्रवाई की जाएगी। एसपी मोहित गर्ग ने कहा कि मार्केट को ज्यादा फैलाने पर अव्यवस्था होगी और पार्किंग भी फैलेगी। फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित कर रहे हैं तथा वहीं ठेला लगाने के लिए भी एक निर्धारित स्थान रहेगा। इसके साथ ही गुरूद्वारे के पास भी ठेला लगाने के लिए एक निश्चित स्थान होगा। उन्होंने कहा कि पसरा लगाने वालों के लिए दिन निर्धारित होना चाहिए।

### शिवाजी पार्क के सामने लगेंगे ठेले

गुड़ाखू लाईन, सिनेमा लाईन, मानव मंदिर, जय स्तंभ चौक, कामठी लाईन के सभी व्यापारियों, फल ठेला संचालकों, मिट्टी के बर्तन बेचने वाले, पसरा वाले, आटो एवं ई-रिक्शा चालकों का बैठक लेकर शहर में यातायात एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सभी व्यापारियों को दुकान के सामने फ्लैक्स एवं सामान बाहर नहीं निकालने समझाईश दिया गया। सभी ठेलों में फल बेचने वालों के लिए गुरूद्वारा के पीछे शिवाजी पार्क के पास ठेला लगाने का निर्णय लिया गया। जय स्तंभ चौक के बीच में लगाने वाले वाहनों का पार्किंग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### ऑटो, ई–रिक्शा के प्रवेश पर भी प्रतिबंध

22 से 26 अक्टूबर 2024 तक शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक शहर के भगत सिंह चौक, महावीर चौक, भारत माता चौक, गांधी चौक, पेस्ट ऑफिस चौक से सभी ई-रिक्शा, ऑटो, चार पहिया वाहनों एवं कारों का शहर के भीतर प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। 27 से 31 अक्टूबर 2024 तक समय सुबह 10 से रात्रि 9 बजे तक सभी ई-रिक्शा, ऑटो, चारपहिया वाहनों एवं कारों का शहर के भीतर फौव्वारा चौक, महावीर चौक, भगत सिंह चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, तिरंगा चौक, भारत माता चौक, गांधी चौक से प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का पार्किंग फ्लाईओव्हर के नीचे पोस्ट ऑफिस से गुरूनानक चौक तक, पुराना गंज मंडी, पुत्री शाला स्कूल रहेगा। गंज चौक की ओर से आने वाले सभी वाहनों का पार्किंग पुराना गंज मंडी एवं गुरूद्वारा के तरफ से आने वाले दुपहिया वाहनों की पार्किंग पुत्री शाला स्कूल एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग फ्लाई ओव्हर के नीचे, महावीर चौक से आने वाले वाहनों की पार्किंग महावीर चौक के दोनों ओर फ्लाई ओव्हर के नीचे की जायेगी।

## नीदरलैंड के विशेषज्ञ पहुंचे राजनांदगांव



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

इंडो-डच सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना नया रायपुर में किया जाना है। इसी कड़ी में प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मूल्यांकन के लिए नीदरलैंड के विशेषज्ञ जैइप वॉन बालेन एवं लाइजनिंग ऑफिसर इन्डो-डच सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स डॉ. तरन्नुम कायद भाई एमवसी द्वारा राजनांदगांव जिले का भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान ग्राम देवादा के कृषक नीवन, मनोज, संगीता के यहां पर पॉलीहाऊस के भीतर जरबेरा खेती का अवलोकन किया गया एवं कृषकों से चर्चा की गई। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रूवातला के कृषक समूहों द्वारा पालीहाऊस के भीतर शिमला मिर्च का अवलोकन किया। कृषक द्वारा बताई गई समस्या का समाधान किया गया। कृषकों से नीदरलैंड से आए डच विशेषज्ञों ने विस्तृत चर्चा की। डच विशेषज्ञों ने फसल को देखकर खुशी जाहिर की तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपना नम्बर देते हुए संपर्क करने कहा। इस दौरान संचालनालय रायपुर के उप संचालक नीरज साहा, सहायक संचालक उद्यान राजेश शर्मा एवं संबंधित विकासखंड के प्रभारी, कृषि अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों के लिए 63 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 63 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम ठेकवा में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपए व निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए, ग्राम सांकरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम ककरेल में निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए, निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए व रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, ग्राम बैगाटोला में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम खैरा (रवेली) में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम धर्मापुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम भेड़ीकला में रंगमंच निर्माण के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम तोरनकट्टा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम बांकल में रंगमंच निर्माण के लिए 4 लाख रूपए, ग्राम ठाकुरटोला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम सिंघोल में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे अपर कलेक्टर

**मोहला।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नया रायपुर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर राजनांदगांव सीएल मार्कण्डेय को जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी के नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन नामावली तैयार/पुनरीक्षण हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री मार्कण्डेय आज 22 अक्टूबर को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। वे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी एवं ग्राम पंचायतों के पंच/सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन संपन्न कराए जाने के लिए तैयार किए जा रहे निर्वाचन नामावली पुनरीक्षित कार्य का अवलोकन करेंगे। निर्वाचन नामावली गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटि रहित तैयार हो, इस संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को संपन्न कराया जाएगा। मार्कण्डेय 22 अक्टूबर को 11:00 बजे जिला मुख्यालय मोहला में उपस्थित होंगे और 3:00 बजे तक वन विभाग की रेस्ट हाउस में रूकेंगे।

## भाजपा नेत्री ने निगम में एसएलआरएम सेंटर की कामगार महिलाओं को धमकाया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



एसएलआरएम सेंटर की कामगार महिलाओं और महिला ठेकेदार के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। छुट्टियों पर मनमाना वेतन काटने, सुरपवाईज़र को हटाने के मामले में अपनी शिकायत लेकर महिलाएं सोमवार सुबह निगम पहुंची थी। इस बीच ही भाजपा नेत्री पारुल जैन ने निगम पहुंचकर उक्त महिलाओं को धमका दिया। एसएलआरएम सेंटर की महिलाओं ने बताया कि, उन्हें शिकायत के लिए यहां आने पर काम से निकालने की धमकी दी गई है। यही नहीं उन्होंने एक महिला को फोन भी छीन लिया और उनसे बदतमीजी की। शिकायतों को लेकर महिलाएं पूरा दिन भूखे-प्यासे आयुक्त से मिलने डटीं रहीं। देर शाम 6 बजे आयुक्त ने महिलाओं से मुलाकात करने के बाद वार्ड प्रभारी को समस्याएं देखने निर्देशित किया है। पेंड्री के एसएलआरएम सेंटर की महिलाओं ने आरोप लगाया है कि, उन्हें काम से निकालने की धमकी देते हुए ठेकेदार महिला ने धमकाया है। यह आरोप भाजपा महिला नेत्री पारुल जैन पर लगे हैं। कामगार महिलाओं ने बताया कि, जय अंबे महिला समूह को एसएलआरएम सेंटर का ठेका मिला है। पिछले एक माह से हम ठेका पद्धति पर ही काम कर रहे हैं। सात साल में हमारे साथ ऐसा व्यवहार नहीं हुआ जैसा एक महीने में हो चुका। पारुल जैन हमें सेंटर में आकर धमकाती हैं, काम करने के दौरान हमारी ऐसी तस्वीरें ले ली जाती हैं जो उचित नहीं है। वे हमें काम से हटाने पर तुली हुई हैं।

### वेतन से मनमानी रकम काट ली

उन्होंने आरोप लगाया कि पहले ही महीने में हमारा वेतन मनमाने तरीके से काट दिया गया है। महिलाओं और मजदूर ने बताया कि 5 हजार का वेतन हमें मिलता है। 3 दिन की छुट्टी पर किसी का 2200 तो किसी के वेतन से 1200 रुपए काट लिए गए हैं। यही नहीं हमें सेंटर का कबाड़ बेचने से भी रोकने की कोशिश हो रही है। अपने लोगों को काम में पर लगाने के लिए हमें खदेड़ना चाहती हैं। हमारी सुपर वाईज़र को हटाने की बात वो काफी पहले से कह रहीं है जिसका हम विरोध कर रहे हैं।

**भाजपा नेताओं के हाथ में एसएलआरएम सेंटर -** इस पूरे मामले ने निगम में एसएलआरएम सेंटरों की ठेकेदारी की कलई खोल कर रख दी है। सत्ता में आते ही महिला समूहों की आड़ में भाजपा नेता एसएलआरएम सेंटर चला रहे हैं। सेंटरों में कामगारों के वेतन और दूसरे मामलों में गड़बड़ी कर ठेकेदार अच्छी रकम बचा रहे हैं। हर बार सेंटरों के ठेकों को लेकर जनप्रतिनिधियों में होड़ मची रहती है। कुछ महीनों पहले हुए सफाई ठेके में कांग्रेस-भाजपा के समझौते के बाद यह ठेके हुए हैं।

## दस्तावेज लेखक और स्टांप विक्रेता हड़ताल में बैठे

**छुरिया।** अचल सम्पत्ति के क्रय विक्रय की रजिस्ट्री के लिए लाये जा रहे नये नियम से बेरोजगार होने की आशंका पर दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेता उप पंजीयक कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में बैठ गए। धरना से पहले उन्होंने ज्ञापन सौंपा। इसमें उल्लेख है कि वर्षो से दस्तावेज लेखन एवं स्टाम्प विक्रय का कार्य करते आ रहें है और अपना परिवार का भरण पोषण कर रहें है। ज्ञात हो रहा है कि आगामी दिनों में एक एप विशेष के माध्यम से शासन द्वारा पेपर लेस, कैश लेस, फेस लेस रजिस्ट्री कराने की तैयारी की जा रही है। जिससे घर बैठे कोई भी व्यक्ति अपनी रजिस्ट्री करा सकेगा। इसके चलते किसी भी व्यक्ति को दस्तावेज लेखकों व स्टाम्प विक्रेताओं के पास जाने कि जरूरत नहीं होगी। इस नियम से हम दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेता पूरी तरह से बेरोजगार हो जायेंगे और हमारे परिवार का भरण पोषण का जरिया समाप्त हो जायेगा। धरना प्रदर्शन मे डूमेश्वर साहू, भेष साहू, एलेश्वर साहू, टेमरे मैडम, जगदीश साहू, अगेश साहू, सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## डोंगरगाव में निःशुल्क नवोदय कोचिंग का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अंचल के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कैरियर गाइडेंस शिविर, पीएससी, व्यापम की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग मुहैया कराने के पश्चात अब साहू समाज द्वारा नवोदय के लिए भी कोचिंग प्रारंभ किया गया है। जिला साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ व तहसील साहू संघ डोंगरगांव के संयुक्त तत्वाधान में कर्मा भवन डोंगरगांव में निःशुल्क नवोदय कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के प्राध्यापक डां चेतन साहू मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यशवंत साहू, जिला के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील डोंगरगांव के अध्यक्ष हेमंत साहू , सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयंत साहू, जिला संगठन सचिव माधव साहू, हिरदे राम साहू सहित तहसील के समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति में कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया। समाज के द्वारा कैरियर गाइडेंस शिविर, पीएससी, व्यापम की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग के पश्चात अब नवोदय की प्रवेश परीक्षा के लिए बच्चों को तैयार करने के उद्देश्य से साहू समाज में निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है, जिसमें कोई भी समाज के योग्य बच्चे लाभ ले सकते हैं। कोचिंग क्लास संध्या 5 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का संचालन अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के तहसील संयोजक एनडी साहू ने किया तथा आभार गुमान साहू ने किया। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव धनराज साहू, उपाध्यक्ष शिवराम साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, संगठन सचिव सुरेंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू, ताम्रध्वज साहू, विपला दास साहू, भागवत साहू, कृतलाल साहू, सांवल दास साहू, सुन्दरलाल साहू, हिमांचल साहू, पिताम्बर साहू, लोकेश देवांगन, इन्दरसेन साहू, गिरधारी साहू, कृष्ण कुमार साहू सहित अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, बच्चे व पालक सम्मलित हुए।

## आत्मविश्वास में कमी व्यक्तित्व विकास में बाधक होती है : संजय अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



अग्र बायोडाटा सेंटर रायपुर एवं श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तोतले बच्चों के उपचार शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बालक में प्रतिभाएं हुआ करती है , किंतु अगर बालक के बोलने में तोतलापन हो तो उसके मन में आत्मविश्वास की कमी हो जाती है और आत्मविश्वास की कमी व्यक्तित्व विकास में बाधक होती है। जिससे उसका विकास समुचित रूप से नहीं हो पाता, आज मुझे यहां उपस्थित होकर अनेक बच्चों के द्वारा प्रस्तुत अपनी भाषा के सुधार के पश्चात दिए गए कथन से आश्चर्य हो रहा है कि केवल चार दिन की निःशुल्क ट्रेनिंग के पश्चात बच्चों का तोतलापन दूर हो गया है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने स्वागत उद्बोधन में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए तोतले बच्चों के द्वितीय निःशुल्क उपचार शिविर का वृत रखते हुए बताया कि यह शिविर समाजसेवी सुशील अग्रवाल की प्रेरणा से आयोजित किया गया है। शिविर में उड़ीसा के बोध जिला, महाराष्ट्र के नागपुर, तुमसर, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद, मानपुर, जालबांधा, अर्जुन्दा के साथ ही नगर के 52 लोगों का पंजीयन हुआ, जिसमें साढ़े तीन वर्ष से लेकर चालीस वर्ष तक के तोतले लोग शामिल थे।

**मानपुर से कोहका की सड़क में बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित**

## कंस्ट्रक्शन एजेंसी ने उखाड़ दिया नेशनल हाइवे, पूरी सड़क दलदल में तब्दील हुई, डायवर्ट करना पड़ा अंतर्राज्यीय मार्ग

- अंतर्राज्यीय व्यापार, सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

पायनियर संवाददाता < मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com



नेशनल हाईवे 930 पर शेरपार से कोहका तक सड़क निर्माण के बदतर हालात से अंतर्राज्यीय संपर्क ठप होने की स्थिति है। इस सड़क पर मौजूद मुख्य बसाहट मानपुर से कोहका तक मार्ग के जर्जर होने से दुर्घटनाओं की आशंका के चलते इस अंतर्राज्यीय मार्ग को डायवर्ट करना पड़ा है। जिला प्रशासन ने लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए यह व्यवस्था बनाई है।

मानपुर कोहका मार्ग को 18 से 28 अक्टूबर तक के लिए भारी वाहन मालवाहकों को प्रतिबंधित घोषित किया गया है। राजनांदगांव की ओर से आने वाले बड़े वाहनों के लिए अंबागढ़ चौकी-चिल्हाटी-कोरची-चंद्रपुर होते हुए महाराष्ट्र का मार्ग तय किया गया है। छोटे वाहन अंबागढ़ चौकी से मोहला, मानपुर होकर कोहका जाएंगे। महाराष्ट्र से होकर आने वाले बड़े वाहन चंद्रपुर-कोरची-चिल्हाटी- अंबागढ़ चौकी होते हुए राजनांदगांव की ओर जाएंगे। इसी प्रकार कोहका से आने वाले छोटे वाहन कोहका से मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जाएगी।

गौरतलब है कि नेशनल हाइवे 930 में निर्माण के दूसरे चरण में 368 करोड़ की लागत से शेरपार से कोहका महाराष्ट्र बार्डर तक 47 किमी सड़क 10 मीटर चौड़ीकरण का कार्य हो रहा है। निर्माण में कार्य एजेंसी तय योजना अमल में ला पाने में असफल साबित हो रही है। निर्माण की गुणवत्ता, कार्य में देरी और सर्विस लेन न बना पाने के चलते मुश्किलें बढ़ती जा रही है। प्रमुख राष्ट्रीय मार्ग के प्रभावित होने के चलते राज्यों का व्यापार और सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस सड़क पर मौजूद मुख्य बसाहटें लगातार परेशानियों से जूझ रही है।

### दलदल हो चुकी सड़क

मानपुर ब्लॉक की आबादी सड़क निर्माण कार्य के चलते त्रासदपूर्ण जीवन जीने मजबूर है। रोजाना वाहन दलदल और तालाबनुमा गड्ढे में बीच सड़क फंस रहे हैं। इससे हाइवे में जाम भी लगना आम हो गया है। हाइवे किनारे के दुकानदार महीनों से अपने व्यापार का बेड़ागर्क होना झेल रहे हैं। अभी हाल ही में दो दिन पूर्व देर रात से दोपहर तक रेत लदे हाइवा के दलदल में फंसने से नेशनल हाइवे में मैराथन जाम लगा था।

### प्रतिबंध के बाद भी आवाजाही

दूसरी ओर हालात को बिगड़ते देख महाराष्ट्र को जोड़ने वाले इस नेशनल हाइवे में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध कर अंतरराज्यीय आवागमन को परिवर्तित किया गया है। लेकिन रुट डायवर्सन की जानकारी के अभाव में कई भारी वाहन मानपुर कस्बे में आ धमके जिनमें से कुछ वाहन के दलदल में फंसने से 20 अक्टूबर की रात कई बार जाम लगा।


### निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही

निर्माणाधीन नेशनल हाइवे में निर्माण एजेंसी ने एक साथ दोनों लेन का डामर उखाड़ दिया। वहीं निर्माण में भी काफी लेट लतीफी व लापरवाही हो रही है। बाकी दिनों में लोग धूल से परेशान रहते हैं। वहीं अब कुछ दिन से हो रही बारिश ने बिना डामर की सड़क को दलदल में तब्दील कर दिया है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही व बेहतर निर्माण में कोताही से हाल ही में महीनों तक नेशनल हाईवे में आवागमन डायवर्सन सड़क-पुल बहने से बंद रहा। अब डायवर्सन दोबारा बन भी सका तो दलदल की परेशानी आ खड़ी हुई।

### तमाशबीन सत्ता, विपक्ष और प्रशासन

ध्वस्त आवागमन व्यवस्था और कार्य एजेंसी की लावरवाहियों को देखकर भी पक्ष-विपक्ष के नेता तमाशबीन बने बने हुए हैं। दूसरी ओर कार्य एजेंसी के सामने प्रशासन भी नतमस्तक है। सवाल उठान लाज़मी है कि निर्माण एजेंसी में प्रशासनिक कारिंदों तथा सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेताओं का आखिर कौन सा आका बैठा हुआ है जिसके आगे प्रशासन व सत्ता पक्ष विपक्ष दोनो के नेता नतमस्तक होकर जनहित के इस मुद्दे पर तमाशबीन बने हुए हैं।

## राजनांदगांव में शहीदों को दी गई श्रद्धांजली




**राजनांदगांव।** रक्षित आरक्षित केन्द्र राजनांदगांव में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों की याद में शहीद दिवस परेड का आयोजन किया गया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा द्वारा इस वर्ष 2023-2024 में अपने कर्तव्य के दौरान शहीद हुए 216 अधिकारियों/पुलिसकर्मियों के नाम का वाचन किया गया जिसमें से छत्तीसगढ़ के 11 पुलिस जवानों ने राष्ट्र और समाज की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए देश के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर शहीद हुए हैं, शहीद परेड में शहीदों को सलामी दी गई साथ ही इन वीर शहीदों को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। उपस्थित शहीदों के परिवार का कुशलक्षेम लेकर शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

# रक्षित केंद्र में माना पुलिस स्मृति दिवस पुलिस अधीक्षक ने किया नामावली का वचन

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



रक्षित आरक्षी केंद्र में पुलिस स्मृति दिवस परेड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां उपस्थित जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा अमर शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल के द्वारा शहीद हुए सुरक्षा कर्मियों की नामावली का वाचन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा शहीद परिवारों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित करते हुए उनके कुशल क्षेम पुछा गया। व्ही विभिन्न शास्त्रों एवं गोला बारूदों का भी प्रदर्शनी लगाया गया था। आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं के द्वारा 100 मीटर की दौड़ लगाई गई। जिसमें प्रथम संजय पुरी, द्वितीय प्रीतम सिंह, तृतीय बंटी एवं पप्पू सिंह,बालिकाओं में प्रथम अंजिता सिंह द्वितीय जसिंता लकड़ा,तृतीय साबरेन ने प्राप्त किया। व्ही गोला फेक में प्रथम प्रीतम सिंह, द्वितीय अमन सिंह, तृतीय दीपक कुमार,ऊंची कूद में प्रथम अनिल सिंह, द्वितीय शिवम गुप्ता,तृतीय संजय पुरी, बालिकाओं में प्रथम अंकित सिंह, द्वितीय सरिता सिंह,तृतीय चमेली, लंबी कूद प्रथम राम ख्याल आयाम,द्वितीय अनिल पैकरा,तृतीय संजय पुरी, बालिकाओं में प्रथम अंकित सिंह, द्वितीय रानी बाखला, तृतीय जशीनता लकड़ा स्थान प्राप्त किया। आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में 12वीं बटालियन रामानुजगंज एवं जिला पुलिस बलरामपुर के मध्य सद्भावना क्रिकेट खेला गया, जिसमें जिला पुलिस बल की टीम विजेता एवं 12वीं बटालियन की टीम उपविजेता बने। खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम की समापन की गई। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते,कलेक्टर रीमिजियूस एक्का,जिला पंचायत सीईओ रेना जमील,मुख्य न्यायिक मैजेस्ट्रेट पंकज तिर्की,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पांडेय,भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल,जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय पैकरा, उपाध्यक्ष भानू दीक्षित, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी सहित अधिकारी कर्मचारी एवं शहीद परिवारों के लोग उपस्थित रहे।

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में सैमसंग के 400 छात्र भविष्य की तकनीकी स्किल्स में बने माहिर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



सैमसंग इंडिया के प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम, सैमसंग इनोवेशन कैंपस ने गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा के 400 छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पाठ्यक्रम का सफल समापन किया।

यह कार्यक्रम युवाओं के कौशल विकास में योगदान देकर डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूत बनाने के सैमसंग के संकल्प को दोहराता है। समापन समारोह में गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आर.के. सिन्हा, सैमसंग के अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस एक-वर्षीय प्रोग्राम के टॉपर्स को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और दिल्ली/एनसीआर में सैमसंग के केंद्रों को देखने का अवसर मिलेगा, जहां वे सैमसंग की लीडरशिप टीम से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।

इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर पर टॉप करने वाले छात्रों को सैमसंग के आकर्षक प्रोडक्ट्स भी पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन ने कहा, एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग जैसे फ्यूचर-टेक स्किल्स में युवाओं को शिक्षा देना सैमसंग की एक बड़ी योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के विकास में योगदान देना और डिजिटल इंडिया पहल को आगे बढ़ाना है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के दूसरे सत्र के तहत, सैमसंग के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम ने इस दिशा में एक कदम और बढ़ाया है, जिससे देशभर के युवाओं को महत्वपूर्ण ज्ञान और प्रशिक्षण देकर उनकी नौकरी करने की क्षमता बढ़ाई जा सके।

## प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और बेटी की हत्या के मामले में प्रधान आरक्षक तालिब शेख के परिजनों का बड़ा बयान सामने आया

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और बेटी की हत्या के मामले में प्रधान आरक्षक तालिब शेख के परिजनों का बड़ा बयान सामने आया। तालिब शेख की माँ मैमूना शमीम व बड़े भाई मोहम्मद आरिफने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की। परिजनों ने 15 दिवस के भीतर फास्ट ट्रैक कोर्ट से फांसी की सजा दिलाने की मांग की। तालिब के बड़े भाई मोहम्मद आरिफ ने दोनों मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल' को वर्ष 2024- 25 में एमसीबी जिले के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय होने के सम्मान से सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



दिल्ली 'गुरुग्राम' स्थित लीला एंबिशियस होटल में ' एजुकेशन वर्ल्ड' नामक विश्व प्रसिद्ध संस्था जो संपूर्ण विश्व में शिक्षा के क्षेत्र में दूरदर्शी विकास लाने वाले संस्था को सम्मानित करने हेतु प्रसिद्ध है, द्वारा मनेंद्रगढ़ शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय ' दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल' को वर्ष 2024- 25 में एमसीबी जिले के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय होने के सम्मान से सम्मानित किया गया।

एजुकेशन वर्ल्ड के द्वारा देश में स्कूल के बच्चों एवं अभिवाकों के लिये शिक्षा से संबंधित मैगज़ीन का भी प्रकाशन किया जाता है।' एजुकेशन वर्ल्ड छात्रों और अभिभावकों की जरूरत और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित करती है और प्रसिद्ध शिक्षाविदों की उपस्थिति में अनुसंधान और विश्लेषण संचालित कराती है।यह संस्था एक ऐसे निर्णायक प्रणाली का निर्माण करती है जिसमें छात्रों के विकास के सभी पहलुओं का मूल्यांकन किया जाता है इसमें शैक्षणिक और सह - शैक्षणिक दोनों छात्र क्षमताओं का आकलन किया जाता है जैसे- शैक्षणिक प्रदर्शन, शिक्षक गुणवत्ता, छात्रों की सहभागिता, विद्यालय का बुनियादी ढांचा एवं समग्र छात्र विकास। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल परिवार की तरफसे अवार्ड को ग्रहण करते समय विद्यालय के निदेशक एवं पूर्व न्यायाधीश वेंकटेश सिंह द्वारा कहा गया किया अवार्ड' दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल' के समर्पित स्टाफ सम्मानीय समर्थक माता-पिता और असाधारण कौशल के धनी छात्रों के सामूहिक प्रयास से विद्यालय को प्राप्त हुआ है जिसके लिए विद्यालय परिवार समस्त आदरणीय अभिभावकों एवं समर्पित छात्रों का हृदयतल से आभारी है एवम् भविष्य में भी इसी प्रकार विश्वास बनाए रखने के निवेदन के साथ शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

# 22 अक्टूबर को लाटापारा तथा आईटीआई देवभोग में कौशल पखवाड़ा शिविर

## कौंदकेरा में कौशल पखवाड़ा शिविर सम्पन्न

- युवाओं ने सिलाई, कम्प्यूटर, ड्रायविंग, ऑफिस असिस्टेंट, रिटेल सहित अन्य कोर्स में किया आवेदन

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनिकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार गरियाबंद जिले में 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत सोमवार 21 अक्टूबर को फिंगेश्वर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत कौन्दकेरा एवं आसपास के गांव के युवाओं ने सिलाई, कम्प्यूटर, ड्रायविंग, ऑफिस अस्सिटेंट, रिटेल सहित अन्य कोर्स में आवेदन किया। इस अवसर पर सरपंच गणेश डहरिया, अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति ओंकार साहू, मनोज विश्वकर्मा, मकसूदन साहू, बाबूलाल साहू, मोहन दीवान, तामेश्वर पाठक, रामबाई साहू,, शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा के प्राचार्य एम. आर. रात्रे एवं, जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक सृष्टि मिश्रा उपस्थित रहे। इसी तरह मंगलवार 22 अक्टूबर को देवभोग विकासखंड अंतर्गत लाटापारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय आईटीआई देवभोग में कौशल पखवाड़ा का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा। जिसमें 14 से 45 वर्ष तक के आयु के युवा विभिन्न कोर्स सुरक्षा गार्ड, कम्प्यूटर, नर्सिंग, ड्रायवर, सिलाई, रिटेल, ऑफिस अस्सिटेंट एवं ब्युटी पार्लर में आवासीय एवं गैर आवासीय कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकते है।

# ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड ने 66 करोड़ रुपये के एसएमई आईपीओ की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

2017 में स्थापित प्रीशियस मेटल मैन्युफैक्चरर ओबीएससी परफेक्शन लिमिटेड ने 22 अक्टूबर 2024 को अपना एसएमई आईपीओ खोलने की घोषणा की है। इसकी मेम्बरशिप ड्यूरेशन 24 अक्टूबर, 2024 को समाप्त होगी। एंकर अलॉटमेंट 21 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। एक शेयर का मूल्य 100 रुपए हैं। इस आईपीओ का लक्ष्य 6,602,400 इक्विटी शेयरों को बेचकर 66.02 करोड़ जुटाना है, जिसका मूल्य बैंड 95 और 100 प्रति शेयर के बीच तय किया गया है। एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्टेड ओबीएससी परफेक्शन, ऑटोमोटिव, डिफेंस, मरीन, टेलीकॉम सहित 8 देशों में उद्योगों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले इंजीनियर्ड प्रेसिजन मेटल कंपोनेंट की विविध रेंज के निर्माण में माहिर है। ऑफर डॉक्यूमेंट फाइलिंग के अनुसार, वर्तमान में इसकी ऑर्डर बुक और नामांकन 359 करोड़ रुपये का हैं। कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में कट ब्लैंक, शाफ्ट, स्प्लिन, टॉर्शन बार, पिस्टन रॉड और बहुत कुछ शामिल है, जो कई क्षेत्रो की जरूरतों को पूरा करता है। पुणे, महाराष्ट्र में तीन मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं और चेन्नई, तमिलनाडु में एक के साथ, ओबीएससी परफेक्शन ने वित्त वर्ष 22 से वित्त वर्ष 24 के दौरान 26% से अधिक सीएजीआर की दर से वृद्धि की है। एनएसई एसएमई पर आईपीओ में शुद्ध प्रस्ताव का 50% से अधिक हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर को, रिटेल इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर को न्यूनतम 35% और नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर को न्यूनतम 15% आवंटित किया जा रहा है। कंपनी का बढ़ता वित्तीय प्रदर्शन, 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए राजस्व में 20% की वृद्धि और 10.62% के पीएटी मार्जिन द्वारा उजागर हुआ।

# गैलेक्सी एस16 5जी 18999 रुपये में पेश : अल्ट्रा-वाइड के साथ ट्रिपल कैमरा, 6 साल के ओएस अपग्रेड के साथ अपनी रचनात्मकता को पंख लगाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी एस16 5जी लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी शुरुआती कीमत 18999 रुपये है। गैलेक्सी एस16 5जी में यूजर्स को किफायती मूल्य पर शानदार फीचर्स दिए गए हैं। यह भारत में मिड-रेंज स्मार्टफोन के लिए 6 पीढ़ियों के ओएस अपग्रेड और 6 साल के सुरक्षा अपडेट प्रदान करके एक नया मानक स्थापित करता है। सैमसंग गैलेक्सी एस16 5जी दो वैरिएंट - 8 जीबी/128जीबी और 8 जीबी/256 जीबी में गोल्ड, लाइट ग्रीन और ब्लू ब्लैक जैसे ट्रेंडी रंगों में उपलब्ध होगा। इसे आज से रिटेल स्टोर सहित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से खरीदा जा सकता है। सैमसंग गैलेक्सी एस16 5जी को स्लीक और प्रैक्टिकल दोनों तरह से डिज़ाइन किया गया है। डिवाइस की चौड़ाई सिर्फ़ 7.9एमएम है, जो अब तक का सबसे पतला मिड-रेंज गैलेक्सी एस सीरीज़ स्मार्टफोन है। शानदार 'की आइलैंड' एस्थेटिक, रिफाइंड ग्लास्टिक बैक और पतले बेज़ेल्स इसे देखने में आकर्षक बनाते हैं। अपने शानदार डिजाइन के अलावा, गैलेक्सी एस16 5जी में 5000एमएचजेड की दमदार बैटरी है, जो चलते-फिरते यूजर के लिए लंबे समय तक चलने वाली पावर बैकअप देती है। अपग्रेडेड मीडियाटेक डाइमेंशन 6300 प्रोसेसर पर चलने वाला यह फोन हाइपर-फ़ास्ट कनेक्टिविटी और सहज मल्टीटास्किंग प्रदान करता है, जो आपको गेमिंग, स्ट्रीमिंग या एप्लिकेशन के बीच स्विच करते समय एक सहज और लैग-फ्री अनुभव प्रदान करता है। इस डिवाइस में एक शक्तिशाली और वर्सेटाइल ट्रिपल कैमरा सिस्टम है, जिसमें 50 एमपी वाइड, 5 एमपी अल्ट्रा-वाइड और 2 एमपी मैक्रो लेंस है। अल्ट्रा-वाइड लेंस को विशेष रूप से लुभावने दृश्य और विस्तृत शॉट्स को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# रामलला दर्शन श्रद्धालुओं की बस को कलेक्टर अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए श्री रामलला दर्शन हेतु श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना संचालित की जा रही है इसके अंतर्गत दर्शनार्थियों को अयोध्या धाम का निःशुल्क दर्शन कराया जा रहा है शासन द्वारा प्रत्येक जिलों से चयन कर सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है इसी क्रम में आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गरियाबंद जिले से भी दर्शनार्थियों से युक्त 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। जिले के कुल 94 दर्शनार्थी रवाना हुए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। 94 श्रद्धालुओं में उनके देख-देख के लिए 4 अनुरक्षक भी शामिल है। चयनित तीर्थ यात्रियों को बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की जिला वापसी होगी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर, आदित्य लाम्बे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि विष्णुदेव साय सरकार ने श्री रामलला दर्शन के सपने को साकार किया है। सरकार की मदद से अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अयोध्या में श्री रामलला स्थापना पश्चात वहा जाने की बहुत इच्छा थी। शासन ने वहा जाने में मदद की। श्रद्धालुओं की अयोध्या जाने की इच्छा पूरी करने वाली इस योजना के लिए जिले के श्रद्धालु ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। इसी तरह अन्य श्रद्धालु ने बताया कि वह अयोध्या जाने के लिए बेहद खुश है। शासन के सहयोग से श्री रामलला दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। जो कि पूरे प्रदेश वासियों के लिए बड़ी खुशी की बात है। निशुल्क यात्रा के साथ खाने, पीने और रहने की भी व्यवस्था की गई है। इससे श्रद्धालुओं पर कोई आर्थिक बोझ भी नही बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत् श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में विलंब करने एवं लापरवाही बरतने पर ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विकासखंड वार सभी गांव में प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कार्य पूर्णता के समय सीमा की भी जानकारी ली। उन्होंने हर घर तक नल जल कनेक्शन, टंकी निर्माण, पाइपलाइन निर्माण, सोलर पंप स्थापना आदि कार्यो की गांववार जानकारी लेकर सभी कार्यो को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना है। इसके द्वारा सभी घरों में नल जल कनेक्शन दिया जा रहा है। जिससे लोगों को पीने के पानी की सुविधा घर में ही मिल रही है। कलेक्टर ने सभी विकासखण्डों में प्रगतिरत कार्यो की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में अनावश्यक विलंब करने एवं लापरवाही बरतने पर संबंधित ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिये। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माण कार्य अपूर्णता के कारण गांव में कानून व्यवस्था से संबंधित विवाद की स्थिति निर्मित होने पर संबंधित ठेकेदार पर एफआईआर कराने के भी निर्देश पीएचई के अधिकारियों को दिए। इस दौरान बैठक में कार्यपालन अभियंता पीएचई विप्लव घृतलहरे सहित सभी अनुविभागीय अभियंता एवं विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में गांवों में नलजल कनेक्शन प्रदान करने से संबंधित कार्य पूर्णता की भी जानकारी ली। ईई पीएचई ने बताया कि जिले में 108 गांव हर घर जल से प्रमाणीकृत हो चुका है। बाकी कार्यो को भी तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। कलेक्टर ने मिशन के तहत कार्यों में गुणवत्ता का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगतिरत कार्यो को तेजी से पूर्ण करते हुए गांव को हर घर जल से प्रमाणित करने जल सभा का भी आयोजन करने के निर्देश दिए। जल सभा में ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही गांव में नलजल कनेक्शन पहुंचने एवं कार्य पूर्णता होने पर उत्सव के रूप में जल त्यौहार बनाने के निर्देश दिये।

रंगोली, मेहंदी, फायरलेस कुकिंग, फैंसी ड्रेस, गन शाट जैसी स्पर्धाओं में विजेता बनने की दिखी होड़

# मराठी मेले में सुबह से ही रहा मौज-मस्ती का माहौल

- ज्वेलरी, रेडीमेड गारमेंट्स सहित सुस्वाद व्यंजनों के स्टालों में लगी रही भीड़

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





महाराष्ट्र मंडल में मराठी मेले के दूसरे दिन रविवार को सुबह 10 बजे से ही बड़ी संख्या में लोग एंजाय करने के मूड में जुटे। रंगोली, मेहंदी, फायरलेस कुकिंग, आकाशदीप बनाओ, फैंसी ड्रेस, आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी, मराठी निबंध और गन शाट स्पर्धाओं में हर आयु वर्ग के बच्चों, युवाओं और बड़ों ने आकर्षक पुरस्कार जीतने के लिए हरसंभव प्रयास किया। फिल्मी गानों के साथ कपल रैंपवाक, कुर्सी दौड़ से लेकर शाम ढ़लने तक अनेक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग थकने का नाम ही नहीं ले रही थे। सखी निवास प्रभारी नमिता शेष ने बताया कि सुबह 10 बजे से ही 'एक पौधा मां के नाम' की थीम पर आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। 17 प्रतिभाशाली प्रतिभागियों की आकर्षक रंगोलियों में से सोनल किरवई परचुरे की रंगोली सर्वश्रेष्ठ रही। स्नेहल खरे को उपविजेता और क्षिप्रा आष्टीकर की रंगोली को तीसरा स्थान दिया गया। आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले के अनुसार धार्मिक प्रश्नोत्तरी के लिए छह टीमें आमने सामने थीं। इन टीमों में से वशिष्ट टीम विजेता रही। उपविजेता गौतम एवं भारद्वाज टीम को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। कला एवं संस्कृति की उपप्रमुख अंकिता किरवई ने बताया कि मेहंदी स्पर्धा में 20 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। दो वर्गों मे हुई इस स्पर्धा में स्वर्णिमा मांजरे जूनियर वर्ग से विजेता रहीं। अक्षदा किरवई उपविजेता और दिव्यांग बालिका विकास गृह की महालक्ष्मी साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में सोनल परपुरे प्रथम, टीना सोनी द्वितीय और श्रेया तृतीय स्थान पर रहीं। शंकर नगर बाल वाचनालय प्रभारी रेणुका पुराणिक के मार्गदर्शन में हुए फायरलेस कुकिंग स्पर्धा दो वर्गों में हुई। सीनियर वर्ग से संत ज्ञानेश्वर स्कूल की शिक्षिका अपर्णा आठले ने रसमलाई बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वादिष्ट मूंगदाल भल्ला बनाकर शालिनी जोशी उपविजेता रहीं। अर्चना पराड़कर को तृतीय स्थान मिला। वहीं जूनियर वर्ग में शार्वी डोनगांवकर प्रथम, प्रनीष डोनगांवकर द्वितीय और अदिती बल्की तीसरे स्थान पर रहीं। आकर्षक वेशभूषा धारण कर महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में पहुंचे मासूम सी अभिज्ञा शुक्ला विजेता रहीं। अभिज्ञा का झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का सौम्य रूप देखने के लायक था। वहीं वीर सावरकर बने पार्थ शेष ने सभी का ध्यान खींचा और उपविजेता रहे। झांसी की रानी लक्ष्मी बाई बनीं मानुसी फडनवीस को भी सबकी वाहवाही मिली। कला एवं संस्कृति के प्रभारी सुमीत मोडक के मुताबिक आकाशदीप बनाने की स्पर्धा दो वर्गों में हुई। इनमें से जूनियर वर्ग से अक्षरा डबली प्रथम और प्रनीष डोनगांवकर द्वितीय रहे। वहीं सीनियर वर्ग से क्षिप्रा आष्टीकर का आकाशदीप सबसे लुभावना रहा। वहीं डा. शेफाली फडनवीस उपविजेता और श्रेया टल्लू तीसरे स्थान पर रहीं। साहित्य समिति की प्रमुख कुमुद लाड ने बताया कि मराठी निबंध स्पर्धा के जूनियर वर्ग में डा. सौ. साल्वटकर विजेता रहीं। सीनियर वर्ग में स्मिता मोहित चांदे प्रथम, अंजलि खेर, अनघा करकशे द्वितीय और शेफाली फडनवीस व अभय भागवतकर तृतीय रहे।

# उषा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने सफलतापूर्वक आईपीओ की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

उषा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (यूएफएसएल), एक प्रमुख आरबीआई पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी), अपनी बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए तैयारी कर रही है। यह एमएसएमई ऋण के क्षेत्र में अपनी सेवाओं का विस्तार करने की दिशा में यह एक मील का पत्थर है। हरित वित्त, और पूरे भारत में वंचित समुदायों का सशक्तिकरण। यूएफएसएल का आईपीओ 18 राज्यों और 280 जिले, जिनमें दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और अन्य शामिल हैं, इनमें 20,000 से अधिक ग्राहकों को नवीन वित्तीय समाधान प्रदान करने की अपनी क्षमता को मजबूत करने में और कंपनी को अपना पूंजी आधार बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह रणनीतिक कदम हरित वित्त, विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) वित्तपोषण में कंपनी के नेतृत्व को मजबूत करेगा, जो इसकी विकास रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ है। उषा फाइनेंशियल की सीईओ गीता गोस्वामी ने आगामी आईपीओ पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आईपीओ यूएफएसएल को वित्तीय अंतराल को पाटने और छोटे व्यवसायों, उद्यमियों को सशक्त बनाने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सक्षम करेगा। इस आय से हमें अपने परिचालन को बढ़ाने, अपने भौगोलिक पदचिह्न का विस्तार करने और प्रमुख बाजारों में अपनी ग्राहक-केंद्रित सेवाओं को बढ़ाने की अनुमति मिलेगी।

# मिशन मोड पर हो जल जीवन मिशन के काम, नल-जल की हर योजना पर बारिकी से काम करें : अरुण साव

## उप मुख्यमंत्री ने पीएचई के कार्यों की समीक्षा की, अधिकारियों को एफएचटीसी कवरेज की समीक्षा और जांच कर लोगों से फीडबैक लेने कहा




पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने सरगुजा संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सरगुजा संभाग में कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अंबिकापुर विश्रामगृह में आयोजित बैठक में सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, जल जीवन मिशन के संचालक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे और सरगुजा के कलेक्टर भोसकर विलास संदिपान भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि हर घर में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपको जो जिम्मेदारी मिली है, उसके अनुरूप सक्रियता से काम करें। जल जीवन मिशन न तो परियोजना है न ही अभियान है। यह मिशन है और हमें मिशन मोड में काम करने की जरूरत है। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर नल जल योजना पर बारिकी से काम करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री साव ने सरगुजा संभाग में जल जीवन मिशन के कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को गम्भीरता और सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम में लापरवाही और खानापूर्ति नहीं चलेगी। आम लोगों के लिए इस मिशन का जितना महत्व है, उतना ही सरकार के लिए भी है।

### शहरों के बेहतर विकास और जनहित में करें कार्य, लापरवाही की तो होगी कार्रवाई

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज सरगुजा संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में संभाग के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की प्रगति और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अंबिकापुर कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में अधिकारियों को शहरों के सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर उसके अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इंजीनियर्स के साथ बेहतर तालमेल से काम करते हुए गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सभी कार्यों को पूर्ण करने को कहा। उन्होंने विकास और जन सुविधाएं विकसित करने के कामों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में पिछले माह रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में नगरीय निकायों के संचालन, कार्य पद्धति में बदलाव और कार्यालय के रखरखाव पर दिए निर्देशों पर अमल की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आयुक्त और सीएमओ अपनी जिम्मेदारी समझें और शहरों के हित में गंभीरता से कार्य करें। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाएं। शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाएं। उन्होंने बैठक में स्थानांतरण आदेशों के पालन और जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान प्राप्त अनिराकृत आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी ली।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर सफाई, मार्ग सौंदर्यीकरण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर के विभिन्न प्रमुख मार्गो का निरीक्षण निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, संतोष पाण्डेय, ए. के. हालदार, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, पद्माकर श्रीवास, सम्बंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में किया एवं नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो में जारी मार्ग सौंदर्यीकरण कार्यों एवं सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने एसआरपी चौक शंकर नगर, शंकर नगर मार्ग, अशोका टावर चौक, महाप्रभु श्री जगन्नाथ मन्दिर प्रांगण, खम्हारडीह चौक, शंकर नगर मार्ग, रायपुरा चौक, जीई मार्ग, साइंस कॉलेज के बाजू से डीडी नगर गोल चौक रोहिणीपुरम जाने वाले बाईपास मार्ग, एम्स अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग से टाटीबंध चौक तक मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। आयुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को डीडी नगर गोल चौक जाने वाले बाईपास मार्ग को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने का कार्य प्राथमिकता से तेज गति के साथ करवाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जीई मार्ग में साइंस कॉलेज के बाजू में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के पास मार्ग मार्ग में मार्ग के दोनों ओर करवाये जा रहे सुंदर आर्ट वर्क का निरीक्षण किया। आयुक्त ने टाटीबंध जीई मार्ग में एम्स अस्पताल के सामने मार्ग विभाजक की पेंटिंग और रंगरौगन के कार्य की तेज प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जीई मार्ग में साइंस कॉलेज के समीप पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, एनआईटी परिसर, एम्स अस्पताल परिसर टाटीबंध का निरीक्षण किया। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित अधिकारियों की उपस्थिति में खम्हारडीह चौक का निरीक्षण कर मार्ग सौंदर्यीकरण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। रायपुर उत्तर विधायक और आयुक्त ने गायत्री नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था एवं मार्ग सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। रायपुर उत्तर विधायक एवं निगम आयुक्त ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ के सुप्रसिद्ध मन्दिर के प्रांगण का अधिकारियों सहित निरीक्षण कर साफ -सफाई, नगर सौंदर्यीकरण के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# बिजली कंपनियों के चयनित 375 कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र देंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में 23 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तीनों कंपनियों के लिये चयनित 375 कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जागरुकता सामग्री का विमोचन एवं हितग्राहियों के घर पर लगने वाली नाम-पट्टिकाओं का वितरण भी करेंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के 129, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 229 तथा जनरेशन कंपनी के 17 कनिष्ठ यंत्रियों का चयन प्रतियोगी परीक्षा से किया गया है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में वर्ष 2027 तक 5 लाख घरों में रूफटॉप पावर प्लांट लगाने का लक्ष्य है। इस अभियान को गति देने के लिए मुख्यमंत्री साय जनजागरूकता बढ़ाकर लक्ष्य हासिल करने पर जोर दे रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश में विद्युत विकास पर प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। इस प्रकार इस बहुआयामी आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। क्षेत्रीय एवं रायपुर-पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, रायपुर-उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर - ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू तथा धरसींवा विधायक अनुज शर्मा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम बुधवार, 23 अक्टूबर को शाम 4 बजे, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय प्रांगण, डंगनिया, रायपुर में होगा।

# कृषि विश्वविद्यालय में एग्री कार्नीवाल-2024 'यूथ कानक्लेव' आज से

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल-2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत आज 22 अक्टूबर 2024 को होगी। यह आयोजन 25 अक्टूबर तक चलेगा। राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 23 अक्टूबर को अपरान्ह 03 बजे किया जाएगा। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। राष्ट्रीय किसान मेला के दौरान प्रत्येक दिन कृषकों, छात्रों एवं आम नागरिकों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र में उगाई जा रही फसलों एवं कृषि प्रदर्शनी का भ्रमण करवाया जाएगा। प्रथम दिवस 22 अक्टूबर को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 2000 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर 20 से अधिक निजी कम्पनियों जो कि बीज, कृषि रसायन, उर्वरक के क्षेत्र में कार्य कर रही है, द्वारा चयनित विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा साथ ही रोजगार प्राप्ति की दिशा में उनके प्रतिनिधियों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# सरगुजा के सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण संबंधित 5 दिवसीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता < अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर की ओर से सरगुजा के सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण विषयक 5 दिवसीय कार्यशाला अंबिकापुर जिला पुरातत्व संग्रहालय में सरगुजा सासंद चिंतामणि महाराज के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक सरगुजा राजेश अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज, सरगुजा आयुक्त जी आर चुरेंद्र, पूर्व कुलपति शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय प्रोफेसर एल एस निगम सहित बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों से जिला पुरातत्व संघ के सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चिंतामणि महाराज ने संबोधित करते हुए सरगुजा संभाग के रामगढ़, महेशपुर, डीपाडीह जैसे अन्य पुरास्थलों की जानकारी दी तथा उपस्थित प्रतिभागियों से कहा कि इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों से सीखें और सभ्य तथा संस्कारित समाज का हिस्सा बनें साथ ही योगदान देते हुए लोगों को संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करें।

## नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि आयोग द्वारा पूर्व में जारी नगर पालिका निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ जिलों द्वारा निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार उपरांत पूर्व में दावा आपत्ति प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि 23 अक्टूबर में 1 सप्ताह की वृद्धि की गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30 अक्टूबर 2024 बुधवार अपरान्ह 3 बजे तक तथा दावे/आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख शुक्रवार 8 नवंबर 2024 निर्धारित की गई है। इसी तरह प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 08 नवम्बर 2024 तक तथा प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि मंगलवार 12 नवम्बर 2024 तक निर्धारित की गई है। इसी तरह दावे/आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर तथा परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करना बुधवार 20 नवम्बर 2024 तक, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पी.डी.एफ. मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपना शुक्रवार 22 नवम्बर 2024 तक एवं अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करना सोमवार 25 नवम्बर 2024 तक निर्धारित किया गया है तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 27 नवम्बर 2024 को किया जाएगा।

# राजनैतिक दलों के समक्ष हुआ ईवीएम-वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन के पश्चात फाईनालाईज्ड किए गये ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन में उल्लेख आईडी नंबर सहित सूची राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए सभी दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे सूची के आधार पर ईवीएम बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट का मिलान स्ट्रॉग रूम में रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए रखते समय कर सकते हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने बताया कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन कर लिया गया है। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया में रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कुल 266 मतदान केंद्र है। प्रथम रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया में 319 बीयू, 319 सीयू और 345 वीवीपैट का किया गया। मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद इसका प्रिंट निकालकर सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर कराने के बाद उन्हें इसकी प्रतियां प्रदान की गई।

# दिल्ली हॉफ मैराथन चैलेंज में बालको ने फिर लहराया परचम







पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) वीडीएचएम 'रन फॉर जीरो हंगर' चैलेंज का विजेता बना। 20 अक्टूबर तक चले वीडीएचएम अभियान में बालको ने कुल 15,27,708 लाख किलोमीटर का सफर तय किया। वेदांता समूह के विभिन्न व्यावसायिक इकाई में बालको सबसे आगे रहा। दिल्ली में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने ट्रॉफी लिया। लगभग 2 महीनों तक चले अभियान में बालको के कर्मचारी, उनके परिवारजन, व्यावसायिक साझेदार और समुदाय के सदस्यों के सामूहिक प्रयास से कंपनी ने लगातार तीसरी बार यह ट्रॉफी हासिल की। दिल्ली हाफ मैराथन के तीसरे संस्करण में 36,000 से अधिक धावकों ने 'रन फॉर जीरो हंगर' मैराथन में हिस्सा लिया। आयोजक वेदांता समूह ने संकल्प लिया है कि कर्मचारियों के प्रत्येक किमी चलने पर जरूरतमंद बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाएगा। इस वर्ष 10 मिलियन भोजन जुटाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना है। अभियान में लोगों ने अपने समाजिक दायित्व तथा खुद को फिट रखने के उद्देश्य से इसमें हिस्सा लिया। रन फॉर जीरों हंगर के अंतर्गत समूह ने कुल 10 मिलियन किलोमीटर का लक्ष्य हासिल किया।

ट्रॉफी पर खुशी जाहिर करते हुए बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार कहा कि वीडीएचएम चैलेंज में सबसे अधिक किलोमीटर तय करना, समुदाय की भलाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने 1.5 मिलियन से अधिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए बालको परिवार के सामूहिक प्रयास की सराहना की। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के समाज को वापस देने के सिद्धांत के तहत समूह द्वारा भारत भर के 14 राज्यों में संचालित लगभग 6,500 नंद घरों के बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाएगा। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा बाल विकास में योगदान देने के उद्देश्य से नंद घर परियोजना की शुरूआत की गई है। समुदाय के साथ-साथ कंपनी बच्चों के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखती है। यह कंपनी के कुपोषण मुक्त भारत बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। बच्चों के साथ-साथ समूह के एनिमल वेलफेयर प्रोजेक्ट, द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) के माध्यम से जानवरों को भी लाभ मिलेगा।

22 Oct. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO Electric Vehicle
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तों में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts
ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

KSR SYMBOL OF TRUST
KisaN The Mark of Excellence
Parryware always in fashion
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

9575261555
Vastu समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403